अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा 16
सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ 15

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाज़की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने आज नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी। दूरदर्शन और आकाशवाणी, श्रीनगर के पूर्व निदेशक नाज़की मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के मदार गांव के निवासी और कश्मीरी सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक प्रसारक तथा शिक्षक मीर गुलाम रसूल नज़क के पुत्र थे। एक कवि, नाटककार और प्रसारक के रूप में नाजकी ने अपने युवा दिनों में अपनी पहचान बनाई थी।

रिश्वत में सहायक कर आयुक्त पर केस दर्ज

मुंबई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर संबंधी एक लंबित मामले के निपटारे को लेकर एक कंपनी के निदेशक से एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक राज्य कर सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एसीबी मुंबई इकाई ने राज्य कर (जांच शाखा) के सहायक आयुक्त अर्जुन सूर्यवंशी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दो फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया।

उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश

सदन से पास होने और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बन जाएगा कानून

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) पेश किया। विधेयक के पेश होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाए। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि यूसीसी की एक्सपर्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जानी चाहिए थी और ड्राफ्ट के अध्ययन को समय मिलना चाहिए।

प्रारंभिक चर्चा के बाद 11.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर फिर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस नेता यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी ने विपक्ष को नहीं बुलाया गया, कोई सुझाव नहीं लिए। हिमाचल, यूपी से विवाह करके आए लोगों पर कौन-सा नियम लागू होगा। आर्य ने कहा कि प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही स्थगित कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया गया है। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि आदिवासी व जनजाति समाज को बाहर क्यों रखा गया। इन समुदाय की महिलाओं को विधेयक में क्यों वंचित किया गया।

भाजपा विधायकों ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि विपक्ष इसे लेकर भ्रांतियां फैला रहा है। स्पीकर ने सायं 6:35 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बुधवार को सदन में पारित होने के बाद विधेयक राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक लागू होगा
- सभी धर्मों में लड़की की विवाह की उम्र 18 वर्ष होगी
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून के दायरे से बाहर होंगी
- बहुपत्नी प्रथा समाप्त, एक पति-पत्नी का नियम सब पर लागू

भारतीय संविधान की प्रति के साथ सदन में पहुंचे मुख्यमंत्री।

विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए: कांग्रेस

कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए, ताकि उसमें सुधार किया जा सके। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधेयक को पहले प्रवर समिति के हवाले किया जाए। विधेयक के संदर्भ में संसदीय कार्यमंत्री को चर्चा करनी चाहिए थी। कहा कि एक्सपर्ट कमेटी में धर्मगुरुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए था।

बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन पर जेल

समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की रसीद के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी।

केजरीवाल के पीए, आप सांसद अन्य के परिसरों में ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली जल बोर्ड के ठेके में रिश्वत के आरोपों पर कार्रवाई
- राष्ट्रीय राजधानी में 10 से 12 परिसरों में की गई छानबीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आरोप है कि डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं से उत्पन्न रिश्वत को चुनावी फंड के रूप में आम आदमी पार्टी (आप) को भेजा गया। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई छापेमारी में ईडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता के कार्यालय तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पंकज मंगल के अलावा पार्टी से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

एनडी गुप्ता के आवास पर छापेमारी के दौरान सुरक्षाकर्मी।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'आप' नेताओं के खिलाफ छापेमारी पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश है। यह छापेमारी दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।

प. बंगाल में कई जगहों पर छापा

कोलकाता। ईडी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कोष के कथित गबन की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। सॉल्ट लेक के आईए ब्लॉक में एक पूर्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के आवास पर छापा मारा गया। झारग्राम जिले में पश्चिम बंगाल लोक सेवा के एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।

बिहार में जदयू एमएलसी की 26 करोड़ की दो अचल संपत्तियां कुर्क

नई दिल्ली। ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने बिहार में कथित अवैध रेत खनन मामले की अपनी धन शोधन जांच के तहत राज्य विधानपरिषद के सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता राधा चरण साह की 26 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियां कुर्क कीं। बिहार पुलिस ने 'ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' और अन्य के खिलाफ आईपीसी और बिहार खनिज नियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं, जिसके आधार पर निदेशालय ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया और इस गिरोह के सदस्य होने के नाते राधा चरण 'साह ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से अपराध से भारी-भरकम आय प्राप्त कर रहे थे।

ज्ञानवापी के सभी तहखानों के एएसआई सर्वे पर 15 को सुनवाई

वाराणसी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया।

रिटायर्ड डिप्टी एसपी ने गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडम्बा थानाक्षेत्र के जानकीपुरम सेक्टर-जे का मामला
- 2010 में सीओ पद से सेवानिवृत्त हुए थे कैलाश चंद्र

अमृत विचार : गुडम्बा थानाक्षेत्र अन्तर्गत सेक्टर-जे जानकीपुरम में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक (डिप्टी एसपी) कैलाश चंद्र (73) ने मंगलवार दोपहर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली से उड़ा लिया। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि, प्रथम दृष्टया डिप्रेशन के चलते आत्मघाती कदम उठाने की बात सामने आ रही है।

एडीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, मूलरूप से फर्रुखाबाद जनपद के कायमगंज के दमदमा गांव निवासी कैलाश चंद्र वर्ष 2010 में पुलिस उपाधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। साल 1992 में सड़क दुर्घटना में इकलौते बेटे की मौत हो गई थी। पुत्र वियोग के कारण कुछ वर्ष बाद पत्नी पुष्पा की भी मौत हो गई थी। जिसके बाद भांजे अंशुल को उन्होंने दत्तक पुत्र बना लिया था। भांजे की शादी पूनम से कराई थी। वह दोनों जानकीपुरम सेक्टर-जे में रहकर उनकी सेवा करते थे। एडीसीपी ने बताया कि आसपास के लोगों ने घर में अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर भांजे को सूचना दी। इसके बाद अंशुल पत्नी पूनम के साथ घर पहुंचा, लेकिन दरवाजा भीतर से बंद था। दंपति बाहर से दरवाजा खटखटाते रहे। द अंशुल ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे की फर्श पर कैलाश चंद्र का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला।

नए निर्वाचन आयुक्त के चयन को आज बैठक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति निर्वाचन आयुक्त पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए बुधवार को यहां बैठक करेगी। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में 14 फरवरी को चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद एक पद रिक्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून के मुताबिक, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों का नाम सूचीबद्ध करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी चयन समिति का हिस्सा हैं।

मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 11 लोगों की मौत

हरदा/भोपाल, एजेंसी

- 174 घायल, राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मदद राशि देने की घोषणा

मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 174 लोग घायल हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। यह घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। राज्य सरकार को लोगों की निकासी के लिए सेना के हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। नर्मदापुरम के आयुक्त पवन शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि अब तक, 174 लोगों को घटनास्थल से बचाया गया है, इनमें से 34 को भोपाल और होशंगाबाद रेफर किया गया, जबकि 140 का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिन लोगों को रेफर किया गया था उनमें से एक की मौत की सूचना मिली है और जिला अस्पताल से 10 लोगों की मौत की सूचना है।

मध्य प्रदेश सरकार ने विस्फोट की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि विस्फोट की आवाज 25 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश भर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की गईं। प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की और कहा कि वह घायल व्यक्तियों के इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घटना की जांच के लिए पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और रामू टेकाम की दो सदस्यीय पार्टी स्तरीय समिति गठित की है।

अजित पवार गुट ही असली राकांपा : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली/मुंबई। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। इसके साथ ही अजित पवार और राकांपा संस्थापक शरद पवार गुट के बीच पार्टी पर दावे को लेकर महीनों से जारी लड़ाई समाप्त हो गई है। आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किया। आयोग ने कहा कि निर्णय में ऐसी याचिका की पोषणीयता के निर्धारित पहलुओं का पालन किया गया, जिसमें पार्टी संविधान के उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और संगठनात्मक तथा विधायी दोनों में बहुमत के परीक्षण शामिल थे। आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष छूट देते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को अपने राजनीतिक दल के लिए एक नाम का दावा करने और तीन प्राथमिकताएं प्रदान करने के लिए बुधवार दोपहर तक का समय दिया। आयोग के फैसले के खिलाफ शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने यह जानकारी दी।

- निर्वाचन आयोग ने दोनों के दावों पर दिया निर्णय
- सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

एआई : मुश्किलों का सामना कर रहीं कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने कहा- कृत्रिम बुद्धिमता ने पैदा कीं कई जटिलताएं

दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस अनीश दयाल ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के आने के साथ ही अदालतें एक जटिल एवं कठिन समय का सामना कर रही हैं। इसकी वजह से जजों को उनके समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों की प्रमाणिकता पर निर्णय करने में मुश्किल हो सकती है। एसोचैम द्वारा आयोजित तीसरे आईपी उत्कृष्टता पुरस्कार और ग्लोबल आईपी कॉन्क्लेव ''एनविजनिंग इंडियाज आईपीः इनोवेशन इकोसिस्टम फॉर विकसित भारत'' में जस्टिस दयाल ने कहा, "एआई आने के साथ हम एक बहुत ही दिलचस्प, जटिल और कठिन समय की दहलीज पर खड़े हैं, जहां हो सकता है कि हम उन सबूतों पर विश्वास नहीं कर पाएं, जो हमारे सामने प्रस्तुत किए गए हैं।' एसोचैम द्वारा जारी एक बयान में न्यायमूर्ति दयाल के हवाले से कहा गया है कि बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रभाग की स्थापना आईपी अधिनिर्णय में एक पूरी तरह से नया युग था, क्योंकि बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड (आईपीएडी) को 2021 में समाप्त कर दिया गया था। जस्टिस दयाल ने कहा, '28 फरवरी, 2022 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लंबे समय से जारी अस्पष्टता को समाप्त करते हुए पहले बौद्धिक संपदा प्रभाग की स्थापना की।

परीक्षा में धांधली पर 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माना

लोक परीक्षा विधेयक-2024 को लोकसभा की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।

उन्होंने कहा कि यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं। सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। सिंह ने पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा।

कानून के दायरे में ये परीक्षाएं

विधेयक में कहा गया है कि प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना, सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना, किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी।

जल संशोधन विधेयक को मिली रास में मंजूरी

नई दिल्ली। राज्यसभा ने मंगलवार को जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान करने वाले जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए।

भारत-म्यांमा की 1,643 किमी सीमा पर लगेगी बाड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- उग्रवादियों की घुसपैठ रोकने को लिया फैसला, अमित शाह ने दी जानकारी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि सरकार ने 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। यह कदम भारत-म्यांमा सीमा पर प्रचलित 'मुक्त आवाजाही व्यवस्था' को समाप्त कर सकता है। एफएमआर के तहत भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति दी जाती है।

1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, जहां एफएमआर लागू है। इसे 2018 में भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के हिस्से के रूप में लागू किया गया था। सीमा पर बाड़ लगाना इंफाल घाटी के मेइती समूहों की लगातार मांग रही है, जो आरोप लगाते रहे हैं कि आदिवासी उग्रवादी अक्सर खुली सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश करते हैं। मेइती समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

माध्यमिक स्कूलों में 11,094 शिक्षकों की होगी भर्ती

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि माध्यमिक स्कूलों में खाली पड़े 11094 शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा 426 प्रधानाचार्य और 11 लाईब्रेरियन भी नियुक्त किए जाएंगे। जबकि 3132 अनुसेवक आउटसोर्सिंग से रखे जाएंगे। अपना दल (कमेरावादी) से विधायक पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक, लाइब्रेरियन, प्रधानाचार्य, अनुसेवक के रिक्त पदों की भर्ती होगी। इसमें प्रवक्ता पुरुष 2540 और महिला 1412, सहायक अध्यापक 4771 और सहायक अध्यापिका 2371 पद शामिल हैं। लाइब्रेरियन के 11 और प्रधानाचार्य के 426 पदों पर भर्ती की जाएगी। शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सीधी भर्ती के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को भेजा गया है। राजकीय इण्टर कालेजों में लाइब्रेरियन पदों हेतु नई नियमावली प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप्र शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा नियमावली-1992 समूह 'ख' के अन्तर्गत प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को प्रेषित किया गया है।

चुनाव से पहले 'उद्योग' प्रदेश की कठिन परीक्षा देगी योगी सरकार

7.5 लाख करोड़ के निवेश से 10,441 उद्योग क्रियान्वयन के लिए तैयार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम मोदी ने दी आने की सहमति

अमृत विचारः रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कलियुग में राम राज्य का मनमोहक सपना दिखाता बजट भी आ गया। जनआकांक्षाओं पर आशंकाएं गिनाता विपक्ष का शोर भी शुरू हो गया है। मगर, योगी सरकार पहली परीक्षा लोकसभा चुनाव से पहले उद्योग प्रदेश के दावे की होने जा रही है। इसी फरवरी माह में भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतारने का लक्ष्य है, हालांकि 7.5 लाख करोड़ निवेश से 10 हजार 441 उद्योग क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। इस आयोजन में वही सख्शियत अमित रंग भरने आ रहे, जिन्होंने कुछ दिन पहले ही अयोध्या में मेरे राम आ गए.. का बिगुल बजाया था।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने की सहमति दे दी है। अब इसी माह के आखिरी पखवारे में कार्यक्रम को लेकर पीएमओ भेजी गई संभावित तिथियों में कोई एक अपनी सुविधानुसार मोदी तय करेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जिस अभिभाषण और योगी सरकार के बजट पर मंगलवार को विपक्ष के प्रहारों को सत्ता पक्ष निष्फल करने में जुटा है, उसकी पहली चुनौती चंद कदम ही दूर है। राज्यपाल के अभिभाषण में कहा गया था कि पिछले साल इसी महीने में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

बजट में भी उद्योग प्रदेश बनाने के लिए सरकार ने खजाना खोलने का दावा किया है। एफडीआई के साथ ही फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इण्डिया 500 कम्पनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए भी 400 करोड़, गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए 2057 करोड़ 76 लाख, स्टेट हाईवे के लिए 2881 करोड़, सड़कों के मेंटेनेंस के लिए 3000 करोड़, पुलों और आरओबी के लिए 3850 करोड़, अयोध्या एयरपोर्ट का विस्तार और जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था करके आधारभूत ढांचा सजा रही है।

उप्र. औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के जरिए एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य उद्योग प्रदेश से ही पूरा होना है। पिछड़े इलाके पूर्वांचल, बुंदेलखंड, अवध आदि क्षेत्रों तक प्रगतिशील, नवीन और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करके सरकार उन सवालों का जबाव भी दे रही है कि नोएडा और गाजियाबाद के बाद अन्य जिलों में अब बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे। इसी कड़ी में डिफेंस कॉरीडोर के 6 नोड्स में से 3 नोड्स का आवंटन पूर्ण हो चुका है।

15 से 25 के बीच भूमि पूजन

यूपी में उद्योगों का भूमि पूजन समारोह की पहली संभावित तिथि 15 फरवरी है। हालांकि आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान को 25 फरवरी तक शादी के लिए बुकिंग से सरकार ने मना कर रखा है। इससे तय है कि मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 15 से 25 के बीच कोई तिथि फाइनल हो सकती है। सरकार तीन दिवसीय समारोह के लिए करीब तीन हजार निवेशकों को भी आमंत्रित करने की तैयारी कर चुकी है। सरकार का लक्ष्य भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारना है।

पहले इन्वेस्टर्स समिट के निवेश को धरातल पर उतारने में लगे कई वर्ष

राज्य सरकार ने 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में 4.28 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसे धरातल पर उतारने के लिए तीन ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी हुई। पहला ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 2018 में लगभग 61 हजार करोड़ के निवेश की 81 परियोजनाएं, 2019 में दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के जरिए 65 हजार करोड़ के निवेश की 250 से आधिक परियोजनाएं और 2022 में तीसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से 80 हजार करोड़ के निवेश की 1400 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। अब 2023 की 40 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल तक पहुंचाने में सरकार कितना समय लेगी, भविष्य बताएगा।

एनडीए में शामिल हो सकती है रालोद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ रिश्तों को प्रगाढ़ कर रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के राजनीतिक साथी रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी सपा से नाता तोड़ने की फिराक में हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में भाजपा की हैट्रिक रोकने की तैयारी में जुटे इंडिया गठबंधन को इस बार उप्र. से बड़ा झटका लग सकता है। सूत्रों के अनुसार जयंत चौधरी एनडीए में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक भजपा की तरफ से रालोद को कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा से अपने उम्मीदवार देने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, सपा की मंशा मुजफ्फरनगर, कैराना, बिजनौर लोकसभा सीटों पर रालोद सिंबल पर अपने उम्मीदवार खड़े करने की थी। इसी के चलते दोनों दलों के बीच दूरियां बए.सकती हैं।

दरअसल, पूर्व में जयंत चौधरी और अखिलेश यादव की लखनऊ में हुई मुलाकात के बाद सात सीटों पर हुए समझौते की बात सामने आ चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा ने आरएलडी को जिन चार सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की है, उसमें कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा शामिल है। वहीं सूत्रों के अनुसार, सपा ने कैराना, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में प्रत्याशी अपना और निशान आरएलडी का रहने की शर्त रखी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा और आरएलडी के बीच गठबंधन टूटने की यह बड़ी वजह हो सकती है।

अटकलें हैं, रालोद अपनी जगह अडिगः त्रिलोक त्यागी

रालोद के प्रधान महासचिव त्रिलोक त्यागी का कहना है कि जब भी चुनाव आता है इस तरह की अटकलें शुरू की जाती हैं और हर बार विरोधियों को मुंह की खानी पड़ती है। चार महीने पहले भी इस तरह के गठबंधन की चर्चा शुरू की गईं थी। इस तरह के दावों में कोई दम नहीं है। रालोद अपनी जगह अडिग है।

बेसिक स्कूलों में 85,152 पद खाली, भर्ती का प्रस्ताव नहीं

बेसिक शिक्षा मंत्री के जवाब से कई वर्षों से सुपरटेट का इंतजार कर रहे युवाओं को झटका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मंत्री ने कहा, परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों से छात्र-शिक्षक अनुपात दुरुस्त

अमृत विचारः बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में खाली पदों की संख्या 85 हजार 152 है, लेकिन सरकार के पास अभी तक इन पदों पर भर्ती का कोई प्रस्ताव नहीं है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के इस जवाब से टेट और सीटेट करके सुपरटेट की परीक्षा के जरिए शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को झटका लगा है। मंत्री ने यह भी तर्क रखा है कि परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों के जरिए 21 बच्चों पर एक अध्यापक का अनुपात भी दुरुस्त है।

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्न प्रहर के दौरान सपा विधायक अनिल प्रधान और अभय सिंह के अगल-अलग सवालों के जबाव में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत पद 4,17,886 के सापेक्ष प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85,152 पद रिक्त हैं। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित छात्र संख्या 1,05,06,379 हैं, और कार्यरत अध्यापकों की संख्या 3,32,734 है। इस प्रकार छात्र-शिक्षक अनुपात 31:1 (31 छात्र पर एक शिक्षक) है। मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्रों की संख्या 1,47,766 को सम्मिलित करते हुए छात्र-शिक्षक अनुपात 21:1 है, जो मानक के अनुसार पूर्ण है।

एक अन्य सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात पूरा है, अभी शिक्षक भर्ती का कोई प्रस्ताव या प्रक्रिया विचाराधीन नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षामित्र और अनुदेशक दोनों पढ़ाई में सहयोग करते हैं। विभाग में अंशकालिक अनुदेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापकों को मिलाकर वर्तमान में शिक्षकों की संख्या 6,28,915 है। अनुपात पूरा है, और पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं है। एक पूरक प्रश्न के जवाब में संदीप सिंह ने यह भी कहा कि उनकी सरकार में 2017 से लेकर अभी तक 1,26,371 नये शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। डॉ हृदय नारायण सिंह के 69 हजार शिक्षक भर्ती में कोर्ट के आदेश को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने आदेशानुसार कार्यवाही की बात कही।

बेसिक शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा बीमा पर सरकार की नाः सपा विधायक डॉ रागिनी और त्रिभुवन दत्त ने सवाल पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को चिकित्सीय इलाज हेतु कैशलेश हेल्थ इन्श्योरेन्स से आच्छादित करने हेतु कोई योजना है, तो सरकार ने नहीं में जवाब दिया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद एक निगमित निकाय है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी का संवर्ग परिषदीय है और चिकित्सा अनुभाग-6 के आदेश संख्या-2257/5-6-11-1082/87, दिनांक 20 सितम्बर, 2011 के प्राविधानानुसार कैशलेश चिकित्सा की सुविधा केवल राज्य कर्मचारियों को अनुमन्य की गयी है।

परिषदीय स्कूलों में सुरक्षाकर्मी रखने से इंकार

सपा विधायक त्रिभुवन दत्त के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सुरक्षा कर्मी का पद सृजित नहीं है। परिषदीय विद्यालयों में बढ रही चोरी की घटनाओं के रोकथाम के लिए पुलिस विभाग से निगरानी कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

हिंदी माध्यम से 12,279 स्कूल हुए अंग्रेजी

सपा विधायक पिंकी यादव के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि विगत पांच वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन हिन्दीय माध्यमम के 12279 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर संचालित किया जा रहा है। समस्ता 12279 विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने हेतु 6870 प्रधानाध्याकपक एवं 40271 सहायक अध्यासपक तैनात हैं।

मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, साथ में अन्य सदस्य।

विपक्ष जनता की भावनाओं का करे सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राज्यपाल के अभिभाषण पर ऊर्जा मंत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया

अमृत विचारः ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विपक्ष को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से लेकर अब तक में पूरा देश राममय हो गया है, लेकिन विपक्ष अभिभाषण के दौरान सदन में गो-बैक के नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राज्यपाल ने अभिभाषण के दौरान कहा कि अयोध्याधाम अपने त्रेतायुगीन वैभव के साथ नगरीय विकास और सम्पन्नता का एक मॉडल बनकर उभरा है। राज्यपाल का अभिभाषण विपक्ष को रास नहीं आया। कुछ लोगों को राम के नाम और राम मंदिर से ही आपत्ति है, उन्हें बता दें कि राम से राम का नाम और उनके धाम को अलग नहीं किया जा सकता, फिर भी कुछ लोग अयोध्या जाने से डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम में जिन्हें श्रद्धा नहीं थी, वे मथुरा में जाकर ही कुछ कर देते। हम लोगों ने आस्था में विश्वास किया, देश की आर्थिक प्रगति में विश्वास करते हैं, पुरातन संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं को अपनाते हुए, इसका संवर्धन करते हुए देश का विकास कर रहे हैं।

एक जाति, एक परिवार की है समाजवादी पार्टी

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में सपा पर किया सीधा हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधानसभा की कार्यवाही के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य सदस्य।

अमृत विचारः विधानसभा की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को नौकरियों में आरक्षण को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल की प्रतियां फाड़ने और प्रोन्नति में आरक्षण का विरोधी करार देते हुए समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा एक जाति, एक परिवार की पार्टी है। सपा ने पूर्व में जो पाप किए, उसे ये अब धो रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सपा पर केवल अखबार में छपने के लिए मुद्दे उठाने का आरोप लगाते हुए इसे 'छपासू रोग' की संज्ञा दी। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर विरोध प्रकट किया।

इससे पहले सपा के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने भी उप मुख्यमंत्री के कथनों को जैसे ही लफ्फाजी बताया, सत्तापक्ष के सदस्य विरोध में उठ खड़े हुए और वर्मा से यह बयान वापस लेने का दबाव बनाने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी हस्तक्षेप करते हुए ऐसी टिप्पणी न करने का सुझाव दिया। लालजी वर्मा ने ही कार्य स्थगन प्रस्ताव के तहत पीजीआई, लोहिया समेत चिकित्सीय संस्थानों में नियुक्तियों में आरक्षण पर खड़े किए थे।

इस बीच वित्तमंत्री सुरेश खन्ना उठ खड़े हुए और विपक्ष पर लगभग भड़कते हुए बोले, लफ्फाजी आप लोग कर रहे हैं। प्रोन्नति में आरक्षण किसने खत्म किया? आप लोग विषय से हटकर बात कर रहे हैं। बाद में सपा के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर सांकेतिक विरोध प्रकट किया और कुछ ही पल में वापस आ गए।

इससे पूर्व ब्रजेश पाठक ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा था कि, मैं जब सांसद था तो लोकसभा महिला आरक्षण बिल की प्रति सपा ने मेरे सामने ही फाड़ी थी, मैं गवाही दे सकता हूं। पाठक के मुताबिक, एक जाति और एक परिवार की पार्टी सपा आरक्षण विरोधी है जिसे मात्र अखबारों में छपने का शौक है। उप मुख्यमंत्री ने बाद में विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर सपा सदस्य के सवाल का स्पष्ट जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने कमेटी गठित की है और आरक्षण नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाएगा, इसमें संदेह नहीं।

जिसे मंदिर देखना हो चले, आगे मस्जिद के लिए भी चलेंगे

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में स्पष्ट किया कि, राम मंदिर की ही तरह विधायकों के साथ भविष्य में मस्जिद (प्रस्तावित) देखने चलने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही उन्होंने साफ किया कि मैंने कहा है कि, रामलला दर्शन को अयोध्या जो जाना चाहें जाएं। दरअसल, विधानसभा में आरक्षण पर सत्तापक्ष और विपक्ष की तीखी नोकझोक के बाद सपा सदस्य इकबाल महमूद ने पीठ से रामलला की तर्ज पर विधायकों को वह स्थान भी दिखाने की गुजारिश की जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद बनना प्रस्तावित है। सपा सदस्य ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि अगर सभी विधायकों को आप साथ अयोध्या ले जाकर दर्शन कराना चाहते हैं तो वहीं कुछ दूरी पर वह स्थान भी जहां राम मंदिर की ही तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद निर्माण के लिए स्थान सुरक्षित किया गया है। सपा सदस्य ने अपनी इस अपील के पीछे सामाजिक सद्भावना, एकता का हवाला दिया। इस पर महाना ने कहा कि आगे जब मस्जिद कमेटी कहेगी तो हम वहां भी चलेंगे।

विधायकों को लेकर अयोध्या जाने वाली बस में विधानसभा अध्यक्ष भी रहेंगे मौजूद

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने विधानसभा के सभी सदस्यों को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आमंत्रित किया है। इसके लिए 11 फरवरी का दिन तय हुआ है। विधानभवन से अयोध्या तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदस्यों को इसकी जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सभी दलों के सदस्यों को 11 फरवरी, रविवार के दिन अयोध्या धाम चलने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दलीय नेताओं ने अयोध्या ले चलने का अनुरोध किया था। सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव ने भी कहा था कि अध्यक्ष जी ले जाएंगे तो हम लोग चलेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को बताया कि, 11 फरवरी को सभी सदस्य प्रातः आठ बजे यहां विधानभवन परिसर में आ जाएंगे और हम सभी लोग एक साथ चलेंगे। अपनी-अपनी पत्नियों को भी साथ ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बसों की व्यवस्था है, मैं भी साथ रहूंगा।

निर्धारित हुआ पूरा कार्यक्रम

विधायकगण अयोध्या धाम में साढ़े 11 बजे पहुंचकर पहले हनुमानगढ़ी का दर्शन करेंगे। उसके बाद साढ़े 12 से दो बजे तक राम लला के दर्शन करेंगे। दो बजे से तीन बजे तक दोपहर भोजन की व्यवस्था वहीं की गई है और फिर वहां से सवा तीन बजे बस से ही सभी सदस्य लखनऊ वापस आएंगे। महाना के मुताबिक, जो भी सदस्य दर्शन करना चाहते हैं वे निर्धारित तारीख को समय पर विधानभवन में आ जाएं।

विपक्ष ने गिनायीं सरकार की कमियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचारः राज्य विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर तीखी प्रतिक्रिया प्रकट की। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने अभिभाषण की प्रशंसा की तो विपक्षी सदस्यों ने खामियां गिनाते हुए संशोधन का प्रस्ताव रखा। इस दौरान कई सपा सदस्य अभिभाषण में राम मंदिर का जिक्र करने को लेकर प्रतिक्रिया देने में असमंजस में दिखे। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण की सराहना तो की, लेकिन भाजपा सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कटघरे में भी खड़ा करने का प्रयास किया।

सपा सदस्य कमलाकांत राजभर ने कहा कि अभिभाषण में उप्र. की सही तस्वीर नहीं नजर आ रही। लगातार अपराध बढ़ रहा है। बेटियों पर अत्याचार की घटनाओं में इजाफा हुआ है। उन्होंने राजभर समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग भी की।

भाजपा सदस्य रामफेरन पांडेय ने सदन में कहा कि सपा सरकार में रामभक्तों पर गोलियां चलवाई गयी थीं। इन कर्मों का फल अब इनको मिल रहा है। इनको राम मंदिर रास नहीं आ रहा। इनका पीडीए छलावा है। सपा सदस्य शाहिद मंजूर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोध्या मामले का निराकरण करने की उनको खुशी है। हालांकि इसे वोटों में तब्दील करने का काम भाजपा कर रही है।

बदलापुर से भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि विपक्ष के 14 सदस्यों ने राम मंदिर का विरोध कर इतिहास के काले पन्नों पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। विरोध करने वालों का अपने ही घर में घुसना, खाना-पीना बंद हो जाएगा। भाजपा सदस्य मुकेश चौधरी ने कहा कि हम हर काम में पहले राम का नाम लेते हैं।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने मेरे क्षेत्र में 10 वर्ष से बंद चल रही तीन चीनी मिलों को शुरू कराया, जिससे किसान खुशहाल हो रहा है। विपक्ष से बोले कि आपने माफिया को संरक्षण दिया, सरकार ने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। इसके अलावा महेश त्रिवेदी, डॉ. राकेश कुमार वर्मा, स्वामी ओमवेश, श्रीराम चौहान समेत तमाम सदस्यों ने अभिभाषण पर अपने विचार रखे।

राम के समर्थन में हाथ उठाया थाः स्वामी ओमवेश

समाजवादी पार्टी के विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के भक्त हैं, वह कभी राम का विरोध नहीं कर सकते हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से राम मंदिर के बधाई प्रस्ताव के विरोध में शामिल विधायकों में से उनका नाम हटाने का आग्रह किया। दरअसल, कि विधानसभा में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पीएम मोदी के नाम बधाई प्रस्ताव पर हुई वोटिंग में स्वामी ओमवेश सहित सपा के 14 विधायकों ने प्रस्ताव के विरोध में हाथ खड़ा किया था। मंगलवार को खबरें प्रकाशित होने के बाद सपा विधायकों को क्षेत्र में नाराजगी का भय सताने लगा। स्वामी ओमवेश ने सदन में कहा वह प्रतिदिन हवन के बाद जयश्रीराम का नारा भी लगाते हैं। मैंने, बधाई प्रस्ताव के विरोध में नहीं बल्कि समर्थन में हाथ खड़ा किया था।

कमेटी की रिपोर्ट के बाद तय होगा शिक्षामित्रों का मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की कर रहे मांग, नहीं हो पाया निर्णय

अमृत विचारः शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने पर शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, उसकी रिपोर्ट के बाद ही मानदेय में बढोत्तरी तय होगी।

सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने सवाल किया था कि क्या बढ़ती मंहगाई के मद्देनजर प्राथमिक स्कूलों में तैनात शिक्षा मित्रों का मानदेय 40 हजार रुपये प्रतिमाह करने का सरकार विचार करेगी, जवाब में मंत्री ने कहा कि विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या- 32599/2015 उ0प्र0 राज्य व अन्य बनाम आनन्द कुमार यादव में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 25-07-2017 के अनुपालन में शासनादेश संख्याः 1928/79-5-2017-282/98 दिनांक 20 सितम्बर, 2017 द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 प्रतिमाह से बढ़ाकर 10000 प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। बताया कि शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार सरकार निर्णय लेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश के शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं पर अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया गया है।

संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारी नहीं होंगे स्थायी

सपा के डॉ. संग्राम यादव, डॉ. हृदय नारायण सिंह पटेल और अनिल कुमार ने संविदा कर्मियों को विनियमित किये जाने के संबंध सवाल उठाया। मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग के रूप में कार्यरत कार्मिकों को स्था यी करने की कोई नीति नहीं है। सर्विस प्रोवाइडर के माध्यतम से लिए जाने वाले कर्मी राज्य सरकार द्वारा नियुक्तो कर्मी नही हैं।

खेलों में पदक विजेता अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की होगी सीधी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विभिन्न विभागों के अन्तर्गत चिन्हित किए गए हैं 24 पद

अमृत विचारः राज्य सरकार ने प्रदेश के पदक विजेता अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सीधी भर्ती को लेकर सरकार ने कुल नौ विभागों में 24 पदों की व्यवस्था की है। सरकार की ओर से इसकी पूरी जानकारी मंगलवार को विधानसभा में दी गई।

सपा विधायक ई. सचिन यादव ने कुशल खिलाड़ियों की नियुक्ति को लेकर सरकार से योजना जाननी चाही तो, सरकार की ओर कहा गया कि इसके लिए खेल विभाग ने उप्र अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली- 2022 के अन्तरगत अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति प्रदान किये जाने हेतु विभिन्न विभागों के अन्तर्गत 24 पद चिन्हित किये हैं। बताया गया कि ग्राम विकास विभाग से खंड विकास अधिकारी के चार पद, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के एक पद, माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक के दो पद, गृह विभाग में उपाधीक्षक के सात पद, पंचायती राज विभाग में जिला पंचायतीराज अधिकारी के दो पद, युवा कल्याण विभाग में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के दो पद, परिवहन विभाग में यात्रीकर/मालकर अधिकारी के दो पद, वन विभाग में क्षेत्रीय वन अधिकारी के दो पद और राजस्व विभाग में नायब तहसीलदार के दो पद शामिल हैं।

सदन में केतकी सिंह के खिलाफ सपा का विरोध

अमृत विचार, लखनऊः राज्य विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर भाजपा विधायक केतकी सिंह ने विवादित टिप्पणी कर दी। इससे क्षुब्ध होकर सपा विधायकों ने केतकी सिंह के खिलाफ सदन में ही विरोध जताना शुरू कर दिया।

हंगामा करते हुए सपा विधायक वेल में आ गए और केतकी सिंह के बयान को सभा की कार्यवाही से निकालने की मांग की। उन्होंने केतकी सिंह से भी माफी मांगने के लिए कहा। बाद में विस अध्यक्ष सतीश महाना के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। उन्होंने केतकी सिंह के बयान को कार्यवाही से हटाने का आश्वासन दिया।

विधान परिषद में भी गूंजा शिक्षामित्रों का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः विधान परिषद में मंगलवार को शिक्षा मित्रों के उचित मानदेय न दिये जाने का मुद्दा गूंजा। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।कार्यस्थगन प्रस्ताव के तहत सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ मान सिंह यादव, अशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, मोहम्मद जासमीर अंसारी व शाहनवाज खान ने शिक्षा मित्रों को उचित मानदेय दिये जाने की मांग उठाई।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुॅवर मानवेंद्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही, बसपा के भीमराव आंबेडकर ने प्रदेश में वर्ष 2018 की 68,500 शिक्षक भर्ती में ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाए जाने की मांग उठाई। सरकार ने सदन को तथ्यों की जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्दलीय सदस्य राजबहादुर सिंह चंदेल व डॉ आकाश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के अधिकारियों की ओर से जनप्रतिनिधियों के प्रति प्रोटोकाल का पालन न करने, उनके भ्रष्टाचार में लिप्त होने व मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण प्रस्तुत न करने का मुद्दा उठाया। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिया।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोन: 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एसबीआई मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले - 10:00 बजे।
- चक गंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन - 11:00 बजे।

एक नजर

बायोमार्कर से गॉल ब्लेडर कैंसर की होगी सटीक पहचान

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पैथोलॉजी विभाग की डॉ. प्रीति अग्रवाल के निर्देशन में गॉल ब्लेडर के कैंसर की पहचान करने वाला बायोमार्कर खोजा गया है। इसकी मदद से बीमारी की सटीक पहचान होगी। इस शोध पत्र को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च इन मेडिकल साइंसेज ने मान्यता दी है। डॉ. प्रीति अग्रवाल ने बताया कि गॉल ब्लेडर कैंसर के 83 मरीजों के खून के नमूने लेकर जांच की। इनके खून में एंटीजन सीए 19.9 और सीए 242 दोनों का स्तर काफी बढ़ा हुआ था। इसके आधार पर रोगियों में कैंसर की पहचान का नया बायोमार्कर बनाया है। इससे एंटीजन स्तर के आधार पर रोगियों के गॉल ब्लेडर कैंसर का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने योगी को दिया निमंत्रण

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को श्री कल्कि धाम समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुलाकात के बाद कृष्णम ने कहा कि अब इंडी गठबंधन जैसी कोई चीज नहीं है। गठबंधन का जैसे ही जन्म हुआ, वैसे ही वह बहुत बीमारियों से ग्रस्त हो गया, आईसीयू में चला गया और फिर वेंटिलेटर पर आ गया। बाद में नीतीश कुमार ने इसका पटना में अंतिम संस्कार कर दिया। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री कल्कि धाम समारोह में शामिल होंगे।

शहर को 583 करोड़ की योजनाओं की सौगात देगा एलडीए

राष्ट्र प्रेरणा स्थल, यूपी दर्शन पार्क सहित अन्य योजनाएं जल्द होंगी पूरी, उपाध्यक्ष ने अधिकारियों की बनाई टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर को 583 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देगा। एलडीए बसन्तकुंज योजना में 65 एकड़ में बन रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल, 2,500 प्रधानमंत्री आवास व यूपी दर्शन पार्क सहित अन्य परियोजनाएं जल्द पूरी करेगा।

परियोजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को अधिकारियों व अभियंतायों के साथ बैठक की। जिसमें समस्य कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे कराने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने सचिव व अपर सचिव की अध्यक्षता में अधिकारियों की टीम गठित की है। यह टीम क्षेत्र पर उतरकर निर्माण, विकास व हॉर्टीकल्चर के कार्यों को अपनी निगरानी में पूरा

एलडीए सभागार में परियोजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करते उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

कराएगी।

उपाध्यक्ष ने बताया कि बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-जे में 117.91 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्र प्रेरणा स्थल विकसित किया जा रहा है। जिसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बसन्तकुंज के सेक्टर आई में 162.04 करोड़ रुपये की लागत से 2,500 भवनों का निर्माण, ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत 33.98 करोड़ रुपये की लागत से गऊ घाट पर सेतु का निर्माण तथा 84 करोड़ रुपये से आईआईएम रोड से हर्डिंग ब्रिज तक बंधे व सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा लगभग 15.58 करोड़ रुपये से बटलर पैलेस झील, काला पहाड़ झील व एल्डिको उद्यान झील के संरक्षण व सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। 2.35 करोड़ रुपये से सीजी सिटी में लगभग 37 एकड़ में वेट लैंड विकसित किया जा रहा है।

- उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों के साथ बैठक करके सभी परियोजनाओं को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के लिए लविप्रा सचिव की अध्यक्षता में गठित की गई कमेटी
- अपर सचिव के नेतृत्व में गठित अधिकारियों व अभियंताओं की टीम राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर निर्माण, विकास एवं हॉर्टीकल्चर के कार्यों की करेगी निगरानी
- समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरे करने के दिए निर्देश

यूपी दर्शन पार्क
सांस्कृतिक व वास्तुकला विरासत की झलक

स्मार्ट सिटी के तहत एलडीए ने गोमती नगर में 10.5 एकड़ क्षेत्रफल में यूपी दर्शन पार्क विकसित किया है। 10.14 करोड़ से तैयार किए गए पार्क में लगभग 350 टन वेस्ट मेटीरियल से 2डी व 3डी मूर्तियां व स्मारक निर्मित किए गए हैं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। हेरिटेज जोन में 2.37 करोड़ रुपये से सीनियर सिटीजन पार्क, 4.64 करोड़ रुपये से हैप्पीनेस पार्क व चार करोड़ से फैरग्रेंस पार्क विकसित किया जा रहा है। हुसैनाबाद क्षेत्र में छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, नौबतखाना, रूमी गेट, क्लॉक टॉवर, दर्शन विलास व गुलिस्ता–ए–इरम में आकर्षक फसाड लाइटिंग का कार्य अंतिम चरण में है।

सत्येंद्र सिवाल को कोर्ट ने 10 दिनों की रिमांड पर भेजा

अमृत विचार, लखनऊ : पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर पैसों के बदले गोपनीय सूचनाएं देने के आरोपी सत्येंद्र सिवाल को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने विवेचक के अनुरोध पर 10 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश दिया है। पुलिस कस्टडी रिमांड अवधि 7 फरवरी को प्रात: 10 बजे से 16 फरवरी को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी। फर्स्ट पुलिस रिमांड अर्जी को प्रस्तुत कर अदालत को बताया गया कि आरोपी को 3 फरवरी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था।

तौहीदुरर्हमान को पांच साल की सजा

अमृत विचार, लखनऊ : फर्जी पहचान पत्र बनाकर देश में छुपकर रहने वाले बांग्लादेश के प्रतिबंध आतंकी संगठन जमातउल मुजाहिदीन के सदस्य तौहीदुरर्हमान उर्फ फजर अली को एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने 5 वर्ष के कठोर कर आवास एवं 17 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। एटीएस की ओर से अदालत को बताया गया कि एटीएस के उपनिरीक्षक प्रेम कुमार ने मेरठ यूनिट में 20 जुलाई 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

कर्मचारियों का पारिवारिक ब्योरा तैयार कराएगा नगर निगम

गोपाल सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : मृतक आश्रितों की नियुक्ति में विवाद और मुकदमेबाजी से बचने के लिए नगर निगम अपने नियमित कर्मचारियों का पारिवारिक ब्योरा तैयार कराएगा। पहले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से शुरुआत की जाएगी।

इसके बाद अन्य विभागों के कर्मचारियों का भी परिवार रजिस्टर तैयार कराया जाएगा। डाटा वेरिफिकेशन कराने के बाद रजिस्टर का डिजिटाइजेशन भी कराया जाएगा। कम्प्यूटर के डाटा में कोई छेड़छाड़ न कर सके इसलिए एक हार्ड कॉपी नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य लेखा परीक्षक, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी के पास भी रहेगी।

- स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से होगी शुरुआत
- मृतक आश्रित की नियुक्ति में विवाद होगा खत्म
- कर्मचारी के परिवार के सदस्यों का रिकार्ड किया जाएगा फीड
- नगर आयुक्त, सीएफओ सहित नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पास रहेगा रिकार्ड

कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक सिजरा के आधार पर पात्र आश्रित को नौकरी दी जाएगी। दो महीने में यह काम पूरा हो जाएगा।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति में होता है विवाद : नगर निगम में 1,900 नियमित और 850 संविदा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात हैं। कर्मचारियों की मृत्यु के बाद नियुक्ति में अक्सर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नौकरी के लिए एक से अधिक दावेदार सामने आ जाते हैं। मामला न्यायालय तक चला जाता है। इससे मृतक आश्रितों को नियुक्ति देने में देरी होती है। जिससे कर्मचारियों के परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। इस समस्या के निदान के लिए नगर निगम ने पहले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पारिवारिक सिजरा तैयार कराने का निर्णय लिया है।

> मृतक आश्रितों की नियुक्ति में अक्सर विवाद की स्थिति आती है। एक से अधिक दावेदार आ जाते हैं। इससे पात्र आश्रित को नियुक्ति देने में समय लगता है। इसके लिए नगर निगम पहले स्वास्थ्य विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का परिवार रजिस्टर तैयार कराने जा रहा है। डिजिटाइजेशन भी कराया जाएगा। इसमें दो महीने का समय लगेगा।
>
> **–ललित कुमार**, अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

रजिस्टर में परिवार के सदस्यों की रहेगी जानकारी

रजिस्टर में कर्मचारी के परिवार के सभी सदस्यों की पूरी जानकारी रहेगी। सदस्यों का नाम, सभी सदस्यों के आधार कार्ड की कॉपी लेगा। राशन कार्ड के आधार पर रजिस्टर में परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ा जाएगा। यदि नगर निगम में वर्तमान में तैनात कोई अन्य सदस्य, मृतक आश्रित में कर्मचारी को कब नियुक्ति मिली इसकी जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जाएगी।

कबाड़ गोदाम में धमाका, मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैंट इलाके में मंगलवार को दोपहर के समय एक कबाड़ गोदाम में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें एक मजदूर के चीथड़े उड़ गए। विस्फोट किस वजह से हुआ, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी। बम निरोधक दस्ता, फारेंसिक और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर जाकर जांच की।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि सदर के लकड़ी मोहाल में कबाड़ गोदाम है। इसके मालिक आजाद मोहाल निवासी लक्ष्मीकांत गुप्ता उर्फ पप्पू हैं। धमाके में मारे गए मजदूर की पहचान कृष्ण कुमार (34) निवासी मुन्नालाल खेड़ा, थाना बेनीगंज जिला हरदोई के तौर पर हुई है। डीसीपी का कहना है कि विस्फोट से कुछ देर पहले गोदाम में कृष्ण कुमार के अलावा कर्मचारी बशारत और बबलू भी मौजूद थे, लेकिन दोपहर में दोनों खाना खाने की बात बोल कर गोदाम से निकल गए थे। घटना के समय कृष्ण कुमार गोदाम में अकेले था। बशारत और बबलू के गोदाम से निकलने के कुछ देर बात ही धमाका हुआ। करीब 4.25 बजे डीसीपी समेत अन्य टीमें पहुंचीं। टीमों ने साक्ष्य एकत्रित कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीसीपी ने बताया कि विस्फोट कैसे हुआ, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दूर-दूर तक बिखरे मांस के टुकड़े : विस्फोट इतना जबरदस्त था कि कृष्ण कुमार के शरीर के चीथड़े उड़ गए। मांस के टुकड़े इधर-उधर बिखर गए। गोदाम में रखे पुराने बड़े बक्से में शव का आधा हिस्सा अंदर और आधा बाहर लटका दिखा। चेहरा पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया था। धमाका सुन आसपास के कुछ लोग गोदाम में पहुंचे, माजरा समझ में आया तो पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी देर समझ ही नहीं आया कि अंदर क्या हुआ है किसकी जान गई है।

कैंट के लकड़ी मोहाल स्थित कबाड़ के गोदाम में हुए विस्फोट के बाद घटना स्थल की जांच कर वापस जाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- फारेंसिक टीम, बम निरोधक दस्ता, दमकल विभाग समेत पुलिस टीम जांच में जुटी
- कैंट के लकड़ी मोहाल की घटना, काफी दूर तक सुनाई दिया धमाका

दमकल कर्मी बोले, जब सूचना मिली तब पहुंचे

घटनास्थल के आसपास रहने वालों का कहना है धमाका करीब 3 बजे के आसपास हुआ। हादसे की सूचना पर कैंट पुलिस पहुंच गई थी, लेकिन कोई बड़ा अफसर नहीं पहुंचा था। इसके चलते स्थानीय पुलिस ने गोदाम के गेट पर ताला जड़ दिया। स्थानीय पुलिस ने दमकल को भी सूचना नहीं दी। घटना के एक घंटे बाद करीब 4:15 बजे दमकल की टीम पहुंची। आसपास मौजूद भीड़ में से किसी ने देरी से आने पर टोका तो एक कर्मी का जवाब था जब सूचना मिलेगी तभी तो आएंगे। काफी देर एफएसओ को भी घटना स्थल से दूर ही रोके रखा गया।

केमिकल भरी सामग्री से विस्फोट की आशंका

डीसीपी ने मौके पर पहुंच फारेंसिक, दमकल और बम निरोधक दस्ते को बुलवाया। प्राथमिक जांच में टीमों को ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला, जिससे पता चले कि विस्फोट कैसे हुआ। डीसीपी का कहना है कि शव की हालत देख प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि किसी केमिकल भरी वस्तु से विस्फोट हुआ है।

गोदाम में खटर-पटर से परेशान रहते हैं लोग

धमाके से दहले आसपास के लोगों की हालत खराब थी। उनका कहना है कि कबाड़ गोदाम की खटर–पटर से काफी परेशानी होती है। गंदगी भी पसरी रहती है वहीं कई बार गोदाम के सामने वाहन खड़े होने से घंटों जाम लगा रहता है। इससे आवाजाही में परेशानी होती है। मौखिक में जिम्मेदारों से शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

अवैध अपार्टमेंट पर एलडीए की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को महानगर में खुर्रम बिल्डर के अवैध अपार्टमेंट पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। अपार्टमेंट में नियम विरुद्ध बनाए गए अतिरिक्त तलों व सेट बैक में किए गए निर्माण को हथौड़े और जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि खुर्रम बिल्डर के साथ मिलकर राहुल मिश्रा, अनिमेश मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा समेत अन्य लोगों ने महानगर के सेक्टर बी में भूखंड संख्या सी-362 पर लगभग 463.21 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कराया था। बिल्डर ने प्राधिकरण से एकल आवासीय भवन का मानचित्र स्वीकृत कराकर इसके विपरीत सेट बैक आच्छादित करते हुए पांच मंजिल तक अपार्टमेंट बनवाया था। विहित न्यायालय से अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण का आदेश पास था।

प्रवर्तन जोन पांच की टीम ने पूर्व में स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की थी। लेकिन बिल्डर ने स्थल पर दोबारा चोरी-छुपे निर्माण कराया जा रहा था। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन पांच संजय जिंदल के नेतृत्व में अभियंताओं ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से स्थल पर मानचित्र के विपरीत बनाए गए तलों व सेट बैक में किए गए अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए।

महानगर में खुर्रम बिल्डर के पांच मंजिला अपार्टमेंट को जेसीबी से ध्वस्त करती प्रवर्तन टीम।

- मानचित्र के विपरीत बना दिया था पांच मंजिला अपार्टमेंट

सचिवालय में नियुक्त समीक्षा अधिकारी समेत छह से ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर अपराधियों ने सचिवालय में नियुक्त समीक्षा अधिकारी समेत छह लोगों को निशाना बनाया। इनके बैंक खातों से 5. 51 लाख रुपये पार ट्रांसफर कर लिए।

गोमतीनगर के विशाल खंड निवासी अंकिता वर्मा सचिवालय में समीक्षा अधिकारी हैं। 30 जनवरी को गूगल पे अपडेट कराने के नाम पर 45 हजार रुपये पार कर दिए। मैसेज आने पर ठगी का एहसास हुआ। वहीं उदयगंज बर्फखाना निवासी रवि कनौजिया के बचत खाते का क्लोन बनाकर 53 हजार रुपये पार कर दिए। उधर, कुर्सी रोड के अल्कापुरी निवासी शरद कुमार श्रीवास्तव का शनिवार को व्हाट्सएप ब्लाक हो गया था। कस्टमर केयर नंबर पर बात की तो एप डाउनलोड करा उनके खाते से 1.18 लाख ट्रांसफर कर लिए गए। इधर, एलडीए कॉलोनी बरिगवा निवासी राणा प्रताप वर्मा से क्रेडिट कार्ड सर्विस चालू करवाने के नाम पर 79 हजार की ठगी हो गई। बाजारखाला के ऐशबाग मोती झील कॉलोनी निवासी प्रशांत द्विवेदी से टास्क के नाम पर 2.10 लाख रुपये ठग लिए गए। इधर, गोसाईंगंज के हसनापुर निवासी नीरज शर्मा ने बताया कि साइबर अपराधियों के झांसे में आकर 45 हजार रुपये उसके खाते से ट्रांसफर हो गए।

- गोमतीनगर, हुसैनगंज, गुडम्बा कृष्णानगर, बाजारखाला व गोसाईगंज से सामने आए मामले

हुनर | बीटेक छात्र ने सौ से अधिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्थापित किए स्मार्ट क्लास

गांव के विद्यालयों में होंगे रोबोट, दिन में भी दिखेंगे तारे

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी में गांव के बच्चे अब रोबोट बनाकर दिन में तारों के नजारे ले रहे हैं। सुनकर कुछ अटपटा सा लग रहा है, पर है सौ फीसद सच। मेरठ के रहने वाले बीटेक के छात्र ने प्रदेश के दर्जन भर उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जो कर दिखाया है, उसके सहारे छात्रों ने छोटे-छोटे रोबोट ही नहीं टेलिस्कोप भी बना डाले हैं। गांव में मेधाओं को तैयार करने वाले इस नौजवान का हुनर देखकर अमेरिकन सेंटर के वैज्ञानिकों ने कुछ नया करने के लिए आमंत्रण भी लिख भेजा है।

मेरठ निवासी बीटेक छात्र आशुतोष वशिष्ठ बताते हैं कि एक वर्ष पूर्व उन्होंने मेरठ के मोहिद्दीनपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्मार्टक्लास स्थापित किया। जिसमें बच्चों को रोबोटिक जोन, स्पेस लुक, टेलिस्कोप के सहारे विशेष जानकारियां दी गईं। कहते हैं कि कुछ ही दिनों के भीतर गांव के बच्चों ने छोटे-छोटे रोबोट और टेलिस्कोप भी बनाने शुरू कर दिए। फिर क्या था, यहीं स्मार्टक्लास को अन्य जनपदों में स्थापित करने का कार्य शुरू किया गया। बताते हैं कि प्रदेश के 12 जनपदों के 50 से अधिक विद्यालयों में आधारशिला नामक स्मार्टक्लास गांव की मेधा को पारंगत बना रही है। बीते वर्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेरठ आकर गांव के विद्यालय की आधारशिला को नजदीक से देखा। अब, अमेरिकन सेंटर के वैज्ञानिकों ने साइंस स्पेस बनाने के लिए उन्हें आमंत्रण भेजा है।

शासन की कायाकल्प योजना बनी सहारा : बीटेक छात्र बताते हैं कि इनोजिकल इनोवेशन प्रा. लि. नाम से एमएसएमई में रजिस्टर्ड उनकी कंपनी के लिए शासन की कायाकल्प योजना लाभकारी बनी है। इसके सहारे उन्हें एक्स्ट्रा क्लास को स्थापित करने में लगातार मदद मिल रही है।

मेरठ के एक विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास का अवलोकन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

लखनऊ के सरोसा–भरोसा कम्पोजिट विद्यालय में तैयार आधारशिला।

छात्रों ने सीखी विशेष तकनीक

आशुतोष वशिष्ठ कहते हैं कि किताबों की अपेक्षा तस्वीरों के सहारे छात्र जानकारियां लेने में अधिक रुचि रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एक्स्ट्रा क्लास में छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सिखाया जाता है। इसी सब का प्रभाव है कि गांव के बच्चे कम समय में नई शिक्षा और तकनीक की ओर बढ़ चले हैं।

इन विषयों की दी जाती हैं जानकारियां

रोबोट कैसे बनते हैं, इनका कार्य क्षेत्र क्या है। आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस किस तरह से छात्रों के लिए सहायता प्रदान करती है। स्पेस साइंस से मिलने वाले लाभ क्या हैं। इन विषयों से जुड़ी जानकारियां कक्षा छह, सात और आठ के छात्रों को दिखाई और सिखाई जाती हैं।

- आधारशिला सिस्टम के सहारे उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सिखाई जा रही तकनीकी पारंगता

चंडीगढ़ के नवोदय विद्यालयों में स्थापित हुई व्यवस्था

चंडीगढ़ के नवोदय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास को स्थापित करने का जिम्मा बीटेक के छात्र को छह माह पूर्व मिला था। आशुतोष वशिष्ठ बताते हैं कि उनकी टीम ने 11 विद्यालयों में नई तकनीकी व्यवस्था को स्थापित की है। वहां के पढ़ने वाले छात्रों को एक्स्ट्रा क्लास के साथ जानकारियां देकर प्रैक्टिकल भी कराए जा चुके हैं।

इन जनपदों में स्थापित हुई है आधारशिला

लखनऊ का काकोरी ब्लॉक क्षेत्र, लखीमपुर खीरी, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हापुड़, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, संभल, मथुरा आदि।

जिनकी बुकिंग निरस्त उन्हें धनराशि लौटाएगा एलडीए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शादी की बुकिंग कराने वालों को लखनऊ विकास प्राधिकरण जल्द धनराशि लौटाएगा। इन्हें एलडीए पत्र जारी करने जा रहा है। सहमति मिलने के बाद उन्हें धनराशि वापस करेगा। जो लोग प्राधिकरण के कम्युनिटी सेंटर में बुकिंग कराना चाहते हैं उनका पैसा समायोजित कर दिया जाएगा।

18 फरवरी से राजधानी में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की संभावना को देखते हुए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 8 से 29 फरवरी तक शादी के लिए की गई 33 बुकिंग प्राधिकरण ने अचानक निरस्त कर दी थीं। इससे लोगों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। इसमें अधिकारी, व्यापारी आदि शामिल हैं। शादी समारोह के लिए उन्हें होटलों में ऊंची कीमत देकर बुकिंग करानी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने शादी की डेट आगे बढ़ा दी है। प्राधिकरण ने गोमती नगर स्थित कम्युनिटी सेंटर में बुकिंग कराने का अवसर दिया है। लेकिन अभी तक प्राधिकरण के ही दो कर्मचारियों ने विकल्प के तौर पर विराज खंड स्थित कम्युनिटी सेंटर में बुकिंग कराई है।

- अचानक बुकिंग निरस्त होने से लोग परेशान
- होटलों में ऊंची कीमत देकर करानी पड़ रही बुकिंग
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शादी की 33 बुकिंग प्राधिकरण ने अचानक कर दी थी निरस्त

एक नजर

मुशायरे का समापन

अमृत विचार, लखनऊ : फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के सहयोग से बज्म कुंज ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय मुशायरे का समापन किया गया। मुशायरे की समाप्ति के दौरान काफी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

द्वितीय चरण की परीक्षा 6 मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के रेगुलर एवं कैरीओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षा 6 मार्च से 30 मार्च के बीच विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। बताया गया है कि प्रयोगात्मक और प्रोजेक्ट परीक्षाएं 26 फरवरी से 2 मार्च के बीच आयोजित की जाएंगी।

बोर्ड परीक्षा : न हों परेशान, कुछ बातों का रखें ध्यान

परीक्षा का प्रेशर न होने दें छात्र-छात्राएं, विद्यार्थियों को बनानी होगी समय सारिणी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

दीक्षा गोयल

- परीक्षा के पैटर्न को जानना आवश्यक
- साफ लिखना बेहद जरूरी

अमृत विचार : बोर्ड परीक्षाओं के आते ही छात्र-छात्राओं की नींद उड़ी हुई है। समझ में नहीं आ रहा है कि वह इसकी तैयारी किस तरह से करें। कहीं किसी से महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हो रही है तो देर रात तक किताबों को रटा जा रहा है।

परीक्षाओं के प्रेशर में विद्यार्थियों की दिनचर्या तक बिगड़ गई है और वह अस्वस्थ हो रहे हैं। इस मामले में अमृत विचार के संवाददाता ने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मोतीनगर, लखनऊ की सहायक अध्यापक दीक्षा गोयल से बात की और छात्र कैसे आसानी से परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं, इस बारे में जानकारी ली।

दीक्षा गोयल ने बताया कि विज्ञान विषय की परीक्षा 29 फरवरी दिन गुरुवार को प्रथम पाली में है। विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझने के बाद परीक्षा के पैटर्न को जानना भी आवश्यक है। विज्ञान विषय की परीक्षा दो खंडों में विभाजित है। खंड अ बहुविकल्प है, जिसके उत्तर आप ओएमआर शीट पर देंगे, उसमे उपखंड (क) भौतिक विज्ञान 7 अंक, उपखंड (ख) रसायन विज्ञान 6 अंक और उपखंड (ग) जीव विज्ञान 7 अंक के हैं। खंड (ब) वर्णात्मक है जिसके उत्तर आप कॉपी पर लिखित में देंगे जिसमें उपखंड (क) भौतिक विज्ञान 18 अंक, उपखंड (ख) रसायन विज्ञान 14 अंक, उपखंड (ग) जीव विज्ञान 18 अंक के हैं। भौतिक विज्ञान में तथ्यों के साथ साथ आंकिक प्रश्न या डेरिवेशन, रसायन विज्ञान में रासायनिक समीकरण तथा जीव विज्ञान में सभी महत्वपूर्ण तथ्यों पर ध्यान देना जरूरी है।

सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें

प्रश्न पत्र हल करते समय सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि आपकी लिखावट साफ हो, काले-नीले पेन का अच्छे से प्रयोग करें। हर प्रश्न संख्या अलग-अलग लिखे जैसे उपखंड (क) प्रश्न संख्या 1 (क), उपखंड (क) प्रश्न संख्या 1(ख) और इन्हे काली मोटी स्केच पेन से पेज के बीच में लिखें किनारे पर नहीं। साथ ही एक बार में एक उपखंड को पूरा करने के बाद ही अगला उपखंड शुरू करें, दो उपखंडों को आपस में न मिलाएं इससे परीक्षक को कॉपी चेक करते समय कन्फ्यूजन हो सकती है और आपके अंकों पर भी असर पड़ सकता है। जिस भी प्रश्न में चित्र बनाने की आवश्यकता हो वहां पेंसिल का प्रयोग कर साफ चित्र बनाएं और सभी आवश्यक नामांकन भी करें। ओएमआर शीट भरते समय बहुत ही सावधानी बरतें।

उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचीं राजधानी 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 22 फरवरी से शुरू हो रहीं यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

अमृत विचार : यूपी बोर्ड वर्ष की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की तैयारियां जोरो पर हैं। परीक्षा केंद्र पर आवश्यक निर्देशों की पूर्ति के साथ ही परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाएं राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज में पहुंच गई हैं।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। जिसके लिए उत्तर पुस्तिकाएं आ गई हैं। उत्तर पुस्तिकाओं को 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिले में परीक्षा के लिए 133 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। जिसमें राजकीय कॉलेजों की संख्या 14, अनुदानित कॉलेजों की संख्या 63 और निजी विद्यालयों की संख्या 56 है। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी लगाने, डीवीआर सुरक्षित रखने के साथ ही अन्य निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिका आने के साथ ही प्रवेश पत्र वितरित किए जाने की भी तैयारी हो गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से बताया गया कि दो से तीन दिन में छात्रों के प्रवेश पत्र आ जाएंगे जिसको छात्र-छात्राएं अपने विद्यालय से प्राप्त कर सकेंगे।

आद्याश्री में दिखे नारी शक्ति के स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री में नारी शक्ति के स्वरूप छात्राओं द्वारा प्रदर्शित किए गए। कई अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया गया।

लविवि के आद्याश्री कार्यक्रम के अन्तर्गत नारीत्व के रंगों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं द्वारा प्राचीन, मध्ययुगीन और आधुनिक शैली को दर्शाने वाले स्वरूप प्रस्तुत किये। नारी के विभिन्न स्वरूपों के बीच समाज की भूमिका को लेकर भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव एवं डॉ. जया भारती द्वारा लिखित गर्भसंस्कार पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, प्रो. निशी पांडे, प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. संगीता शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती छात्रा।

- कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को किया गया प्रेरित

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने किया समझौता : संगीत की कला को बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ आगे आई है। उसने लविवि की महिला अध्ययन संस्थान के साथ मिलकर एक समझौता करते हुए ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को संगीत की मदद से चिंता और तनावपूर्ण जीवनशैली को प्रबंधित करने में लाभ मिलेगा।

रंगोली, लेखन और डांस प्रतियोगिताओं के आयोजन

कार्यक्रम में लविवि से संबद्ध महाविद्यालय सम्मिलित हुए। जिसमें केकेसी से विपिन कनौजिया को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अव्वल रहे। लविवि से स्तुति मिश्रा ने नारी लेखन, नवयुग महाविद्यालय से सुप्रिया टीम ने रंगोली मेकिंग प्रस्तुति दी। नेहा यादव और अनुष्का जैन ने काव्य पाठ किया। डांस प्रतियोगिता में टीम प्राण का बेहतर प्रदर्शन रहा।

उद्यमिता पर एकेटीयू में व्याख्यान आज

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आईआईटी रोपड़ और एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड रूरल डेवलपमेंट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता और ग्रामीण विकास पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन बुधवार को किया जा रहा है। विश्वविद्यालय सभागार में कार्यक्रम का आरंभ सुबह दस बजे से होगा।

इस अवसर पर तीन तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। जिसमें वक्ता उद्यमिता के विभिन्न आयामों पर चर्चा करेंगे। आयोजित व्याख्यान के दौरान उद्यमिता, रोजगार और ग्रामीण विकास के लिए जागरूकता और सहयोग पर मंथन होगा। इसके अलावा स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए विशेषज्ञों, सफल स्टार्टअप सहित अन्य लोगों से जुड़ाव पर भी बात होगी।

परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी लगाने का काम हुआ पूरा

जुबली इंटर कॉलेज में बना कंट्रोल रूम, अधिकारी संभालेंगे जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के ज्यादातर परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी और डीवीआर लगाने का काम पूरा हो चुका है। जिन विद्यालयों में अभी तक सीसीटीवी नहीं लगे थे उनमें सीसीटीवी लगाए जाने की प्रक्रिया जोरों पर है। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने पर प्रशासन का खासा जोर है। जल्द ही सीसीटीवी का ट्रायल शुरू किया जाएगा ताकि समय रहते खामियों से निजात मिल सके।

बताते चलें कि आगामी 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं जिसको देखते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी चयनित विद्यालयों को परीक्षा कक्ष और कंट्रोल रूम को सीसीटीवी से लैस करने का आदेश दिया था। जिसके मद्देनजर विद्यालयों ने परीक्षा कक्ष और कंट्रोल रूम को सीसीटीवी और डीवीआर लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कुछ विद्यालयों में अभी भी काम चल रहा है। जुबली इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है यहीं से बैठकर अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे।

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर लगाए गए कैमरे को दिखाता कर्मचारी।

राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की परीक्षा की तैयारी को लेकर कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारी। अमृत विचार

- परीक्षा के दौरान सुरक्षा और सुचिता पर रहेगी खास नजर

> लगभग सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगने का काम पूरा हो चुका है। विद्यालयों का निरीक्षण जारी है। जुबली इंटर कॉलेज को कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से सभी विद्यालयों की निगरानी की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास अवांछनीय तत्वों पर पूरी तरह से रोकथाम रहेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर भी खास नजर रहेगी ताकि परीक्षा की सुचिता बनी रहे।
>
> –**राकेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक

जल्द ही सीसीटीवी कैमरों का ट्रायल भी शुरू किया जाएगा ताकि समय रहते खामियां पकड़ में आ सकें और उनका निराकरण किया जा सके।

त्रिदिवसीय कौशल लिटरेरी फेस्टिवल 9 से

अमृत विचार, लखनऊ : कौशल लिटरेरी फेस्टिवल के दूसरे संस्करण में मशहूर हस्तियां शामिल होंगी। फेस्टिवल 9 से 11 फरवरी तक लॉ मार्टीनियर ब्वाएज कालेज में आयोजित किया जाएगा। समारोह में जान जुब्रस्की, मुजफ्फर अली, तिग्मांशु धूलिया, गुरचरन, सत्यसरन, तस्लीमा और पुष्पेश पंत जैसे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान और कलाकार शामिल होंगे।

संस्थापक प्रशांतशील सिंह और समारोह निदेशक अमिताभ सिंह बघेल ने बताया है कि 9 फरवरी को मैकफारलैण्ड लीगेसी ऑफ ला मार्टीनियर क्लाउड मार्टिन एण्ड कान्स्टैण्टिया विषय पर विचार प्रस्तुत किये जाएंगे।

हबीबुल्ला हॉल ने 5 रनों से भाभा हॉल को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर छात्रावास क्रिकेट प्रतियोगिता में हबीबुल्ला हॉल की टीम ने 5 रनों से जहांगीर भाभा हॉल की टीम को शिकस्त देते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता के 8वें दिन अन्य आयोजन भी आयोजित किये गए। इस अवसर पर सभी प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

मौसम का असर लविवि में आयोजित प्रतियोगिता पर भी देखने को मिला। सुबह से खिली धूप के बीच अंतर छात्रावास क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें दिन टीमें समय से मैदान में आ डटीं। लुआ ग्राउण्ड में प्रतियोगिता का फाइनल मैच का आरंभ हुआ। होमी जहांगीर भाभा हॉल की टीम का सामना हबीबुल्ला हॉल की टीम से हुआ। हबीबुल्ला हॉल की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने की घोषणा की। ऐसे में टीम के सदस्यों ने मिलकर 130 रनों का लक्ष्य जहांगीर भाभा की टीम के समक्ष रखा। कड़े मुकाबले में हबीबुल्ला हॉल की टीम ने जहांगीर भाभा हॉल की टीम को 5 रनों से शिकस्त देते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, डीन छात्र कल्याण प्रो.संगीता साहू सहित सभी प्रोवोस्ट, सहायक प्रोवोस्ट और प्रॉक्टर उपस्थित रहे।

वॉलीबॉल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन लविवि के शिवाजी ग्राउंड पर हुआ। प्रतियोगिता में सुभाष हॉल की टीम का सामना महमूदाबाद हॉल से हुआ। अंतिम क्षणों में सुभाष हाल ने जीत हासिल की।

लविवि में प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

- 8वें दिन क्रिकेट मैच का हुआ फाइनल

बैडमिंटन में कैलाश हॉल रही अव्वल

बैडमिंटन (महिला वर्ग) का फाइनल मुकाबला बीरबल साहनी हॉल और कैलाश हॉल के बीच आयोजित हुआ। अंतर वासी छात्राओं की उपस्थिति में एक दूसरे के बीच कड़ा मुकाबले हुआ। जिसमें कैलाश हॉल की टीम ने जीत हासिल की।

सुरक्षा के साथ बढ़ाएं व्यापार, सपने होंगे साकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देश पर अग्रणी जिला प्रबन्धक लखनऊ के तत्वाधान में सफेद बारादरी कैसरबाग के निकट मंगलवार को स्ट्रीट वेंडर के लिए एक वित्तीय समावेशन का प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में काफी संख्या में स्ट्रीट वेंडर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रबन्धक मनीष पाठक ने की। उन्होंने प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना की चर्चा की एवं इसकी मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से अधिकारी शांभवी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबन्धक कार्यालय के वित्तीय समावेशन के मुख्य परामर्श दाता राजेश कुमार ने उपस्थित लोगों को बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं यथा अटल पेन्शन योजना, प्रधान मंत्री जन सुरक्षा योजन एवं प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना की विस्तार से चर्चा की एवं लोगों को इन योजनाओं से जुड़ कर इनसे होने वाले लाभ उठाने की सलाह दी।

उपस्थित वेंडर्स को डिजिटल माध्यम से लेन-देन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और इसके लाभ भी बताए गए। बहुत से वेंडर अपना क्यूआर कोड सभा में प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में बैंकिंग से संबन्धित क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्ट्रीट वेंडर के उत्थान के लिए काम करने वाले एनजीओ अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के विजय सिंह गौतम, नगर प्रबंधक एवं उनकी टीम एवं सुरेश यादव समेत सभी टीम सदस्यों की भूमिका रही।

बैंक की योजनाओं को साझा करते जिला प्रबंधक कार्यालय के अधिकारी।

- स्ट्रीट वेंडर को आरबीआई अधिकारी ने दी योजनाओं की जानकारी

पूंजीपतियों को मुनाफा देने वाला बजट : सीपीएम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

डॉ. हीरालाल यादव

- छात्रों-युवाओं के लिए बजट में कुछ नहीं
- किसानों की बजट में घोर उपेक्षा

अमृत विचार : कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उ.प्र. राज्य सचिव डॉ. हीरालाल यादव ने कहा कि यह बजट आम जनता को निचोड़कर पूंजीपतियों का मुनाफा बढ़ाने और धर्म निरपेक्ष भारतीय गणराज्य को हिन्दुत्व के राज्य में बदलने के लिए लाया गया है।

प्रदेश में विकराल रूप धारण करती बेरोजगारी दूर करने का कोई कारगर प्रयास बजट में नहीं है। तमाम सरकारी पद खाली हैं। प्रतियोगी परीक्षा पास करने वाले युवाओं का नौकरी के इंतजार में उम्र बीत रही है लेकिन बजट में नौकरी देने की कोई व्यवस्था और चिंता नहीं है। गन्ना किसानों के लिए गन्ने के दाम में तीन वर्षों में मात्र 20 रुपये की वृद्धि की गई है, इसे और बढ़ाया जाना चाहिए था।

ग्रामीण गरीबों, मनरेगा मजदूरों की घोर उपेक्षा बजट में की गई है। एक वर्ष पूर्व 300 यूनिट फ्री बिजली देने की प्रदेश सरकार की घोषणा को पूरा करने की अब भी कोई व्यवस्था नहीं है। महिला अपराध में ऊंचा स्थान रखने वाले प्रदेश के बजट में महिला सुरक्षा की तनिक भी परवाह नहीं की गई है। न्यूनतम वेतन, स्थायीकरण, बकाया वेतन, मानदेय वृद्धि के लिए आंदोलनरत मजदूरों, संविदा कर्मचारियों को राहत देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि कॉरपोरेट के लिए जमीन, टैक्स में छूट आदि तमाम सुविधाओं की व्यवस्था सरकार ने अपने बजट में की है।

भाजपा मंडल बूथ की हुई समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर मध्य मंडल -4 के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष मनोज रस्तोगी का स्वागत सम्मान किया गया एवं मंडल बूथ समीक्षा बैठक की गई। साथ ही गांव चलो अभियान की समीक्षा पूर्ण रूप से हुई।

इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित उपाध्यक्ष भाजपा अमित गुप्ता, लखनऊ मध्य के पूर्व विधायक प्रत्याशी रजनीश कुमार गुप्ता, मंडल मंत्री रवि प्रकाश जायसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष मयंक पांडे, सनोज गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसेवक द्विवेदी, मंडल मंत्री मनोज गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष राज विमल पूर्व मंडल मंत्री अजय धनु आदि कार्यकर्ता का उपस्थित हुए।

मोदी ने महिलाओं के जीवन को सरल बनाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जवला और जल जीवन जैसी विभिन्न योजनाएं लाकर महिलाओं के जीवन को सरल बना है। उन्हें आत्मसम्मान के साथ आत्मविश्वास की भावना दी है।

लखनऊ महानगर की ओर से आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यशाला को नीरज सिंह संबोधित कर रहे थे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान किया है। कहा कि महानगर में सभी बूथों पर शक्ति वंदन अभियान चलाया जाएगा। संपर्क के दौरान राज्य एवं केंद्र की योजनाओं के बारे में महिलाओं को जानकारी दी जाएगी। लखनऊ प्रभारी त्रंयबक त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि देश को ऐसी महिला राष्ट्रपति मिली हैं जिन्होंने जीवन में अनेक कठिनाइयों, समस्याओं से संघर्ष करते हुए जीवन व्यतीत किया। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर के महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। अभियान के तहत 22 फरवरी को प्रधानमंत्री लाइव जुड़ेंगे। जिससे सुनने के लिए मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शक्ति वंदन अभियान कार्यशाला में पश्चिम उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, महामंत्री अर्चना साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

शक्ति वंदन कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा नेता नीरज सिंह। अमृत विचार

- महानगर में सभी बूथों पर चलाया जाएगा शक्ति वंदन अभियान

पुले बगदाद का दिलसोज मंजर देख रोये अजादार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शियों के सातवें इमाम हजरत मूसा काजिम अ. की शहादत के मौके पर मंगलवार को शहर के तमाम इमामबाड़ों, कर्बलाओं और घरों में मजलिस और मातम के आयोजन के साथ इमाम के ताबूत की जियारत भी करायी गयी। वहीं शहर की अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी करके इमाम की शहादत का गम मनाया। इस गम में लोगों ने काले लिबास पहने व काले झंडे लगाये।

पुराने शहर के कई इलाकों में अस्सलाम अलैका या मूसी-ए-काजिम, सैयदी मौला, सैयदी मौला की सदाएं गूंजीं। इसी क्रम में छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में असीर-ए-बगदाद का मातम शीर्षक से आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अब्बास इरशाद नकवी ने इमाम की सीरत बयान करते हुए कैदखाने में इमाम पर गुजरी मुसीबतों को बयान किया। मौलाना ने कैदखाने में इमाम (अ.स.) की शहादत का मंजर बयान किया, तो अकीदतमंदों की आंखों से आंसू आ गए। मजलिस के बाद हजरत इमाम मूसा काजिम (अ.स.) के ताबूत की जियारत करायी गयी व पुले बगदाद का दिलसोज मंजर पेश किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खादिमाने इमामे मूसा काजिम (अ.स.) ने किया।

मजलिस को खिताब करते मौलाना

- इमाम मूसा काजिम की शहादत पर हुईं मजलिसें

पूर्वोत्तर रेलवे

इच्छा की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए नोटिस

वाराणसी मंडल कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे और रेलवे द्वारा तय किए गए अन्य इकाइयों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए हायरिंग (Hiring) के आधार पर अटेडेंट उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक मैनपावर आउटसोर्सिंग प्रतिष्ठानों से सीलबंद आवेदनों के माध्यम से **''इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)''** आमंत्रित किया जाता है। रेलवे, आईआरईपीएस (IREPS) पर प्रकाशित सीमित निविदा (Limited Tender) के विरूद्ध, शॉर्टलिस्टेड एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित करके मैनपावर आउटसोर्सिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध करना चाहता है। इच्छा की अभिव्यक्ति की विस्तृत सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट https://ner.indianrailways.gov.in पर वाराणसी मंडल कार्यालय के भंडार विभाग के वेबपेज पर मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इच्छुक सेवा प्रदाताओं द्वारा ''इच्छा की अभिव्यक्ति **(Expression of Interest)**'', ''भंडार विभाग, कार्यालयः मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी, पूर्वोत्तर रेलवे, लहरतारा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221002 [**संपर्क सूत्र**- श्री जयबीर सिंह, मुडिसाअधी/भंडार मोबाइल-9794843772/श्री ए.के. जायसवाल, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, वाराणसी, मोबाइल-9794843770]' के कार्यालय में दिनांक **04.03.2024, 16:00** बजे तक सीलबंद लिफाफे (एक) में निर्धारित प्रारूप (प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षरित) में पहुंचना अनिवार्य है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
मुजाधि/एस-130 **वाराणसी**

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैंने अपना नाम मिथलेश से बदलकर मिथलेश निषाद कर लिया है। भविष्य में मुझे मिथलेश निषाद के नाम से ही जाना जाये। **मिथलेश निषाद पुत्र राधेश्याम निषाद निवासी सर्वोदय नगर, शुक्लागंज, थाना गंगाघाट, जिला उन्नाव पिन कोड –209861**

सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम MO AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MANJUR AHMAD R/O VILL CHAKTARA POST NARIYVAN, AMBEDKAR NAGAR**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। – **अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम सुभाष से बदलकर सुभाष चन्द्र पुरी रख लिया है। भविष्य में मुझे सुभाष चन्द्र पुरी के नाम से जाना व पहचाना जाये। जो कि पूर्णतया सत्य व सही है। **श्री सुभाष चन्द्र पुरी पुत्र स्व0 मुलक राज पुरी निवासी– म0नं0 –126/36ए, ब्लाक– जी, गोविन्द नगर कानपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम आदिल रिजवी से बदलकर मोहम्मद आदिल रिजवी रख लिया है। – **मोहम्मद आदिल रिजवी पुत्र स्व0 जायर हुसैन रिजवी, निवासी–396/407, ओल्ड 396/165, अंगूरी बाग, कश्मीरी मोहल्ला, थाना–सहादतगंज, लखनऊ।**

गुमशुदा

नाम –**अजय सागर**
पिता का नाम – महादेव सागर
आयु – 27 वर्ष, हुलिया – रंग गोरा चेहरा लम्बा, इकहरा जिस्म, दाढी रखे हुए, गर्दन पर दाहिने तरफ टैटू का निशान, बाये हाथ पर टैटू का निशान, कद – 5.5 फीट, पहनावा– फूल आस्तीन नेवी ब्लू शर्ट व जीन्स पैंट, निवासी– फत्तेपुर कटरा शिवदयालगंज थाना नवाबगंज जनपद गोंण्डा

उपरोक्त गुमशुदा दिनाँक 28/09/2023 को सुबह समय करीब 9:00 बजे घर से अयोध्या के लिए निकले थे जो वापस लौट कर नहीं आए काफी प्रयास करने के बावजूद भी गुमशुदा का पता नहीं चल पाया है इसके संबंध में थाना नवाबगंज जनपद गोंडा में गुमशुदगी दर्ज है यदि किसी सज्जन को गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्न नबरो पर सूचित करें।

गुमशुदा के घर का मोबाइल न0– 9839043251 (महादेव सागर पिता), चौकी सरयू घाट– 9919975151, थाना नवाबगंज– 9454403493, क्षेत्राधिकारी तरबगंज– 9454401375

एक नजर

राज्यपाल से मिला एआईआरएनएफ का प्रतिनिधिमंडल

अमृत विचार, लखनऊ : विभिन्न मांगों को लेकर ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन (एआईआरएनएफ) कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा के नेतृत्व में राजभवन पहुंच कर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। अनुराग ने बताया कि राज्यपाल से प्रदेश के सरकारी संस्थानों में भी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की तरह ही स्टाफ नर्सेज की नई नियुक्ति पर बांड और एक निश्चित समय सीमा से पहले नौकरी छोड़ने पर अर्थदंड की व्यवस्था लागू किए जाने की अपील की गई है। साथ ही 14 स्वशासित चिकित्सा महाविद्यालयों में हुई स्टाफ नर्स (1974 पद) की वेटिंग लिस्ट जारी कर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति किए जाने सहित विभिन्न मांगों को रखा गया है। इस मौके पर संगठन के मोहित सिंह, सरिता भारती और विधि कुमारी उपस्थित रहीं।

निजी केंद्र पर यात्री को गलत मेडिकल रिपोर्ट देने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : बहराइच निवासी एक युवक ने महानगर के एक निजी केंद्र पर गलत मेडिकल रिपोर्ट देने का आरोप लगाया है। युवक ने खाड़ी देश में जाने के लिए केंद्र से जांच कराई थी। इस मामले में पीड़ित युवक ने सीएमओ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच शुरू हो गई है। सीएमओ कार्यालय में गमका के लिए शहर के 11 केंद्र हैं। इन केंद्रों का खाड़ी देशों की एबेंसी से अनुबंध है। खाड़ी देश जाने से पहले यह केंद्र लोगों की जांच करके उन्हें स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करते हैं। स्वास्थ्य प्रमाण पत्र में गड़बड़ी होने पर इसकी रिपोर्ट खाड़ी देशों की एबेंसी को भेज देते हैं। बहराइच के रहने वाले मयंकर ने महानगर स्थित रिजा गमका केंद्र से अपनी जांच कराई। इसकी एवज में करीब पांच हजार रुपये लिए गए। जांच रिपोर्ट गड़बड़ दिए जाने का आरोप केंद्र पर लगा। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीएमओ कार्यालय में दर्ज कराई है। सीएमओ आफिस में केंद्र से जुड़े लोगों को तलब किया गया। टीम ने उनसे पूछताछ किया। केंद्र से जुड़े लोगों ने रिपोर्ट में गड़बड़ी न होने की बात कही। नर्सिंग होम के नोडल अफसर डॉ. एपी सिंह ने बताया मामले की जांच शुरू कर दी गई है। केंद्र से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शिकायतकर्ता से दूसरे केंद्र की जांच रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही होगी।

केजीएमयू में अब कम समय में जांच कर मिलेगा सटीक इलाज

ट्रॉमा सेंटर में शुरू होगी प्रिसिजन मेडिसिन लैब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रिसिजन मेडिसिन लैब के बारे में जानकारी देते चिकित्सक। अमृत विचार

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में अब गंभीर मरीजों को और भी सटीक इलाज मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए मरीजों को अब जांच रिपोर्ट के लिए 36 या 72 घंटे का इंतजार नहीं करना होगा। ट्रॉमा में प्रिसिजन मेडिसिन लैब शुरू होगी। इससे महज छह-सात घंटे में ही रिपोर्ट उपलब्ध होकर सटीक इलाज की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। इससे मरीज जल्द स्वस्थ हो सकेगा। यह जानकारी मंगलवार को ट्रॉमा सेंटर में आयोजित हुई प्रेस वार्ता में चिकित्सकों ने दी।

केजीएमयू के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश ने बताया कि क्रिटिकल केयर मेडिसिन में हर साल भर्ती होने वाले मरीजों के आंकड़ा लगभग 1100 मरीजों का है। इनमें से 70 फीसदी मरीजों की जान बचाने में कामयाबी मिलती है। जबकि 30 फीसदी मरीज दम तोड़ देते हैं। इसकी वजह है कि मरीजों का इलाज की दिशा तय करने के लिए होने वाली जांचों की देर से रिपोर्ट मिलना है। अब जल्द ही यहां प्रिसिजन मेडिसिन लैब स्थापित होगी। इससे महज छह से सात घंटे में ही रिपोर्ट मिल जाएगी।

इसमें एआई यानी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी मदद ली जाएगी। जिससे गंभीर मरीजों को कम समय में सटीक इलाज मिलेगा। डॉ. अविनाश ने बताया कि आने वाले समय में इसका फायदा अन्य चिकित्सा संस्थानों में इलाज के लिए आये मरीजों को भी मिल सकेगा।

इसके लिए तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस कराने का फैसला लिया गया है। इस कांफ्रेंस में देश विदेश से आये करीब 550 विशेषज्ञ डॉक्टरों के शामिल होने की बात बताई जा रही है। जिसमें इंटेंसिव केयर युनिट में भर्ती मरीजों में प्रिसिजन मेडिसिन की मदद से इलाज करने की जानकारी विशेषज्ञ साझा करेंगे। इस कांफ्रेंस की शुरुआत बुधवार से होगी।

मरीज की डाइग्नोसिस और बेहतर इलाज में मिलेगी मदद

प्रो. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि हर तरह के मरीजों को एक ही जगह पर इलाज मिलेगा, उसे अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा इसमें एआई, बिग डाटा समेत अन्य विधा को भी शामिल किया जाएगा। जिससे मरीज की जांच, लक्षण समेत अन्य पैरामीटर और पुराने डाटा को एआई की मदद से देखा जाएगा। जिससे मरीज को क्या बीमारी होने वाली है। यह भी पता चल सकेगा। इतना ही नहीं मरीज को कौन सी दवा देनी, किस दवा से उसे नुकसान होगा। इस बात की जानकारी भी आसानी से की जा सकेगी।

निशुल्क सुविधा की तैयारी

क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के डॉ. शान्तनु ने बताया कि प्रिसिजन मेडिसिन आधारित इलाज आईसीयू में देने की तैयारी करने के साथ इस बात का भी ध्यान रखा है कि इसका भार मरीजों पर न पड़े। जिसके लिए निशुल्क सुविधा पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए विभाग अपने स्तर पर फंड की व्यवस्था करने की तैयारी कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. साई सरन, डॉ. शौमित्र मिश्रा, डॉ. सुहेल सरवर सिद्दीकी उपस्थित रहे।

नेपाल सीमा पर लोगों को निशुल्क इलाज देने जाएंगे 800 चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

थारू जनजाति समेत एक लाख से अधिक लोगों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण, बीमार लोगों का इलाज भी किया जाएगा

अमृत विचार : भारत- नेपाल सीमा पर रहने वाले थारू जनजाति समेत एक लाख से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। इतना ही नहीं बीमार लोगों का इलाज भी किया जाएगा।

इसके लिए करीब 800 चिकित्सक अपना योगदान देंगे। यह जानकारी नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन अवध प्रांत के संरक्षक व केजीएमयू के पूर्व कुलपति डॉ. एमएल बी भट्ट ने जियामऊ स्थित संवाद केंद्र में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी है।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में आरएसएस की अनुशांगिक शाखा नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत व श्री गुरु गोरक्षनाथ सेवा न्यास के संयुक्त प्रयास से विगत चार वर्षों से भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का सफल आयोजन किया जा रहा है। 11 फरवरी तक चलने वाली इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत आठ फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर से करेंगे। डॉ. एमएल बी भट्ट के मुताबिक यह स्वास्थ्य सेवा यात्रा खासकर लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर तथा महराजगंज जिलों में जो भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में थारू जनजातियों के लिए आयोजित होती रही है।

मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 34 मनोरोगियों का हुआ इलाज

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिल्वर जुबली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सीएचसी की अधीक्षिका डॉ. प्रियंका सिंह ने की। इस मौके पर 34 मनोरोगियों का उपचार किया गया व चार मनोरोगियों को जिला चिकित्सालय को सन्दर्भित किया गया। साथ ही 24 मानसिक दिव्यांगों के प्रमाण पत्र भी बनाए गए। शिविर में मौजूद मनोचिकित्सक डॉ. अभय सिंह ने बताया कि आज के समय में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। शिक्षा में स्पर्धा से वह मानसिक दबाव में आ जाते हैं। इस मौके पर डॉ. आरएन सिंह, श्रवण कुमार, संतोष कुमार पाल, रवि द्विवेदी, आदेश पांडेय, सैय्यद कल्बे रजा मौजूद रहे।

सिविल में दो दिनों से थायराइड जांच ठप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मशीन की ट्यूब खराब होने से नहीं हो रही जांच, वापस लौट रहे मरीज

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में थायराइड जांच के लिए आने वाले मरीजों को बिना जांच के ही लौटना पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि दो दिन पूर्व जांच मशीन की ट्यूब खराब होने की वजह से उसे मंगलवार तक भी बदला नहीं जा सका।

सिविल अस्पताल में रोजाना 2500 के करीब ओपीडी में मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिसमें करीब 600 मरीजों को ब्लड जांचें लिखी जाती हैं। इसमें करीब 30-40 मरीजों को रोजाना थायराइड की जांच लिखी जाती हैं। लेकिन दो दिन पहले जांच मशीन की ट्यूब खराब होने के कारण मरीजों को लौटाया जा रहा है। ऐसे में मरीजों को इलाज कराने में भी दिक्कतें आ रही हैं। हालांकि माइक्रोबायोलॉजी लैब प्रभारी का कहना है कि ट्यूब खराब होने की जानकारी दे दी गई है। उम्मीद है कि बुधवार से जांचें शुरू हो जाएंगी।

गांवों की सफाई में और खर्च करेगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

छूटे व बढ़े परिवार को मिलेंगे व्यक्तिगत शौचालय

अमृत विचार : गांवों की साफ-सफाई में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसके लिए पंचायती राज विभाग को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए पहले से दोगुना बजट आवंटित होगा। साफ-सफाई के साथ ओडीएफ प्लस के तहत अधिक छूटे व बढ़े परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय दिए जाएंगे।

सोमवार को पेश हुए बजट में पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना बजट प्रस्तावित किया गया। इससे कयास लगाए गए कि वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 10 लाख व्यक्तिगत शौचालय बनाने का लक्ष्य था। जो 2024-25 में इससे अधिक होगा। इस योजना में लाभार्थी को कुल 12000 रुपये शौचालय निर्माण के लिए मिलते हैं।

इसके अलावा नाडेप, सोखपिट, आरआरसी सेंटर, कूड़ा निस्तारण प्लांट, वर्मी कंपोस्ट बनेंगे।

घर-घर पहुंचेगा शुद्ध पानी, करेंगे जल संरक्षण

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति की दिशा में और तेजी आएगी। बजट में जल संरक्षण और घर-घर शुद्ध जल पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे हर घर जल योजना से ग्रामीण लाभान्वित होंगे तो जल संचयन की दिशा में काम कर बारिश का पानी बचाया जाएगा। इसके लिए चेकडैम, वाटर रिचार्जिंग सिस्टम, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, तालाब आदि बनाए जाएंगे। यह भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने में सहायक होंगे। साथ ही संरक्षित पानी का सिंचाई समेत अन्य कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा।

दो उड़ानें रद, आधा दर्जन से अधिक हुईं लेट

अमृत विचार, लखनऊ/सरोजनीनगर : मौसम के बदले मिजाज का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ रहा है। जिसकी वजह से प्रयागराज से लखनऊ और लखनऊ से वाराणसी जाने वाली उड़ानें रद कर दी गईं। उड़ानें रद होने के कारण यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7936 और लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 को रद कर दिया गया। रियाद से लखनऊ आने वाली अप्लाई नाथ एयरलाइंस की उड़ान संख्या एक्सवाई 333, बंगलुरु से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6 ई 6353, बंगलुरु से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 52472, गोरखपुर से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या 9आई 809, लखनऊ से रियाद जाने वाली फ्लाइनाश एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या एक्सवाई 334, लखनऊ से बंगलुरु जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 325, लखनऊ से बंगलुरु जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 51426, विलंब से उड़ान भर सकीं।

हजरतगंज क्षेत्र में मंगलवार को ठंड के बीच स्कूल जाते बच्चे। स्कूलों में ठंड से बचने के लिए प्रबंधन द्वारा पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

धूप-छांव के बीच चढ़ा दिन का पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ और आसपास का मौसम तेजी से बदल रहा है। मंगलवार को निकली धूप से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक का मानना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी रहेगा, जिससे ठंडी हवाएं चल सकती हैं। दिन और रात के तापमान में उतार- चढ़ाव आ सकता है।

तीन दिनों तक मौसम खराब होने के बाद मंगलवार सुबह से आसमान साफ हुआ और फिर धूप भी खिली। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का असर चली ठंडी हवाओं के बीच एक से दो दिनों तक देखने को मिल सकता है। इसी कारण शुक्रवार तक एक बार फिर मौसम में अचानक बदलाव की संभावनाएं दिख रही हैं। कई घंटों के समयान्तराल के बीच दिन में आसमान में अचानक छा जाने वाले बादलों के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी देखी गई है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री के आसपास रहा। वहीं, अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा।

पछुआ हवाओं ने पकड़ी रफ्तार

लखनऊ और उसके आसपास जनपदों में 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। पछुआ हवाओं के प्रभाव से देर शाम लोगों को ठंड का अधिक अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह कोहरे की स्थिति देखने को मिल सकती है।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा

अमृत विचार, लखनऊ : महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी थाना माल के सरसंडा गांव के रहने वाले संतोष कुमार को अपर सत्र न्यायाधीश राहुल मिश्रा ने 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। एडीजीसी अभय त्रिपाठी ने अदालत को बताया कि वादिनी मनरेगा में काम करके अपने बच्चों को पालती थी तथा घटना के 3 वर्ष पूर्व भी वह मनरेगा में मजदूरी करने गई थी तभी शाम 5:30 बजे अभियुक्त संतोष कुमार ने उसे रोक लिया तथा नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया एवं वीडियो बनाया। आरोपी पीड़िता को फोटो विडियो दिखाकर ब्लैकमेल करके उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जिसके कारण वह गर्भवती हो गई।

अटल स्वास्थ्य मेले में अस्पताल व संस्थाएं सम्मानित

प्रशस्ति पत्र देते हुए सीएमओ, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में 17 और 18 दिसंबर को आयोजित हुए अटल स्वास्थ्य मेले में प्रतिभाग करने वाले निजी चिकित्सा संस्थानों और स्वयं सेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्थानों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका गौरव बढ़ाया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि अटल स्वास्थ्य मेले के सफल आयोजन में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभी तक चार अटल स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जा चुके हैं। जिसमें सभी का विशेष योगदान रहा है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएन यादव, डॉ.पीी सिंह, डॉ संदीप सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव, डीसीपीएम विष्णु प्रताप, सचिन दुबे मौजूद रहे।

इन्हें मिला सम्मान

एसजीपीजीआई, केजीएमयू, मिडलैंड हेल्थकेयर, मेदांता अस्पताल, चरक अस्पताल, सहारा अस्पताल, रीजेन्सी अस्पताल,अपोलो मेडिक्स अस्पताल, चंदन अस्पताल, एरा मेडिकल कॉलेज, ग्लोब मेडिकेयर, ओपी चौधरी हॉस्पिटल, हेल्थ सिटी अस्पताल, सरस्वती डेंटल कॉलेज, टीएस मिश्रा कॉलेज, इन्टीग्रल मेडिकल कॉलेज, अजंता अस्पताल, सन आई अस्पताल, तारा नेत्रालय, अवध अस्पताल, सेवा हॉस्पिटल, नोवा अस्पताल, गोयल अस्पताल, नारायण सेवा संस्थान, शेखर अस्पताल, जगरानी अस्पताल, अजंता हॉस्पिटल, आइकन अस्पताल, केयर डायग्नोस्टिक, एसआर हॉस्पिटल, आस्था सेंटर फॉर जेनेटिक मेडिसिन, खन्ना डायग्नोस्टिक, वेलनेस मेडीसिटी, एसएसबी अस्पताल, एलपीएस, सीएनएस हॉस्पिटल, टीसी आई सेंटर, टेंडर पाम सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, एडवांस क्योर फिजियोथेरेपी सेन्टर, सेंट मेरी हॉस्पिटल बुलाकी अड्डा, केके अस्पताल, हरमैन अस्पताल, एलेट्रा कैंसर इंस्टीट्यूट, मेडीकस अस्पताल, स्वयं सेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर), फैमिली हेल्थ इंडिया और वैदेही वेलफेयर फाउंडेशन।

सक्रियता

निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

मतदेय स्थलों का दोबारा होगा भौतिक सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम सूर्यपाल गंगवार।

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए बनाए जाने वाले मतदेय स्थलों का दोबारा भौतिक सत्यापन होगा। बारिश या बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गए मतदेय स्थलों को परिवर्तित किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऐसे मतदेय स्थल जिन्हें सक्षम अधिकारी ने जर्जर घोषित कर दिया हो या अन्य किसी अपरिहार्य कारणों से उन मतदेय स्थलों के भवनों में परिवर्तन आवश्यक हो तो मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्तावों को पुनः शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। जिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक हो गई है, उन मतदेय स्थलों की मतदाता सूची का पुनः सत्यापन कराते हुए मतदाताओं की संख्या को समायोजित किया जाएगा। पूरे परिवार के मतदाताओं को एक ही मतदान केंद्र पर शिफ्ट कराया जाए।

उन्होंने कहा कि हर वोटर को जागरूक करना होगा तभी मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी संभव है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सक्रिय रूप से सहयोग करें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अभ्यर्थियों की ओर से किए जाने वाले व्ययों की समीक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए वस्तुओं के रेट चार्ट के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ चर्चा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारी निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइड लाइन का भली-भांति अध्ययन कर लें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के साथ समय-समय पर बैठक करते हुए आयोग के निर्देशों से अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीएम प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुभी सिंह, एडीएम नगर पूर्वी अमित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर, एआरओ एवं मुख्य कोषाधिकारी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

आटा चक्की के पट्टे में फंसकर महिला की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में मंगलवार को एक महिला आटा चक्की के पट्टे में फंसकर गंभीर घायल हो गई। निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंथरा कस्बा निवासी रामराज साहू की आटा चक्की पर मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे उनकी पत्नी रिंकी (36) चक्की के पास से निकल रहीं थी। उसकी शॉल चक्की के पट्टे में फंसने से वह गंभीर घायल हो गयीं। उन्हें आनन फानन निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने रिंकी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दिव्यांग का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ: अलीगंज थाना क्षेत्र निवासी दिव्यांग का फंदा से शव लटका मिला। त्रिवेणीनगर वर्ड के शिवलोक निवासी विवेक मिश्रा (34) एक पैर से दिव्यांग थे। परिजन ने बताया कि सोमवार रात खाना खाकर वह अपने कमरे में चले गए थे। सुबह काफी देर तक वह कमरे से नहीं निकले। इस पर छोटा भाई अचल बुलाने पहुंचा तो पंखे से विवेक का शव लटका मिला। इंस्पेक्टर अलीगंज ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है।

आज निगोहां सब स्टेशन से बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

अमृतविचार, निगोहां: बछरावां रायबरेली स्थित 132 के वी उपकेंद्र से पोषित निगोहां विद्युत सबस्टेशन की 33 केवी विद्युत सप्लाई बुधवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। उक्त जानकारी विद्युत वितरण खण्ड तृतीय मोहनलालगंज अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी ने दी है। उन्होंने बताया कि निगोहां मस्तीपुर रघुनाथ खेड़ा पुरहिया दयालपुर फीडर से जुड़े विधुत उपभोक्ताओं की बुधवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पकड़ा गया मुन्ना भाई

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार: बंथरा इलाके में मंगलवार को सुल्तान फाउण्डेशन में उत्तर प्रदेश पुलिस की रेडियो असिस्टेंट ऑपरेटर पद की परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई को पकड़ा गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

बंथरा की आजाद विहार कालोनी स्थित सुल्तान फाउण्डेशन ऑनलाइन परीक्षा सेंटर पर एक सॉल्वर पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ आरोपी की पहचान बिहार प्रान्त के नालंदा जिले के चिक्सौरा थाना क्षेत्र के सबचक निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुयी। बताया कि वह फिरोजाबाद जनपद के थानूमई स्थित नगला चैनसुख में रहने वाले अजीत यादव के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। बंथरा इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव का कहना है कि पकड़े गये आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बताया केंद्र निरीक्षक ने आरोपी से एडमिट कार्ड मांगा। आशंका होने पर पूछताछ की तो प्रवेश पत्र फर्जी निकला। आरोपी लम्बे समय से कोचिंग पढ़ता था। वहीं पर उसकी पहचान अजीत यादव से हुयी थी।

नेपाल और झारखंड से मादक पदार्थों की तस्करी पर लगेगा ब्रेक

नारकोटिक्स विभाग की लखनऊ इकाई से हटेंगे 34 जिले, गोरखपुर में होंगे शामिल

गजेंद्र पांडेय, लखनऊ

- नई इकाई से बढ़ेगा स्टाफ लंबित मामलों की जांच करने में होगी आसानी
- गोरखपुर इकाई तैयार, महीने के आखिरी तक कर्मी वहां से करेंगे कमांड

अमृत विचार : तस्कर मादक पदार्थों की बड़ी खेप नेपाल और झारखंड से लाकर उत्तर प्रदेश में खपाते हैं। नारकोटिक्स विभाग ने उत्तर प्रदेश में मादक पदार्थ की तस्करी, खरीद-फरोख्त और ट्रैफिकिंग पर ब्रेक लगाने के लिए गोरखपुर में नई यूनिट खोली है। इस यूनिट में लखनऊ यूनिट के 34 जिले शामिल किए जाएंगे। ऐसे में लंबित मामलों की जांच करने में कर्मियों को न सिर्फ राहत मिलेगी, बल्कि नेपाल और झारखंड से तस्करी कर यूपी में खपाये जाने वाले मादक पदार्थों पर अंकुश लगेगा।

नारकोटिक्स की लखनऊ यूनिट में वर्तमान में 60 से ज्यादा जिले शामिल हैं। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विभाग अभियान चलाता है। लेकिन बड़ा एरिया होने के चलते कई बार तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। ऐसे में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए नई यूनिट गोरखपुर में खोली गई है। विभागीय सूत्रों की मानें तो नई यूनिट के लिए टीम को तैयार कर जिलों को भी बांट दिया गया है। पिछले कई दिनों से लखनऊ से ही अलग-अलग तरह से काम भी किया जा रहा है। विभागीय अफसरों के अनुसार फरवरी माह के अंत तक टीम को गोरखपुर भेज दिया जाएगा। जहां से 34 जिलों में नई यूनिट का स्टाफ मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करेगा।

गोरखपुर बना पूर्वी यूनिट

लखनऊ इकाई से जिलों को गोरखपुर इकाई में शामिल कर दिया गया है। ऐसे में यूनिट को दो हिस्सों में बांट दिया गया है। लखनऊ यूनिट पश्चिमी और गोरखपुर को पूर्वी यूनिट का नाम दिया है।

लखनऊ यूनिट के जिले

लखनऊ, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जलौन, झांसी, महोबा, ललितपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हमीरपुर, बाराबंकी, उन्नाव।

गोरखपुर यूनिट के जिले

गोरखपुर, मिर्जापुर, संतकबीरदास नगर, सोनभद्र, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशम्भी, प्रतापगढ़, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, फैजाबाद, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया, मऊ, बस्ती, संतरविदास नगर, सिद्धार्थनगर, रायबरेली, बांदा, चित्रकूट, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज।

लोग बोले- पहली बार कानों में गूंजा इतना तेज धमाका

आसपास के घरों में रहने वाले लोगों में धमाके से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कैंट इलाके के कबाड़ गोदाम में हुए हादसे को लेकर आसपास के लोग सदमे में दिखे... बोले- जीवन में पहली बार कानों में इतनी तेज धमाका गूंजा। इसके बाद लोगों की चीख पुकार व शोर सुनाई दिया। कबाड़ गोदाम की तरफ लोगों की भीड़ दिखी और पुलिस का सायरन गूंजने लगा। गोदाम की तरफ पहुंचे तो पता चला कि धमाके में अंदर मौजूद मजदूर के चीथड़े उड़ गये। लोगों का कहना था कि धमाके की गूंज काफी देर तक कानों में रही।

कबाड़ गोदाम में धमाके के बाद मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी, साथ में अन्य।

धमाके के बाद दहशत में आए स्थानीय लोगों ने बयां किया हाल। अमृत विचार

केके सिंह का मकान कबाड़ गोदाम के पीछे बना है। उनके अनुसार 3 बजे के करीब वह बच्चों के संग बैठे टीवी देख रहे थे। इसी दौरान धमाका हुआ। लगा की छत गिरने वाली है पूरा मकान हिलता महसूस हुआ। बच्चों के संग वह खुद करीब पांच मिनट तक बदहवास हालत में रहे। घर से बाहर निकल कर देखा तो गोदाम के बाहर भीड़ दिखी तब घटना का पता चला। केके के पड़ोसी नफीस ने बताया कि नमाज पढ़ने घर से निकल कर मस्जिद की तरफ जा रहे थे। घर से कुछ दूर ही पहुंचे थे कि धमका गूंजा। ऐसा लगा की मानो बम फटा हो कानों के पर्दे फटते जैसे महसूस हुये। दौड़ कर घर पहुंचा तो परिजन भी बदहवास दिखे। उन्हें घटना बतायी तब कुछ राहत महसूस की।

गोदाम से करीब 50 मीटर की दूरी पर किराना दुकानदार नरेश ने बताया कि वह दुकान पर ग्राहकों को सामान दे रहे थे। इसी दौरान धमाका सुन ग्राहक भाग खड़े हुये, उन्हें लगा कि दुकान की छत गिरने वाली है। इससे वह भी बाहर भागे। तब पता चला कि गोदाम में धमाका हुआ है। गोदाम के बाहर भीड़ में खड़ी नसरीन ने बताया कि उनका घर यहां से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर है। वहां तक धमाका सुनायी दिया। पड़ोसी शमा बानों भी घर से बाहर निकल आयीं थी। कुछ देर बाद घटना पता चली तो वह लोग देखने पहुंची हैं। दीपक व अंशुल व शुभम भी इलाके में ही रहते हैं। उनका कहना है कि धमका होते ही गोदाम के आसपास सड़क पर निकल रहे लोग चौंककर कई पल बुत की तरह खड़े रहे।

दुष्कर्म के आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी रत्नेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 12 वर्षीय बच्ची को बहला फुसला कर ले गया था। जहां पर दुष्कर्म किया था। पीड़ित परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। बताया आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उधर,आशियाना पुलिस ने मंगलवार को बंद मकानों से चोरी के आरोप में पारा निवासी सर्वेश कुमार और मोहनलालगंज निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से गहने और नकदी बरामद की गयी। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

सड़क हादसों में दो की मौत, दो गंभीर

सरोजनीनगर/ निगोहां

- सरोजनीनगर, बंथरा और नगराम थाना क्षेत्र में हुए हादसे

अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुये तीन सड़क हादसों में दो की मौत हो गयी और दो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर तहरीर देने की बात कही है।

मूलतः गोंडा निवासी ननकऊ (65) सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा स्थित काशीराम कॉलोनी में पत्नी शिवमती के साथ रहकर ई रिक्शा चलाता था। सोमवार रात ई रिक्शा खड़ा कर साइकिल से घर लौट रहा था। रास्ते में सरोजनीनगर में गौरी बाजार के समीप एंबुलेंस चालक ने पीछे से साइकिल में टक्कर मार दी। वह गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया । जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, बंथरा थाना क्षेत्र के ककहुआ निवासी वनोद कुमार (40) सोमवार शाम किसी काम से बंथरा गया था। करीब 9 बजे वह घर जा रहा था। रामचौरा रोड स्थित गढ़ी-चुनौटी गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। यहां से चिकित्सकों ने लोकबंधु रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, नगराम मोड़ के पास मंगलवार देर शाम दो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में घायल रायबरेली जिले के सरेनी लालगंज निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया वह शादी में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। नगराम मोड़ पर निगोहां मीरकनगर निवासी रोहित की बाइक से टक्कर हो गई। पुलिस ने एंबुलेंस से वीरेंद्र को सीएचसी बछरावां भेजा। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि रोहित को परिजनों निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। संबंधित थाना पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

जंगली सुअर के हमले से दो ग्रामीण घायल

संवाददाता, मलिहाबाद

राजकुमार

अमृत विचार : मलिहाबाद क्षेत्र में शौच करने गए ग्रामीणों पर जंगली सुअर ने हमलाकर उन्हें जख्मी कर दिया। जिन्हें नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों की मानें तो, मुडियारा गांव निवासी राजकुमार मंगलवार सुबह गांव के बाहर खुले में शौच करने गए थे। इसी बीच उन पर पीछे से जंगली सुअर ने हमला कर दिया। हांलाकि, ग्रामीणों की पहुंचने पर सुअर वहां से जंगल की तरफ भाग निकला। इसी प्रकार ग्राम गदियाखेड़ा निवासी सुशील पर भी जंगली सुअर ने हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि सुअर ने उनके पेट और गले में दांत गड़ा दिए। जिससे वह उनको चलने में भी असहजता होने लगी। ग्रामीणों ने दोनों को जख्मी हालत में नजदीक सीएसची में भर्ती कराया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। परेशान लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह जाल फाड़ कर भाग निकला। वन रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम भेजकर जंगली सुअर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

बाइक सवार बदमाशों ने छीना मोबाइल

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थानाक्षेत्र अन्तर्गत राजाजीपुरम में बाइक सवार बदमाशों से एक युवक का मोबाइल छीन लिया। जिसके बाद पीड़ित ने बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

राजाजीपुरम सेक्टर 11 एफ ब्लॉक निवासी प्रतियोगी छात्रा पलक मंगलवार सुबह मोहान रोड घनिया महरी पुल से घर लौट रही थी। इसी बीच छात्रा के मोबाइल पर मां की कॉल आई । छात्रा ने जैसे ही मोबाइल निकला। तभी पीछे आए बाइक सवार लुटेरे हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। हालांकि, सोमवार शाम को भी बाइक सवार लुटेरों ने थाने के समीप एक युवक से मोबाइल छीन लिया था।

सार-संक्षेप

प्रेसवार्ता कर जानकारी देते पूर्व चेयरमैन अरुण सिंह, साथ में अन्य ।

खेल स्पर्धा से निखरेंगी गांवों की प्रतिभाएं : अरुण सिंह

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब स्थित इंटर कालेज में 10 फरवरी सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित होंगे, जिनमें हजारों छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। विजेताओं को मेडल,प्रमाणपत्र और ट्राफी भी दी जायेगी। मंगलवार को पूर्व चेयरमैन अरुण सिंह गप्पू ने जानकारी देते हुए कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाना, उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है। इससे आगे चलकर युवाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकेगा। भाजपा नेता संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इससे खिलाड़ियों को खेल के अवसर प्राप्त होंगे। सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत कबड्डी,खो-खो,गोला फेंक, भाला फेंक,वॉलीबॉल,योगासन 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर दौड़,ऊंची कूद, आदि खेलों का आयोजन किया जायेगा।

पीडीए पखवाड़े की बैठक में बताईं सपा सरकार की नीतियां

पीडीए पखवाड़े में जानकारी देते मो .अकील खान

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन ने मंगलवार को पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मुस्लिम पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पीडीए पखवाड़ा के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मो .अकील खान ने विधानसभा क्षेत्र बख्शी का तालाब के ग्राम पंचायत बनौगा,अमानीगंज में पीडीए पखवाडा कार्यक्रम में मौजूद जन समुदाय को समाजवादी सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी दी। मो .अकील खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी का मान सम्मान करती है और सबको साथ लेकर चलने का संकल्प करती हैं।

नो पार्किंग में खड़ी कार उठाने पर क्रेन पर चढ़ किया हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरपुरवा निवासी क्रेन चालक अनिल कुमार ने बताया सोमवार देर शाम बीबीडी इलाके में नो पार्किंग जोन में खड़े चार पहिया वाहन को टो करने का निर्देश मिला। वह वाहन संख्या यूपी 32 एमयू 0154 को क्रेन से टो कर बीबीडी यार्ड की तरफ लेकर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गाड़ी मालिक अचानक क्रेन के अगले हिस्से पर चढ़ हंगामा करने लगा। जब तक वह क्रेन रोकता आरोपी ने शीशा तोड़ दिया। विरोध करने पर अन्य साथियों संग गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गये। बीबीडी इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कार नंबर के आधार पर चालक व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भू-माफिया ने जमीन कब्जाने का किया प्रयास

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्र के मुताबिक, मानकनगर के धैंधाखेड़ा निवासी मुंशी सिंह ने भगत सिंह, सत्यनारायण, राजकुमार समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि देवपुर गांव में उसके हिस्से मे पुश्तैनी जमीन आई है। जिनका ब्यौरा अभिलेखों में भी दर्ज है। आरोपी उसके भाई है, जो लम्बे समय से लोगों की जमीन पर कब्जा जमाए हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने धोखा धड़ी करते हुए जमीन के एक हिस्से का बैनामा वीरेन्द्र प्रताप राना को कर दिया था। जिसे कब्जाने के लिए आरोपी उससे झगड़ा करते हैं। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने सम्बन्धित थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। हालांकि, पुलिस आयुक्त के निर्देश पर वजीरगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कैशियर पर तमंचा तान रुपये छीनने का प्रयास

अमृत विचार, लखनऊ : मूलरूप से गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद थानाक्षेत्र अंतर्गत महकपुर गांव निवासी राम अवधेश खरवार इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित एक मेगा मार्ट में बतौर कैशियर है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5 :30 बजे वह लंच करके वापस लौट रहा था। तभी दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। इसके बाद आरोपी शराब पीने के लिए उससे 200 रुपये मांगने लगे। इनकार करने पर एक आरोपी ने तमंचा निकाल उनकी कनपटी पर सटा दिया। पीड़ित का कहना है कि हिम्मत दिखाते हुए उसने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान अभिषेक शुक्ला और सैय्यद फरहान हाशमी के रूप में हुई है।

एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर ऐंठे 42 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस आयुक्त के निर्देश पर महानगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) में ग्रुप-सी के तहत नियुक्ति दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने एक शख्स से 42 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद जालसाजों ने नई दिल्ली में उसका साक्षात्कार कराया। फिर आरोपियों ने पीड़ित व उसके दोस्तों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। हकीकत पता चलने पर पीड़ितों ने रुपये वापस मांगे तब जालसाज धमकाने लगे। हालांकि, पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर महानगर कोतवाली में 15 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

विकासनगर सेक्टर-छह निवासी विकास सिंह मेट्रो रेल में संविदाकर्मी थे। वर्ष 2018 में उनकी मुलाकात मिर्जापुर निवासी अवनीश कुमार सेठ और सुलतानपुर निवासी नीरज कुमार पाण्डेय से हुई। बातचीत के दौरान जालसाजों ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम में ग्रुप-सी के तहत नियुक्तियां होनी है। चयन प्रक्रिया में सिर्फ साक्षात्कार होगा। फिर छह माह के प्रशिक्षण के बाद नियुक्ति होगी। इसके बाद आरोपियों ने प्रति व्यक्ति से आठ लाख रुपये की मांग कर छह लोगों कई मदों में कुल 42 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद विकास व उनके साथियों को ट्रेनिंग के लिए पंजाब बुलाया गया। जहां छह महीने तक कथित तौर पर ट्रेनिंग कराई गई। वहीं, नई दिल्ली बाराखम्भा स्थित एफसीआई दफ्तर ले जाकर इंटरव्यू कराने के बाद ज्वाइनिंग लेटर दिया गया। शिकायत करने पर आरोपी कभी बरेली तो कभी हापुड़ में ज्वाइनिंग दिलाने की बात कहते रहे। लाखों रुपये फंसने और नियुक्ति नहीं होने की वजह से विकास परेशान हो गए। उन्होंने नीरज पाण्डेय से रुपये लौटाने के लिए कहा। इस पर आरोपी गाली गलौज करने लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से घटना की जानकारी दी। जिनके निर्देश पर महानगर कोतवाली में अवनीश, नीरज, प्रेम शंकर पाण्डेय, अनूप श्रीवास्तव, अभिषेक दुबे, आलोक श्रीवास्तव उर्फ संजू समेत 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कार से लिफ्ट देने के बाद छीने 20 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज पुरसैनी निवासी उदयभान सिंह पैतृक गांव जौनपुर गए थे। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार को वह चारबाग से ऑटो लेकर एसजीपीजीआई गेट के सामने उतरे। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी मोहनलालगंज के लिए सवारी नहीं मिली। तभी सफेद रंग की कार आकर रुकी, जिसमें तीन युवक बैठे थे। बदमाशों ने लिफ्ट के बहाने उसे कार में बैठा लिया। इसके बाद बदमाशों ने उससे 20 हजार की नकदी छीन सड़क पर उतार दिया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

अंसल एपीआई कर्मी बन ठगे 10 लाख

संवाददाता, लखनऊ/ गोसाईंगंज

अमृत विचार: मल्हौर रोड निवासी सुनीता सिंह बेटी के साथ किराए के घर में रहती हैं। वर्ष 2022 में उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अंसल एपीआई कार्यालय में महिला कर्मचारी अश्वनी सिंह से मुलाकात की।

अश्वनी ने पीड़िता को विभव खंड-4 में अपनी मां बिंदु व पिता प्रकाश सिंह से मिलवाया। यहां अश्वनी ने बताया कि एक प्लॉट रीसेल में सात लाख में बिक रहा है। झांसे में आकर सुनीता ने रुपये नकद दे दिए। आरोपी ने कुछ पेपर पर साइन कराए और एक माह के अंदर कब्जा का आश्वासन दिया। आरोपी ने तीन लाख की मदद मांगी। पीड़िता उक्त रकम का चेक दे दिया। कब्जा नहीं मिलने पर टालमटोल देख सुनीता आरोपी के घर पहुंची तो पता चला कि वे मकान खाली कर गए हैं। सुनीता अंसल के ऑफिस पहुंची तो बताया गया कि उसे बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी हुई कि आरोपी अश्वनी ने पड़ोसी सुरेंद्र पाल निवासी सुल्तानपुर की मिलीभगत से जाली दस्तावेज बनाकर पीड़िता की यूनिट में सुरेंद्र का नाम जोड़ दिया। खोजबीन कर पीड़िता सुशांत गोल्फ सिटी में आरोपी के घर पहुंची। जहां उसके पिता मिले। रुपये वापस मांगने पर गालियां देकर भगा दिया। 10 लाख की ठगी का एहसास होने पर सुनीता ने एडीसीपी साउथ से मुलाकात कर शिकायत की। जांच में आरोप सही मिलने पर पुलिस ने अश्वनी सिंह, उनकी मां बिंदु, पिता प्रकाश, सुरेंद्र पाल और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खुलासा डीसीपी पूर्वी ने डकैती की वारदात का किया खुलासा, चिनहट थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में हुई थी घटना

चार डकैत गिरफ्तार, कॉपर वायर समेत डीसीएम बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चिनहट के औद्योगिक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में हुई डकैती का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया। चार डकैतों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डकैती में इस्तेमाल डीसीएम, 1953 किलोग्राम कॉपर वायर, 205 ग्राम लोहे की प्लेटें, .315 बोर के दो तमंचा, 4 कारतूस, मोबाइल बरामद किया है। सरगना सहित 5-6 डकैत पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं ।

पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये डकैत। अमृत विचार

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया अपट्रान औद्योगिक क्षेत्र में 26 जनवरी की रात यहियागंज निवासी संजीव अग्रवाल की बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में 12 डकैतों ने छह कर्मचारियों को बंधक बना डकैती डाली थी। डकैती के खुलासे के लिये पुलिस की पांच टीमें लगीं थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे टीमें इंटौजा, सीतापुर, शाहजहांपुर से बरेली पहुंचीं। पता चला कि फरीदपुर टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर बारादरी थाना क्षेत्र के काकाटोला पुलिस चौकी के इंडस्ट्रियल पार्क में डकैतों ने डीसीएम खड़ी की थी। जहां डीसीएम की पहचान छुपाने के लिए पेंट और डिजाइन करा ली थी। डीसीएम बरामद होते ही पुलिस ने चार डकैतों को दबोच लिया। डीसीपी ने बताया डकैतों की पहचान सलीम मियां निवासी काकाटोला पुराना शहर थाना बारादरी बरेली, गुड्डू उर्फ रहीम बख्श निवासी जल्ला लाड़पुर थाना भोजीपुरा, बरेली, अली हसन निवासी ग्राम उड़ला जागीर थाना बिथरी जैनपुर, बरेली व नन्द किशोर उर्फ सागर निवासी नवादा शेरखांन थाना बारादरी बरेली के रूप में हुई। डीसीएम का मालिक नन्द किशोर उर्फ सागर है। गुड्डू व अली हसन के खिलाफ बाराबंकी और बरेली थाने में रिपोर्ट दर्ज हैं। बताया कि डकैती का सरगना अनवर निवासी मोहल्ला करगना करेली थाना सुभाषनगर बरेली और मेराज निवासी मोहल्ला सरांया नीयर रेलवे स्टेशन सुभाषनगर बरेली है। इनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

फरार छह डकैतों की तलाश कर रहीं टीमें

डीसीपी ने बताया टीमों को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच में डकैती में उपयोग की गयी डीसीएम का नंबर मिला था। इसके आधार पर ई-चालान ऐप पर डीसीएम की जानकारी जुटाई गई। इसके बाद आरोपियों को बरेली के फतेगंज बाईपास से गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि डकैती के मास्टर माइंड समेत छह आरोपियों को पुलिस को तलाश की जा रही है।

डकैती से पहले माल बेचने का तय कर लिया था सौदा

पुलिस को पूछताछ में डकैतों ने बताया कि उनके संपर्क में कई बड़े स्क्रैप कारोबारी हैं। एक से माल बेचने का सौदा तय हुआ था। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस मुखबिरों की जानकारी जुटा रही है। एडीसीपी सैय्यद अली अब्बास का कहना है कि बिना रेकी और मुखबिरी के इतनी बड़ी वारदात संभव नहीं है। इसलिए हर पहलू की जांच की जा रही है।

एक नजर

45 हजार के नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र एटीएस ने वाराणसी से नकली नोट सप्लाई करने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 45 हजार रुपये के जाली नोट, एक आधार कार्ड, एक कीपैड मोबाइल फोन, फरक्का प. बंगाल जाने का ट्रेन टिकट बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। एटीएस को सूचना मिली की उप्र से कुछ लोग पश्चिम बंगाल के नकली नोट चलाने वाले तस्कर गिरोह के संपर्क में हैं। नकली नोटों की छपाई बांग्लादेश में होती है। वहां से पश्चिम बंगाल लाया जाता है। वहां से आरोपी नकली नोट लाकर यूपी के अलग-अलग जिलों में सप्लाई करते हैं। इस सूचना के बाद एटीएस की टीम ने विपिन गुप्ता उर्फ अवनीश एवं अंकुर मौर्य को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के फरक्का से अपने तस्कर साथियों के द्वारा बांग्लादेश से तस्करी के माध्यम से लाई गयी जाली नोट को वाराणसी लेकर आए थे।

स्पोर्ट्स कॉलेज में इस बार दाखिले के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन

कक्षा 6 में लिए जाएंगे दाखिले, शुरुआती चयन प्रक्रिया 16 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के तीनों स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिले को इस बार सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही लिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी बुधवार से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। लखनऊ के गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, सैफई स्थित मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज और गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में विभिन्न खेलों में कक्षा 6 में दाखिले लिए जाएंगे।

प्रवेश के लिए खिलाड़ी की आयु नौ से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रारम्भिक चयन प्रक्रिया 16 फरवरी से मंडलीय मुख्यालयों में पर शुरू हो जाएगी। प्रारम्भिक चयन परीक्षा में चयनित खिलाड़ी ही अंतिम चयन परीक्षा में शामिल होंगे।

स्पोर्ट्स कॉलेज सोसायटी प्रबंध समिति के सचिव अजय कुमार सेठी के अनुसार प्रारम्भिक चयन परीक्षा दो-दो मंडलों में एक साथ खेलवार होगी। प्रारंभिक चयन में चुने गए खिलाड़ियों की अंतिम चयन प्रक्रिया लखनऊ में होगी। खिलाड़ी कॉलेज के वेबसाइट sportscollegelko.in या khelsathi.in जाकर आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया से सम्बंधित पूरी जानकारी कॉलेज की बेवसाइट पर उपलब्ध है।

कॉलेजों में इन खेलों की सुविधा

- **गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज :** बालकों के लिए क्रिकेट, वॉलीबाल, हॉकी, फुटबाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन
- **मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में :** क्रिकेट, कबड्डी, एथलेटिक्स, हॉकी, तैराकी, कुश्ती, बैडमिंटन
- **वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर :** बालक एवं बालिकाओं का जिमनास्टिक एवं वॉलीबाल, बालिका हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती एवं जूडो

शुरुआती चयन परीक्षा का कार्यक्रम

- 16 एवं 17 फरवरी– अयोध्या और देवीपाटन मंडल में
- 18 एवं 19 फरवरी– गोरखपुर एंव वाराणसी मंडल में
- 20 एवं 21 फरवरी– बस्ती एवं आजमगढ़ मंडल में
- 22 एवं 23 फरवरी– मिर्जापुर एवं प्रयागराज मंडल में
- 24 एवं 25 फरवरी– कानपुर एवं चित्रकूट मंडल में
- 26 एवं 27 फरवरी– झांसी एवं आगरा मंडल में
- 28 एवं 29 फरवरी– अलीगढ़ एवं बरेली मंडल में
- 1 एवं 2 मार्च – मुरादाबाद एवं मेरठ मंडल में
- 3 एवं 4 मार्च – सहारनपुर एवं लखनऊ मंडल में

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश ने जीते एक स्वर्ण सहित 7 पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

ताइक्वांडो चैंपियनशिप

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने रायपुर (छत्तीसगढ़) में बीते 1 से 4 फरवरी तक आयोजित 37वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर क्योरगी एवं 12वीं राष्ट्रीय सब -जूनियर पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य पदक जीते। बालक वर्ग में यूपी टीम तीसरे स्थान पर रही।

जैन अली ने बालक क्योरगी के अंडर-18 किग्रा में स्वर्ण जीता। इसके साथ मानव कश्यप ने बालक क्योरगी अंडर-27 किग्रा, मनोज कश्यप ने बालक क्योरगी अंडर-29 किग्रा, सौम्या तिवारी ने बालिका क्योरगी अंडर-47 किग्रा में रजत पदक अपने नाम किए। पुष्पित कुमार को बालक क्योरगी के अंडर-35 किग्रा, आराध्या मिश्रा को बालिका क्योरगी अंडर-32 किग्रा व आर्यन रावत को बालक क्योरगी अंडर-38 किग्रा में कांस्य पदक मिले।

उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओं को ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

बराबरी पर छूटा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोनों टीमों के सदस्यों को दी गई इनामी धनराशि

अमृत विचार : केडी सिंह बाबू सोसाइटी के संस्थापक और पूर्व ओलंपियन पद्मश्री पं.जमनलाल शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर मंगलवार को केडी सिंह बाबू एकादश और जमन लाल शर्मा एकादश के मध्य मैत्री मैच खेला गया।

चंद्र भान गुप्त खेल मैदान पर खेला गया मुकाबला 4-4 की बराबरी पर छूटा। केडी सिंह बाबू एकादश की ओर से मान, अर्पित, रूबी यादव और अरमान खान ने गोल दागे। जमन लाल एकादश की ओर से एयाज, अकमल, कार्तिक और शिव्यांशु ने गोल किए। इस मुकाबले में विजेता टीम को 10 हजार और उपजेता टीम को 5 हजार रुपये दिए जाने की घोषणा की गई थी। संयुक्त रूप से विजेता घोषित की गई दोनों टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को पूर्व हॉकी खिलाड़ी निशा मिश्रा ने सम्मानित किया।

टीम सदस्यों को सम्मानित करतीं निशा मिश्रा, साथ में अन्य। अमृत विचार

सेंट ऐन्स और आर्या अकेडमी की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच आर्यमान सिंह (127 रन, 2 विकेट) के दम पर सेंट ऐन्स क्रिकेट अकैडमी ने ईगल क्रिकेट क्लब को 101 रन से हराया। एमएल मिश्रा बी-सी डिवीजन लीग के अन्य मुकाबले में आर्या क्रिकेट अकैडमी ने गुलमोहर अकैडमी को 133 रन से हरा दिया।

सेंट ऐन्स अकैडमी ने 30 ओवर में छह विकेट पर 252 रन बनाए। आर्यमान सिंह ने 127 रनों की पारी खेली। जवाब में ईगल क्लब नौ विकेट पर 151 रन ही बना सका। अन्य मुकाबले में आर्या अकेडमी ने 40 ओवर में आठ विकेट पर 261 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच अनुज ठाकुर ने 100 रन बनाए। शाद अहमद ने 51 रन व आलोक सिंह ने 46 रन बनाए। जवाब में गुलमोहर अकैडमी आठ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। आर्या अकैडमी से कृष्णा कुमार सिंह ने आठ ओवर में तीन मेडन के साथ 17 रन देकर चार विकेट लिए। जसमान सिंह ने दो, शाश्वत पाण्डेय और अनुज ठाकुर ने एक विकेट झटका।

सार-संक्षेप

प्रहलाद और उमेश ने दिखाया शानदार खेल

अमृत विचार, लखनऊ : पिछले संस्करण की विजेता दैनिक जागरण ने मैन ऑफ द मैच विमलेश कुमार (4 विकेट) की गेंदबाजी से तृतीय एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल)-2024 में अमर उजाला को 16 रन से हराकर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) की देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेली जा रही लीग में दिन के दूसरे मैच में पूल ए से ही डीडीएआईआर एकादश ने मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश के खिलाफ 7 विकेट की जीत से अंतिम चार में जगह बनाई। पहले मैच में दैनिक जागरण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट पर 98 रन बनाए। जवाब में अमर उजाला अंतिम गेंद तक चले मैच में 8 विकेट के नुकसान पर 82 रन ही बना सका। मैन ऑफ द मैच विमलेश कुमार को खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया।

असम और चंडीगढ़ के बीच मुकाबला आज

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय महिला अंडर-23 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट के आखिरी चरण के तीन मुकाबले बुधवार को खेले जाएंगे। अभी तक प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश की टीम ग्रुप सी के तहत अंक तालिका में 18 अंक के साथ पहले ही नाकआउट राउंड के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। दूसरे स्थान के लिए असम और हिमाचल प्रदेश में संघर्ष जारी है। बुधवार को असम का सामना इकाना स्टेडियम में चंडीगढ़ से होना है। मुकाबले जीत दर्ज करने के बाद असम ग्रुप में दूसरी टीम के रूप में नाकआउट चरण के लिए क्ववालीफाई कर सकती है। यदि इस मुकाबले में असम को हार मिलती है तो टीम को को आनंदराम जयपुरिया ग्राउंड में हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच मुकाबले का इंतजार करना होगा। इस मुकाबले में हिमाचल की टीम बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी ओर असम की टीम चंडीगढ़ से हार जाती है, तो हिमाचल के नाकआउट चरण में पहुंचने की संभावनाएं बन जाएगी। लखनऊ चरण के तहत बुधवार को होने वाले तीसरे मुकाबले में बिहार का सामना केरल से इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड में होगा।

प्रगतिशील आंदोलन और आज के साहित्य पर सेमिनार 11 को

अमृत विचार, लखनऊ : 11 फरवरी को ऑल इण्डिया कैफी आजमी एकेडमी प्रगतिशील आंदोलन के महत्व और उसकी जरूरत विषय पर एक सेमिनार का आयोजन करने जा रही है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रोफेसर अली अहमद फातमी ने बताया कि मौजूदा दौर में प्रेमचन्द्र का लेखन महत्वपूर्ण है। इसकी आवश्यकता अभी कम नही हुई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में प्रगतिशील आंदोलन और आज का साहित्य विषय पर सेमिनार का प्रस्ताव कैफी आजमी एकेडमी की मीटिंग में लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील आंदोलन आज भी उतना ही असरकारक है, जितना प्रेमचंन्द्र और सज्जाद जहीर के दौर में था। जिन समस्याओं पर प्रगतिशील आंदोलन में आवाज उठाई गई थी। उन्हीं समस्याओं पर आज के दौर के शायर और साहित्यकार भी अपनी आवाज उठा रहे हैं।

प्रमुख सचिव की सख्ती का दिखने लगा असर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 15 तक दिया 75 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का मौका, तब जारी होगा वेतन
- 600 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 389 करोड़ रुपये की हो पायी है वसूली

अमृत विचार : गृहकर वसूली की धीमी प्रगति पर प्रमुख सचिव नगर विकास की सख्ती का असर दिखने लगा है। नगर निगम के जोनल अधिकारी के नेतृत्व में कर अधीक्षकों और राजस्व निरीक्षकों ने गृहकर वसूली के लिए कुर्की व सीलिंग अभियान तेज कर दिया है। गृहकर के बड़े बकायेदारों के घर और दुकानों पर अधिकारी खुद जाकर वसूली के लिए दबाव बना रहे हैं। बकाया जमा न करने पर भवन व दुकानें सील कर रहे हैं।

नगर निगम को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कर करेत्तर का 6,00 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला है। नगर निगम अभी लगभग 389 करोड़ रुपये ही वसूल पाया है। गृहकर के तौर पर 260 करोड़ रुपये आए हैं। वित्तीय वर्ष खत्म होने में दो महीने से भी कम समय बचा है और 2,00 करोड़ रुपये से ज्यादा की वसूली होनी है।

गृहकर वसूली की समीक्षा में धीमी प्रगति पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने पिछले महीने नाराजगी जताते हुए नगर निगम के अफसरों का जनवरी माह का वेतन रोक दिया था। इनमें लखनऊ नगर निगम के आठों जोनल अधिकारी, 14 कर अधीक्षक और समस्त राजस्व निरीक्षक शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को 15 फरवरी तक लक्ष्य पूरा करने का मौका दिया है। इस अवधि में यदि जोनल अधिकारी द्वारा दिये गए वार्डवार लक्ष्य का 75 फीसदी वसूली कर लेते हैं तो उनका वेतन जारी कर दिया जाएगा।

आरबीआई ने ट्रांसजेंडर को बैंकिंग संबंधी जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रांसजेंडर समूह को बैंकिंग से जोड़ने का हैं उद्देश्य

अमृत विचार : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मंगलवार को वित्तीय साक्षरता प्रसार कार्यक्रमों के अंतर्गत ट्रांसजेंडर समूह को लक्षित करते हुए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर समूह को बैंकिंग संबंधी बुनियादी जानकारियां प्रदान करना तथा उन्हें ज्यादा से ज्यादा बैंकिंग से जुड़ने हेतु प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक सोनाली दास, उप महाप्रबंधक राकेश दुबे, सहायक महाप्रबंधक शिव सिंह, प्रबंधक पुष्कर कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बैंक ऑफ इंडिया, अग्रणी बैंक तथा अन्य दो बैंकों द्वारा बैंकिंग संबंधी सहयोग हेतु काउंटर भी लगाए गए थे। कार्यक्रम के आयोजन में अवोक इंडिया फाउंडेशन एनजीओ का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लेकर इसका लाभ उठाया।

बसों की व्यवस्था के लिए तीन एआरएम तैनात

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार पहुंच रही है। श्रद्धालु आस्था स्पेशल से अयोध्या धाम पहुंच हैं। श्रद्धालुओं के लिये रोडवेज बसों की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने को तीन सहायक श्रेत्रीय प्रबंधकों (एआरएम) की ड्यूटी लगाई गई है। जीएम संचालन मनोज कुमार के अुनसार अवध बस डिपो के एआरएम सत्य नारायण चौधरी, गोंडा के एआरएम कपिल देव और निचलौल के सर्वजीत वर्मा को तैनात किया गया है। दो-दो सहायकों के साथ इन अधिकारियों को कार भी दी गई है। दो प्रवर्तन दल के यातायात अधीक्षकों को भी वहां भेजा गया है। एक सप्ताह तक ये सभी अधिकारी और कैर्मचारी अयोध्या धाम में अपनी सेवाएं देंगे।

धार्मिक पर्यटन समेत विकास की परियोजनाओं पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा से जुड़ी वाराणसी व शक्ति उपासना के प्रमुख तीर्थों में शुमार विन्ध्य क्षेत्र में भी समेकित विकास का खाका खींचा गया है।

सोमवार को विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना पेश वार्षिक वित्तीय बजट में वाराणसी मंडल और विन्ध्य क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा तमाम नागरिक सुविधाओं से लैस करने की जारी विभिन्न योजनाओं के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि की व्यवस्था का एलान किया। इस क्रम में, वाराणसी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 400 करोड़, रोपवे व अवस्थापना परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना के लिए भूमि क्रय के लिए 150 करोड़ रुपए का बजट जारी किया है।

इन प्रोजेक्ट्स पर रहेगा मुख्य फोकस : मीरजापुर में विन्ध्याचल स्थित त्रिकोणीय क्षेत्र में माँ विन्ध्यवासिनी मंदिर, माँ अष्टभुजा मंदिर, माँ कालीखोह मंदिर को जोड़ने वाले त्रिकोण संरेखण में आने वाले परिक्रमा मार्गों एवं जन सुविधाओं के उन्नयन के लिए कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए 100 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था। लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास तथा वाराणसी एवं अन्य शहरों में रोप-वे सेवा विकसित किये जाने के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था।

अविच्छिन्न प्राचीन संस्कृति का उदाहरण है काशी

बजट भाषण में काशी-अयोध्या का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भारत की संस्कृति धार्मिक, बौद्धिक, वैज्ञानिक रूप से अत्यन्त समृद्ध रही है। दुनिया के लिये यह एक आश्चर्य का विषय रहा है कि इतनी प्राचीन संस्कृति सदियों तक बाहरी आक्रमणों के बावजूद किस प्रकार अभी भी अविच्छिन्न बनी हुई है। यह उनके लिये आश्चर्य का विषय हो सकता है परन्तु हमारे लिये यह जीवनशैली है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने हमारे सांस्कृतिक धरोहरों की अनदेखी की परन्तु पीएम मोदी व सीएम योगी नेतृत्व में हमारी सांस्कृतिक धारा अधिक प्रवाहमयी हो रही है। दूसरी ओर, काशी तथा अयोध्या धाम में बढ़ते तीर्थ पर्यटन पर फोकस करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रदेश में स्पीरिचुअल टूरिज्म की अपार संभावनाएं निहित हैं। न केवल काशी-अयोध्या बल्कि प्रदेश भर में धार्मिक तथा पर्यटक स्थलों के पुनरुद्धार तथा सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त होने से उत्तर प्रदेश की आर्थिक आर्थिक उन्नति भी सुनिश्चित होगी।

सीखेंगे पंचायतों की आय बढ़ाने के गुर

इंदिरा नगर स्थित विकास भवन से बस को हरी झंडी दिखाकर बुलंदशहर के लिए रवाना करते डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधान और सचिवों को ठोस एवं तरल प्रबंधन का दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

अमृत विचार : राजधानी की ग्राम पंचायतों की साफ-सफाई और आय बढ़ाने के लिए प्रधान व सचिव बुलंदशहर में गुर सीखेंगे। इसके लिए मंगलवार को 50 ग्राम पंचायतों के प्रधान व सचिव बुलंदशहर के लिए रवाना हुए।

विकास भवन से जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभिनव त्रिवेदी के साथ बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया कि बुलंदशहर में पंचायती राज विभाग का प्रशिक्षण संस्थान है।

वहां बुधवार को एक दिवसीय लखनऊ के प्रधान और सचिवों को ठोस एवं तरल प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले का भ्रमण कर बेहतरी बताएंगे। ग्राम पंचायतों की आय कैसे बढ़ाई जाए यह खास विषय होगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलग्राम, जनपद हरदोई

पत्र सं: 246/न0पा0परि0बिल0 /भवन मानचित्र/2023–24 दिनांक: 05/02/2024

सार्वजनिक सूचना (भवन मानचित्र स्वीकृत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मो0 तारिक पुत्र स्व0 इकतदा हुसैन, निवासी– मो0 मलकण्ठ कस्बा व परगना व तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई ने भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना पत्र 24.01.2024 को प्रस्तुत किया है। जिसमें अपने पुस्तैनी मकान जो कि प्रार्थी के पिता स्व0 इकतदा हुसैन के नाम दर्ज है। इकतदा हुसैन के उत्तराधिकारियों ने अपनी–अपनी सहमति दे दी है। जिसमें मो0 मलकण्ठ अन्दर नगर पालिका बिलग्राम जनपद हरदोई में स्थित जर्जर मकान का भवन का नव निर्माण करना चाह रहा है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है।

पूरब में –नगर पालिका रोड
पश्चिम– मकान मुशर्रफ हुसैन
उत्तर –6 फिट गैलरी मुशर्रफ हुसैन
दक्षिण –गैलरी 4 फीट मकान मेराजुद्दीन

इस भवन मानचित्र स्वीकृत प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिलग्राम, हरदोई

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर

पत्रांक: एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/13231–36/2023–24 दिनांक: 05/02/2024

जेम–बिड–विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/3–315/12423/2023–24 दिनांक: 09.012024 के माध्यम से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं हेतु भोजन सामग्री, शिक्षण सामग्री, दैनिक उपभोग एवं अन्य विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का क्रय हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित ई–मार्केट प्लेस, जेम पोर्टल पर बिड सं0 GEM/2024/B/4578648, BID NO: GEM/2024/B/4578358, BID NO: GEM/2024/B/4577798 अपलोड की गयी है। इच्छुक फर्मो द्वारा बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि 14.02.2024 पूर्वाहन 10.00 बजे तक निर्धारित है जो समिति के समक्ष दिनांक 14.02 2024 को बजे खोली जायेगी। बिडर्स को बिना कारण बताये बिड को निरस्त करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।

(दीपिका चतुर्वेदी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

कार्यालय ग्राम पंचायत – सलुवा, विकास खण्ड चरखारी (महोबा)

पत्रांक: मेमो पंद्रहवा वित्त आयोग / प0रा0वि0 / निविदा / 2023–2024 दिनांक–06–02–2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

पंद्रहवा वित्त आयोग/पं0 राज्य वित्त आयोग के 2023–2024 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलुवा चरखारी जिला महोबा के स्वीकृत कार्य योजना वर्ष 2023–2024 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07–02–2024 से 12–02–2024 को समय 03: 00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन मे निविदा पेटी मे डाली जाएगी। दिनाक निविदा 12–02–2024 को सायं 4:00 बजे समिति के सामने खोली जाएगी ।

क्र0	कार्य एवं कार्य स्थल का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रू में)	धरोहर धनराशि	सामग्री आपूर्ति किये जाने की कुल समयावधि
1	ग्राम सलुवा मे स्कूल की बाउंड्रीवाल उच्चीकरण का कार्य	सीमेंट, फाइन सैंड, कोर्स सैंड, 20उउ एग्रीगेट, 40उउ एग्रीगेट, ड–150 ब्रिक्स, माइल्ड स्टील, एम. एस. आयरन डोर, स्कूल बोर्ड, डिस्टेपर	3.27	5143.00	30 दिन

नियम / शर्ते– 1– आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार का आयकर एवं व्यापार कर विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिये जिसकी प्रति निविदा के साथ संलग्न की जायेगी। 2– आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार द्वारा उपरोक्त धरोहर राशि एनएससी / केपीवी / डाकघर पासबुक/ टीडीआर ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। 3– आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार को कार्यस्थल पर सामग्री की पहुंचता दरें निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी । 4– आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार को निर्धारित अवधि में कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। 5– निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने अथवा स्वीकार करने का अधकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा।

ग्राम प्रधान
सलुवा (चरखारी),महोबा

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,
सलुवा (चरखारी),महोबा

सक्रियता | गांवों में अब कोई भी अपने नाम से करा सकेगा विकास

मातृभूमि योजना को बजट से लगेंगे पंख, विकास में आएगी तेजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पंचायती राज विभाग की 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि' योजना जनसहभागिता से गांवों का विकास करने के लिए है। प्रदेश सरकार ने योजना को रफ्तार देने के लिए 33 करोड़ रुपये बजट प्रस्तावित किया है। इससे गांव के विकास को पंख लगेंगे।

योजना के तहत कोई व्यक्ति या संस्था गांव में ग्रामीणों के हित में किसी भी तरह का निर्माण करा सकेंगे। वहीं, शिलापट्ट पर अपना या परिवार के सदस्यों का नाम भी लिखवा सकेंगे। संस्था या व्यक्ति जो भी कार्य कराएंगे उसमें 40 फीसद धनराशि राज्य सरकार से मिलने वाले बजट से ग्राम पंचायतें खर्च करेंगी। इस कार्य से बजट के अभाव में जो दूरियां या जो कमियां हैं वह दूर होंगी और विकास में तेजी आएगी।

इस संबंध में पंचायती राज विभाग के निदेशक राज कुमार ने बताया कि यह गांव के विकास और सहयोग के लिए अच्छी योजना है। बजट मिलने से विकास में और तेजी आएगी। व्यक्ति या संस्था जो भी कार्य कराएगी वह ग्रामीणों के लिए होंगे। व्यक्तिगत लाभ के कोई कार्य नहीं होंगे।

बजट के अभाव में धरातल पर नहीं उतरी थी योजना

योजना 2021 में संचालित हुई थी। लेकिन, अलग से बजट का प्रावधान नहीं था। ऐसी स्थिति में ग्राम निधि के बजट से 40 फीसद धनराशि लगानी थी। लेकिन, अन्य कार्यों का हवाला देकर इस योजना में रुचि नहीं ली गई। इसी कारण इच्छुक व्यक्ति व संस्थाओं ने कदम नहीं बढ़ाए। सिर्फ लखनऊ की बात करें तो एक भी आवेदन नहीं आए। जबकि गोरखपुर में योजना के तहत कई कार्य कराए गए। लेकिन, अब अलग से बजट मिलने से समस्या नहीं आएगी।

ये करा सकते हैं मुख्य कार्य

स्कूल व इंटर कालेज की कक्षाएं व स्मार्ट क्लास, सामुदायिक भवन, उप चिकित्सा केंद्र भवन, आंगनबाड़ी केंद्र का रसोईघर व भंडारण गृह, पुस्तकालय, खेलकूद के लिए व्यायाम स्कूल भवन और उपकरण, सीसीटीवी, कैमरा, सर्विलांस सिस्टम, फायर सर्विस स्टेशन के भवन, अन्त्येष्टि स्थल, जल उपचारण की व्यवस्था व एसटीपी, तालाब का सुंदरीकरण, बस स्टैंड, सोलर एनर्जी स्ट्रीट लाइट और पेयजल योजनाएं, आरओ प्लांट आदि।

कटरा पहुंची आस्था विशेष ट्रेन

अमृत विचार, लखनऊ : मुंगेर (बिहार) से चलकर आस्था विशेष ट्रेन नंबर 00345 मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के कटरा स्टेशन पर सुबह 08 :30 बजे पहुंची। आस्था ट्रेन से आए श्रद्धालुओं का स्वागत करने को रेलवे के अधिकारी खुद स्टेशन पर मौजूद रहे। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार, एडीआरएम (परिचालन) विक्रम कुमार और अन्य अधिकारियों ने स्टेशन पर आने वाले श्रद्धालुओं से मुलाकात की। इस विशेष आस्था ट्रेन में मुंगेर से 1038 श्रद्धालु यात्री आए। अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं। यह सभी श्रद्धालु अयोध्या में दर्शन करने के बाद 7 फरवरी को दोपहर तीन बजे कटरा रेलवे स्टेशन से मुंगेर के लिए रवाना होंगे।

एक नजर

एक साल में 7094 साइबर अपराधियों को जेल

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र में साइबर क्राइम की वारदातें काफी तेजी से बढ़ रही है। राज्य सरकार के आकड़े पर पर ही नजर डालें तो पिछले एक साल में 21 हजार छह सौ साइबर अपराध की वारदातें हुईं। इसमें अभी तक सात सौ अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी हुई। मंगलवार को सदन में जनवरी 2022 से 18 दिसम्बर 2023 तक साइबर अपराध और उसमें हुई कार्रवाइयों की बाबत हुए सवाल पर राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। बताया गया कि इस दरम्यान 21, 600 घटनाएं हुई। इसमें में 12,777 मामलों में जॉच पूरी की जा चुकी है। वहीं इस मामले में अब तक 7094 अपराधी जेल भेजे जा चुके हैं। अब तक विभिन्नर माध्य मों से प्रदेश में 22484 पुलिस अधिकारियों–कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। साथ ही साइबर अपराध पर लगाम कसने को नई भर्ती के 167917 पुलिस अधिकारियों–कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है।

छह खम्भों से बिजली का तार चोरी

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थानाक्षेत्र के उदित खेड़ा गांव के पास लगे 6 पोल के तार चोरी हो गये। सरोसा उपकेन्द्र के अवर अभियंता ने काकोरी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पारा के सरोसा उपकेन्द्र के अवर अभियंता आनन्द सिंह मर्तोलिया ने बताया कि बीते 31 जनवरी को 11 के.बी. भरोसा से पोषक जो कि 33/11 के. बी. सरोसा उपकेन्द्र से भरोसा से सप्लाई उदित खेड़ा गांव में दी जा रही है। गांव के पास लगे 6 पोल के एल टी लाइन के तार अज्ञात चोरों के द्वारा तार चोरी। जिसको लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

यात्रा से जुड़कर 'यज्ञ' को सफल बनाएं:माकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के यज्ञ को सभी कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता सफल बनाएं। कोषाध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में यात्रा व लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इस यज्ञ में सभी से सहयोग अपेक्षित है। सभी लोग 'डोनेट फॉर न्याय' की मुहिम से जुड़कर यात्रा को सफल बनाएं। राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि आज हमारे सामने राजनीतिक संकट है जिसके लिए हम सभी को एक साथ खड़े होने की आवश्यकता है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का हर सिपाही सड़क पर उतरकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पंच न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा भारत की विभिन्न संस्कृतियों का समागम है। यात्रा से समाज का प्रत्येक वर्ग दलित, पिछड़ा, आदिवासी, युवा, महिला सभी जुड़ रहे हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आज का दौर सोशल मीडिया का है। सोशल मीडिया के माध्यम से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिए। बैठक में पूर्व सांसद भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संयोजक पीएल पुनिया, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश सत्य नारायण पटेल, तौकीर आलम, प्रदीप नरवाल, पूर्व सांसद जफर अली नकवी, कमल किशोर कमांडो, विधायक वीरेंद्र चैधरी, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद पांडेय, प्रदीप माथुर, बरेली महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, पश्चिम प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पारस शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पीसीसी सदस्य योगेश जौहरी आदि शामिल हुए।

'ज्योति से ज्योति जलाते चलो' सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में मंगलवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में 'ज्योत से ज्योत जलाते चलो' सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने किया। कार्यक्रम में कवियों ने कविता पाठ कर प्रेम, भाईचारा और मानवता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम 12 फरवरी तक चलेगा।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शीघ्र ही यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने वाली है
- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सपा प्रमुख को यात्रा के लिए किया आमंत्रित
- अखिलेश ने दी बधाई, रायबरेली और अमेठी में रहेंगे साथ

अखिलेश यादव

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वह रायबरेली और अमेठी में इस यात्रा के साथ रहेंगे। शीघ्र ही यह यात्रा उप्र. में प्रवेश करने वाली है। अखिलेश यादव ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि उन्हें इस यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण नहीं मिला है। तब पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा था कि रूट तय होने के बाद सहयोगी दलों को यात्रा के लिए सूचित किया जाएगा।

मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे ने अखिलेश यादव को यात्रा के लिए आमंत्रित किया जिसे अखिलेश ने स्वीकार्य कर लिया है।

अखिलेश यादव ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कांग्रेस को बधाई दी और 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के बाद अमेठी या रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने पर सहमति दी। उन्होंने कहा कि आशा है यह यात्रा उप्र में प्रवेश करके पीडीए की रणनीति से जुड़ेगी और हमारे सामाजिक न्याय और परस्पर सौहार्द के आंदोलन को और आगे ले जाएगी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मंगलवार को सूरीनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष मारिनस बी के नेतृत्व में सूरीनाम के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य तथा संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी उपस्थित रहे। अमृत विचार

24 घंटे में ही चारबाग में ठहराव स्थल पर हो गया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र
- नगर निगम का वेंडर बता दर्जनों लोगों ने लगा लिए ठेले
- चारबाग में आरक्षण केंद्र के पास लग रहा जाम

अमृत विचार : महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को चारबाग सहित शहर के पांच स्थानों से ऑटो-टेम्पो के ठहराव स्थलों की शुरुआत की थी। संचालन शुरू हुए 24 घंटे भी नहीं बीते होंगे कि अवैध वेंडर समस्या बन गए हैं। नगर निगम का वेंडर बताकर लोगों ने चारबाग आरक्षण केंद्र से रेलवे ऑफिसर गेस्ट हाउस तक दर्जनों ठेले लगा लिए हैं। इससे निर्धारित ठहराव स्थल पर ऑटो-टेम्पो सवारी नहीं उतार पा रहे हैं। जिससे चारबाग आरक्षण केंद्र के पास जाम लग रहा है। टैम्पो टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने मंगलवार को इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त और पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर बताया है कि दुकानदार खुद को नगर निगम का वेंडर बताकर जबरन अपनी दुकानें आरक्षण केंद्र ठहराव स्थलों पर लगा रहे हैं। बहुत कहने पर भी नहीं हटा रहे और ऑटो चालकों से विवाद कर रहे हैं।

अध्यक्ष ने बताया कि टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा ने चारबाग में रवींद्रालय व आरक्षण केंद्र मोड़ पर स्थित ठहराव स्थलों का संचालन शुरू कर दिया है। संचालन के लिए कुल 18 वर्दी युक्त यातायात सहायक व सुपरवाइजर लगाए हैं। बुधवार से चारबाग मेट्रो के नीचे, नत्था चौराहा, मुसाफिर खाना जाने वाली सड़क के दोनों तरफ स्थित ठहराव स्थलों का संचालन शुरू किया जाएगा और 16 अतिरिक्त यातायात सहायकों की नियुक्ति की जाएगी। लेकिन ठहराव स्थलों पर अतिक्रमण, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था न होने, रवींद्रालय स्थित ठहराव स्थल पर नाले का पत्थर टूटा होने और सिटी व रोडवेज बसों के रवींद्रालय पर सवारियां चढ़ाने-उतारने से संचालन अव्यवस्थित हो रहा है।

सार-संक्षेप

अधीक्षण अभियंता व अवर अभियंता निलंबित

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : हापुड़ व अमरोहा में बिजली आपूर्ति बाधित होने व उच्चाधिकारियों को गलत सूचना देने के आरोप में हापुड़ के अधीक्षण अभियंता यूके सिंह व अवर अभियंता उदय राज को निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति को लेकर आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने दोनों अभियंताओं के निलंबन का निर्देश दिया। हापुड़ में 33 केवी लाइन की बंदी के कारण बिजली आपूर्ति लगभग 10 घंटे व अमरोहा में इंसुलेटर पंचर होने के कारण आपूर्ति लगभग एक घंटे बाधित रही थी। अध्यक्ष ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की।

पूर्व विधायक डॉ. अंबेश कुमारी ने सपा छोड़ी, भाजपा में जाएंगी

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के बीच सपा की मजबूत नेताओं में से पूर्व विधायक डॉ. अंबेश कुमारी व उनके पुत्र जिला पंचायत सदस्य मृत्युंजय प्रताप सनी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। दोनों अपने समर्थकों सहित सत्ताधारी दल भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व विधायक डॉ. अंबेश कुमारी के मुताबिक, सपा नेता जी के सिद्धांतों से भटक गई है। नेता जी की सोच दलितों व गरीबों के उत्थान एवं सामाजिक न्याय दिलाने की थी। कहा अब पार्टी की न कोई सोच है और न कोई लक्ष्य। इससे असंतुष्ट होकर उन्होंने पार्टी की प्रारंभिक, सक्रिय व आजीवन सदस्यता से त्यागपत्र दिया।

सभी थानों में महिलाओं के लिए बनेंगे विशेष कक्ष

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : महिला हेल्प डेस्क के अलावा उप्र के सभी थानों में महिलाओं के लिए एक विशेष कक्ष में बनेगा। इसे महिला इंजरी रूम और असेम्बली कम रिटायरिंग रूम नाम से जाना जाएगा। इसमें फर्स्ट एड बाक्स रहेगा, जिससे थाने पर आने वाली जख्मी पीड़ित महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया जाएगा। साथ ही उसमें बैठने और बात करने की भी व्यवस्था रहेगी। सदन में मंगलवार को हुए सवाल के जवाब में राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई।

राकेश सिंह को काविप्रा के उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : राज्य सरकार ने मंगलवार को आईएएस अधिकारी जिलाधिकारी कानपुर नगर राकेश कुमार सिंह द्वितीय को कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। इसके अलावा दो पीसीएस अफसरों का तबादला करते हुए ज्योति राय को संयुक्त निदेशक पशुपालन प्रशासन विभाग बनाया गया है। पीसीएस अमित कुमार को एडीएम प्रशासन कानपुर देहात बनाया गया है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के दो आईपीएस केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट आए हैं। इनमें आईपीएस अधिकारी 1995 बैच के अमरेन्द्र सेंगर और 2005 बैच की मंजिल सैनी शामिल हैं। दोनों ने अपनी–अपनी आमद प्रदेश में दर्ज करा दी है।

रानी लक्ष्मी बाई योजना में 450 को मिला लाभ

अमृत विचार, लखनऊ : रानीलक्ष्मी बाई योजना की शुरुआत प्रदेश सरकार की ओर से एसिड अटैक, दुष्कर्म और पाक्सो समेत अन्य गंभीर घटनाओं का शिकार हुई महिलाओं को दिया जाता है। आईपीसी की नौ अलग–अलग गंभीर धाराओं का उल्लेख इसमें किया गया है। इसमें एक लाख से दस लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। एक वर्ष में 450 पीड़ित महिलाओं को उक्त योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि योजना का प्रचार–प्रसार किया जाएगा ताकि योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मिल सके।

पहली बार 13 प्रवक्ता बने प्रधानाचार्य

अमृत विचार, लखनऊ : शासन से प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद 13 आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिए गए। साथ ही लेक्चरर और सहायक अध्यापकों की पदों पर नियुक्त को लेकर आयोग को 150 का अध्याचन भेजा गया था। इसमें 50 ने कार्यभार संभाल लिया। विद्यालयों में अभी भी लेक्चरर और सहायक अध्यापकों के पद रिक्त पड़े हैं। संविदा पर शिक्षक छात्र–छात्राओं को पढ़ा रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि विद्यालयों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

न शिकायतों का किया निस्तारण, न ही दिया नोटिस का जवाब

अमृत विचार, लखनऊ : कई जिलों ने पिछले वर्ष सितंबर में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर आई शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं किया। इस लापरवाही पर ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। पर, किसी ने नहीं अपना पक्ष नहीं दिया। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम सीतापुर, छह सीडीओ समेत कई अधिकारियों को पत्र जारी किया है।

मौनी अमावस्या के लिए कल से स्पेशल ट्रेन चलाएगा रेलवे

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वहां से भी माघ मेला स्पेशन ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। आठ फरवरी को अयोध्या कैंट से ट्रेन नंबर 04223 शाम 07 :50 बजे रवाना होगी जो देर रात 02 :00 बजे प्रयाग पहुंचेगी। आठ फरवरी को अयोध्या से एक अन्य ट्रेन नंबर 04225 रात 10 :15 बजे रवाना होगी जो तड़के सुबह 04 :00 बजे प्रयाग पहुंच जाएगी। जौनपुर से ट्रेन नंबर 04235 दोपहर 03 :10 बजे रवाना होगी जो रात में 07 :45 बजे प्रयाग पहुंचेगी।

खाना खाने के विवाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

अमृत विचार सरोजनीनगर : प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, दरोगा खेड़ा गांव निवासी विनोद कुमार ने अखिलेश गौतम और महेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार रात वह पड़ोसी विकास के घर पर बच्चे की छठी कार्यक्रम में दावत खाने गया था। कार्यक्रम में मौजूद आरोपी खाना खाने को लेकर शराब के नशे में उससे झगड़ने लगे। विरोध किए जाने पर आरोपी हाथापाई कर उससे गाली–गलौज करने भी करने लगे। आरोप है कि मारपीट के दौरान नशेड़ियों ने घर पर रखी कुल्हाड़ी से पीड़ित के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गश खाकर गिर पड़ा। हंगामा बढ़ने पर हमलावर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

बजट में नहीं पूरी हुई आस, लोग निराश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उ.प्र. सरकार ने अपने बजट में कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की है। लेकिन ईपीएस-95 पेंशनरों की काफी समय से मांग है कि उन्हें भी राज्य सरकार के पेंशनरों की भांति पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना में शामिल कर उसके कार्ड दिए जाए जिससे अल्प पेंशनभोगी अपना मुफ्त इलाज करा सके। इसके लिए कई बार स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर गुहार लगाई जा चुकी है, मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन भेजे गए हैं। इस योजना के लिए 150 करोड़ का बजट प्राविधान किया गया है। लेकिन इसमे ईपीएस-95 पेंशनरों को शामिल न किया जाना उनके लिए निराशा का विषय है। इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए।

-राजीव भटनागर,राष्ट्रीय सचिव, ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति।

बजट पर महिला, बुजुर्ग व कर्मचारी संगठनों की प्रतिक्रिया

बजट पूरी तरह चुनावी व ख्याली पुलाव वाला है, सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है, राजधानी लखनऊ तक के अस्पतालों में इलाज की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है, सरकारी शिक्षा व्यवस्था हमेशा की तरह बेपटरी है, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं पर ध्यान नहीं दिया गया है। महंगाई से रसोई का बजट पहले ही बिगड़ा हुआ है उसमें भी कोई राहत नहीं दिखाई पड़ती।

- ममता त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता

योगी सरकार ने शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं किया। हम लोग महाराष्ट्र की भांति पुरानी पेंशन बहाली की उम्मीद कर रहे थे। टैक्स स्लैब भी नहीं बदल गया जिससे नौकरी पेशा लोगों को निराशा ही हाथ लगी। घर खर्च के लिए भी कोई छूट नहीं मिली है। सिलेंडर जितना महंगा था आज भी वैसे ही है। इसलिए कहा जा सकता कि हम लोगों के लिए बजट निराशाजनक है।

-डॉ. मीता श्रीवास्तव, प्रवक्ता, हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज, सुभाष मार्ग ,लखनऊ

बजट में शिक्षकों के लिए कुछ भी नहीं है। वित्तविहीन शिक्षकों के लिए कोई मानदेय नहीं दिया गया है। विद्यालयों के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। विद्यालयों में जो संसाधनों की कमी है उसको लेकर सरकार ने बजट में कुछ नहीं किया है। बजट आशाजनक नहीं है। विद्यालयों में कम्प्यूटर आवश्यक है लेकिन कम्प्यूटर शिक्षकों की कोई नियुक्ति के बारे में नहीं कहा गया है। विद्यालयों में खेलकूद को लेकर बजट में कुछ नहीं है।

-डॉ. आरपी मिश्रा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ

कार्यालय महाप्रबन्धक जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर

पत्रांक :– जलकल/2439/निविदा प्रकाशन/2023–24 दिनांक :– 05/02/2024

निविदा सूचना

जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में जोन 1 के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है–
अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या – 08
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 14.02.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे
जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में मुख्यालय के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है–
अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या – 03
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 14.02.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे
उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण वेबसाइट etender.up.nic.in पर एवं जलकल विभाग की वेबसाइट jalkalkanpur.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते सम्बन्धित जोन के अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में देखी जा सकती है।

सचिव
जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर

कृपया अपने जलकर/सीवर कर, जल मूल्य के बिलों का आनलाइन भुगतान jalkalkanpur.in पर करें।

जल ही जीवन है, जल की बचत करें

सरोजनीनगर स्थित न्यू पब्लिक कोलिजिएट इंटर कॉलेज में स्मृति पवित्रीकरण कार्यक्रम में बोलते करौली शंकर गुरु देव।

स्मृति पवित्रीकरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्कूली बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय जिला पंचायत, बाँदा

पत्रांक– 1059/ख0प0शु0व0ठेका0(ई–निविदा)/2023–24 दिनांक– 06 फरवरी, 2024

खनिज परिवहन शुल्क वसूली वर्ष 2024–25
अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत बांदा द्वारा खनिज तहबाजारी सम्बंधी उपविधि शासकीय गजट दिनांक 11 जनवरी 2014 एवं संशोधित उपविधि शासकीय गजट दिनांक–28 मई, 2022 के क्रम में जनपद बांदा के ग्रामीण क्षेत्र की नदियों या उनके तट से बालू, मौरंग, रेत या अन्य खनिज गिट्टी, पत्थर, बोल्डर, सुरखी, चूना, भस्सी, कोयला, बजरी, खारो से निकलने वाली मिट्टी को लेने, एकत्रित करने तथा उसे जिले में या जिले के बाहर व्यावसायिक उद्देश्य से परिवहन करने वाले शक्तिचालित वाहनों से खनिज के उद्गम स्थलों पर शुल्क वसूली सम्बन्धी ठेका/नीलामी वर्ष 2024–25 (दिनांक 01.04.2024 से दिनांक–31.03. 2025 तक) हेतु प्रथम बार दिनांक–17.01.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक, द्वितीय बार दिनांक–29.01.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक एवं तृतीय बार दिनांक 06.02.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक ई–टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई। किन्तु तीनो बार किसी भी निविदादाता द्वारा ई–निविदा में प्रतिभाग नहीं किया गया। जिससे पुनः ई–निविदा दिनांक–13.02.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा हेतु टेण्डर फार्म ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक– 07.02.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे से दिनांक–13.02.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। तकनीकी निविदा उसी दिन दिनांक–13.02.2024 को समय अपरान्ह 01.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत बांदा के अपर मुख्य अधिकारी कक्ष में ससमय खोली जायेगी। टेण्डर फार्म का शुल्क रू0 10,000/– एवं रू0 1800/– (18 प्रतिशत जीएसटी) एवं कस्टमाइजेशन शुल्क मु0 5000.00 रु0 कुल रू0 मु0 16800.00 जीएसटी सहित एवं धरोहर/जमानत धनराशि मु0 10000000.00 रूपये (एक करोड़ रूपये मात्र) इन्टरनेट बैंकिंग/नेफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से जिला पंचायत बांदा के जिला निधि खाता बैंक आफ बड़ौदा, शाखा कोतवाली रोड, नियर महेश्वरी देवी बांदा के खाता संख्या– 24920100001177, आईएफएससी कोड– BARB0BANDXX में जमा करना होगा। जिसकी जमा रसीद या ट्रांजेक्शन नम्बर स्कैन कर तकनीकी बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

निविदादाता को शर्तो के अनुसार अपने समस्त अर्ह प्रमाण पत्र की स्कैन कापी निविदा के साथ ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोड करना होगा तथा मूल प्रमाण पत्र शर्तो के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खोले जाने की प्रकिया पूर्ण हो जाने उपरान्त एक कार्य दिवस में स्वयं उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला पंचायत, बांदा उपलब्ध जमा कराना होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदिशदाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन ई–निविदा निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्त टेण्डर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं शर्ते जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में एवं http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

नोट– अवकाश होने की दशा में ई–निविदा अगले कार्यशील दिवस में नियत स्थान व समय पर गठित ई–निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

(धर्मेन्द्र कुमार)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत बांदा

(सुनील सिंह)
अध्यक्ष,
जिला पंचायत बांदा।

बच्चे आज भूलते जा रहे अपनी संस्कृति : करौली शंकर गुरु देव

संवाददाता, सरोजनीनगर

- सरोजनीनगर स्थित न्यू पब्लिक कोलिजिएट इंटर कॉलेज में स्मृति पवित्रीकरण कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार: स्वयं की प्रार्थना एवं संकल्प की परम ऊर्जा के माध्यम से रोग मुक्त भारत, शोक मुक्त भारत एवं ऋण मुक्त भारत को लेकर मंगलवार को सरोजनीनगर स्थित न्यू पब्लिक कोलिजिएट इंटर कॉलेज में स्मृति पवित्रीकरण कार्यक्रम (मेमोरी प्यूरिफिकेशन प्रोग्राम एमपी2) आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान करौली शंकर (गुरुदेव) ने कहा कि भारतीय सभ्यता सर्वोपरि लेकिन टीवी एवं मोबाइल फोन के चलते हमारे बच्चे अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे है और उनमें बच्चों के कुरीतियां आ गई है। पश्चिमी सभ्यता जितनी तेजी से आई है उतनी जेती से ही जाएगी। हम सब बच्चों के अन्दर से पश्चिमी सभ्यता को खत्म करने का प्रयास कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि करौली शंकर महादेव द्वारा कई प्रदेशों में आध्यात्मिक यात्रा के दौरान जब उनकी बच्चो से बात हुई तो बच्चों ने उनसे पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं को लेकर चर्चा करते थे। जिसमे प्रमुख रूप से बच्चो में पढ़ाई में मन न लगना, पढ़ के याद न होना, याद किया हुआ भूल जाना, पढ़ाई करते समय घबराहट होना, पढ़ते-पढ़ते सो जाना, स्कूल और कॉलेज के कार्यक्रम में भाग न लेना। ऐसी सैकड़ों समस्या बच्चो में पाई जब गुरुजी को यह बात पता चली तो गुरुजी ने एक विशेष प्रोग्राम बच्चो के लिए बनाया जिससे बच्चो में ज्ञान, अध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक ज्ञान व संस्कृति का विकास हो सके। जिससे वह अपनी जिंदगी में सुखी रहे।

एक नजर

पुलिस ने 41 आरोपियों को किया पाबंद

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस ने अभियान चलाकर मंगलवार को 14 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा । वहीं विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 41 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

संरक्षण गृह भेजा गया बाल अपचारी

बाराबंकी, अमृत विचार : मारपीट व धमकी के मामले में फरार चल रहे बाल अपचारी को जैदपुर पुलिस की टीम ने मंगलवार को दबोचा। उस संरक्षण गृह अयोध्या भेजा गया है।

29 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने मंगलवार को तीन आरोपियों को 29 लीटर शराब के साथ दबोचा। सुबेहा पुलिस ने नगर पंचायत के जवाहर नगर वार्ड निवासी बाबू गौतम को 10 लीटर शराब के साथ पकड़ा। कोठी पुलिस ने रैसंडा निवासी रामकुमार को 10 लीटर शराब के साथ दबोचा। कुर्सी पुलिस ने नौ लीटर शराब के साथ बेहडपुरवा निवासी राजन को गिरफ्तार किया।

11 एकड़ में बनेगा महादेवा कॉरिडोर पहले सिर्फ 4 एकड़ जमीन मिली थी

भूमि संबंधी अभिलेखों का खाका तैयार, अधिकांश लोगों ने दाखिल किये सहमति पत्र

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार: महादेवा कॉरिडोर अब 11 एकड़ में बनेगा। पहले इसके लिए सिर्फ चार एकड़ जमीन ही मिल सकी थी। आसपास के भवन मालिकों और भू-स्वामियों से जिला प्रशासन ने इसके लिए सहमति पत्र ले लिया है। अब दायरा बढ़कर 11 एकड़ से अधिक हो रहा है। इसका पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।

कैबिनेट की मंजूरी मिली तो कॉरिडोर का निर्माण कार्य की शुरुआत फरवरी के अंतिम अथवा मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान जब राहत सामग्री के वितरण के लिए यहां रामनगर आए थे तो उन्होंने महादेवा में जाकर जलाभिषेक भी किया था।

महादेवा मंदिर का मुख्य द्वार तथा स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार

शासन से मिल चुकी है कॉरिडोर के निर्माण की स्वीकृति

महादेवा कॉरिडोर के निर्माण की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। सिर्फ कैबिनेट की मोहर लगना बाकी है। इसके बाद बजट आवंटित हो जाएगा। फिलहाल बजट की कोई समस्या नहीं है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द ही इसका शिलान्यास कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया जाए।

–सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी

जलाभिषेक के बाद उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर के निर्माण की इच्छा जताई थी।

प्रशासन को इस संदर्भ में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कहा था। अब इसका पूरा खाका तैयार हो चुका है। कॉरिडोर का मॉडल भी बनवाया जा चुका है। 4 एकड़ भूमि पहले ही पर्यटन विभाग को दी जा चुकी है। शेष जमीन अधिग्रहण के बाद पर्यटन विभाग को सौंपी जाएगी। लोधेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े अधिकांश लोग कॉरिडोर निर्माण के लिए सहमति दे चुके हैं। निर्माण की अनुमानित लागत 43 करोड रुपए आंकी गई है। यह रकम अब बढ़ भी सकती है।

मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी

मुख्य मार्ग से महादेव को जोड़ने वाला मार्ग 10 मीटर चौड़ा करने के लिए प्रभारी मंत्री ने आदेश जारी कर दिए थे। यह कार्य लोक निर्माण विभाग के खंड-3 को सौंपा गया है। इसके लिए टेंडर प्रकाशित किये जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के पूर्व ही इस कार्य को पूरा कर लिए जाने की योजना है। इससे महादेवा के भव्यता में चार चांद लगा सकेंगे।

धर्मांतरण कराने के आरोप में 15 पर केस 10 आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : राजधानी लखनऊ की सीमा पर सोमवार को रेंदुआ पल्हरी स्थित एक चर्च में महिलाओं व बच्चों के धर्म परिवर्तन कराने का भंडाफोड़ हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों पर केस दर्ज कर 10 आरोपियों को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस की जांच में इसमें शामिल और लोगों के नाम सामने आ रहे हैं।

काफी समय से चल रहे इस खेल की भनक खुफिया तंत्र को नहीं लग सकी जबकि देवा अतिसंवेदनशील है तो अभी श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और ज्ञानवापी को लेकर हाई अलर्ट भी था। मगर, देवा कोतवाली क्षेत्र में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराने के बारे में खुफिया तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगी। देवा कोतवाली के रेंदुआ पल्हरी मजरे चकहार में सेंट मैथ्यू कॉलेज स्थित है। इसी के पास नवीनता प्रेयर सेंटर व चर्च में एक पखवारे

इसी चर्च में कराया जा रहा था धर्मांतरण।

से बाहरी लोगों का आना-जाना लगा था। स्थानीय लोगों को लगा कि कुछ तो गडबड़ है। इसकी बारीकी से जानकारी की तो पता चला कि प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को हुई तो प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। आनन-फानन में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कॉलेज के फादर डोमिनिक पिंटू यह देखकर परेशान ही नहीं हुए अधिकारियों के सवालों के जवाब तक नहीं दे सके। अधिकारियों ने जांच शुरू की तो अयोध्या के महिलाओ और बच्चों समेत सवा दो सौ लोगो को उनके कब्जे से मुक्त कराया। मौके से 30 धार्मिक ग्रन्थ व अन्य संबंधित वस्तुएं बरामद हुईं। मौके से नौ बैग भी मिले। इस मामले में पहले तो सात नाम सामने आए। मगर, देर रात पुलिस ने 15 लोगों पर धर्मांतरण के तहत केस दर्ज किया। इस मामले में गिरफ्तार फादर डोमिनिक पिन्टू, अयोध्या के खंडासा थाना क्षेत्र के गडौली निवासी सरजू प्रसाद गौतम, अमानीगंज निवरसी पवन कुमार, रौनाही थाना क्षेत्र के सूरज गौतम, बाबा बाजार के घनश्याम गौतम, रूदौली के सुरेन्द्र पासवान, राहुल राजपूत, राम जनम रावत, धर्मेन्द्र कोरी और सुनील पासी को जेल भेजा गया है। आरोपियों से पूछताछ में कई और नाम सामने आए है। इसकी जांच कर पुलिस दर्ज मुकदमें में उनके नाम भी शामिल करेगी। वहीं प्रशासन नवीनता प्रेयर सेंटर की भी जांच करा रहा है। इतना आलीशॉन भवन किसने बनवाया और किसने फंडिंग की, इसकी भी जांच की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि धर्मांतरण मामले में 15 लोगों पर दर्ज मुकदमें में से 10 को जेल भेज दिया गया है। शेष की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

उपकृषि निदेशक ने किया निरीक्षण

लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : राजकीय आलू प्रक्षेत्र, बेलहरा, फतेहपुर में बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत बोए गए 15 हेक्टेयर आलू का स्थलीय निरीक्षण उपनिदेशक उद्यान, अयोध्या मंडल, गीता त्रिवेदी ने जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव के साथ किया।

आलू फार्म पर कुल 15 हेक्टेयर में ब्रीडर आलू बीज की बुवाई की गई है। इसमें पांच प्रजातियों की की बुवाई की गई है। यह सभी प्रजातियां सफेद रंग की हैं और इनका उत्पादन और गुणवत्ता दोनों काफी अच्छी होती है। उपनिदेशक उद्यान ने सभी प्रजातियों का उत्पादन मानक के अनुसार होने का अनुमान लगाया। प्रभारी ने बताया कि इनकी लाक कटाई हो रही है और 20 दिन बाद खोदाई शुरू होगी। अनुमान है कि 3200 कुंतल सीड साइज आलू बीज उत्पादित होगा।

निरीक्षण में हेडमास्टर समेत चार कर्मी मिले अनपुस्थित

बाराबंकी, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों के विशेष निरीक्षण अभियान में मंगलवार को सिद्धौर ब्लॉक के 89 विद्यालयों 21 टीमों ने निरीक्षण किया। इस दौरान एक हेडमास्टर, तीन सहायक व एक अनुदेशक अनुपस्थित मिले। जिनके एक दिन का वेतन काटने का आदेश बीएसए ने दिया। मंगलवार को बीएसए के निर्देश पर अभियान चलाया गया।

हाईवे पर लड़ रहे सांड़ों से भिड़े बाइक सवार, एक गंभीर

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : लखनऊ- अयोध्या हाईवे पर लड़ रहे दो सांड़ों से तीन बाइक व कार भिड़ गईं। हादसे में एक युवक घायल हो गया। ट्रेलर की चपेट में आने से एक सांड़ की मौत हो गई। घंटों बाद एनएचएआई की रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची।

मामला लखनऊ- अयोध्या हाईवे के दारापुर का है। मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे यहां हाईवे पर दो सांड़ लड़ रहे थे। ऐसे में तीन बाइक व कार सवार भिड़ गए। इसमें से सफदरगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी प्रमोद नारयण घायल हो गए। इसको लेकर लोगों ने कई बार एनएचएआई के हेल्प लाइन नंबर पर मद्द मांगी। मगर, समय पर कोई नहीं पहुंचा। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क पर लड़ रहे एक सांड़ का टक्कर मार दी। इउसकी मौके पर मौत हो गई। इधर से गुजर रहे समाजसेवी व अधिवक्ता अजय वर्मा ने स्थानीय लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि एनएचएआई के हेल्पलाइन नंबर से मद्द की गुहार लगाई की। मगर, तीन घंटे से अधिक समय बीतने के बाद अभी कोई नहीं पहुंचा। इस पर अधिवक्ता ने हेल्पलाइन नंबर पर सख्त लहजे में बात की तब जाकर पांच बजे पहुंची रिस्पांस टीम ने सड़क पर पड़े सांड़ को हटाया। उसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

परियोजनाएं समय से पूरी न हुईं तो होगी कार्रवाई : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जल निगम के अधिकारियों को आगाह किया है कि यदि पेयजल परियोजनाओं को समय से पूर्ण नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं वहां जलापूर्ति नियमित रूप से जारी रहनी चाहिए।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' की पेयजल योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

कलेक्ट्रेट सभागार में पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यदायी संस्था को विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर ढंग से कार्य करने, किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने तथा गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण करने तथा पाइप लाइन बिछाने हेतु सड़कों की की खोदाई के पश्चात् उन्हें सही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में कार्यों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर भी वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया लंबित है उसको यथाशीघ्र पूरी कर अग्रिम कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही जो भी संरक्षित वन हैं, उसको नियमानुसार संबंधित ई-परिवेश पोर्टल के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य विकास अधिकारी सुथान अब्दुल्ला व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हादसों में युवती समेत दो घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार: स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मंगलवार की दोपहर विभिन्न स्थानों पर हुईं दुर्घटनाओं में एक युवती सहित दो लोग घायल हो गये।

पहली घटना कोटवासडक इलाके में हुई। हाइवे पर किसी कार्य से जा रही रोशनी (19) पुत्री शिव शंकर निवासी पुरे कोट को एक बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई । दूसरी घटना हाइवे पर सुरजवापुर गांव के मोड़ के पास हुई।

बाराबंकी की ओर जा रहे मनोज कुमार (35) पुत्र जल्ला प्रसाद निवासी खेवराजपुर थाना दरियाबाद को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मनोज के एक पैर में फ्रैक्चर हो गया है।

सार-संक्षेप

खंड विकास अधिकारी से मिला प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल

खंड विकास अधिकारी से मिलता प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल। अमृत विचार

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड हरख के प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को बीडीओ मोनिका पाठक से मिला। उन्हें गांवों में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। हरख प्रधान व संघ की अध्यक्ष सीमा वर्मा, अब्दुल्लापुर प्रधान राजेंद्र प्रसाद, सहेलिया प्रधान शिवराम सिंह, गालामऊ प्रधान प्रतिनिधि शानू सिंह, बरेहटा कुलदीप शर्मा, धौरहरा विजय यादव सहित अन्य प्रधान बीडीओ से मिले। संघ की अध्यक्ष सीमा वर्मा ने बीडीओ को गांव में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। तथा प्रधानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं उनका समय से भुगतान होता रहे तो गांवो में विकास कार्य और तेजी से बढ़ेंगे।

इफ्को ने किया नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

केवीके हैदरगढ़ क्षेत्र में नैनो यूरिया का छिड़काव करता इफ्को का कर्मचारी।

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को इफ्को द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के प्रदर्शन प्रक्षेत्र में नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर फसल उत्पादन से जुड़े वैज्ञानिक डॉ. समीर पांडे ने बताया कि केवीके हैदरगढ़ के प्रदर्शन प्रक्षेत्र पर इफ्को द्वारा गेहूं फसल का प्रदर्शन कराया गया। इस प्रदर्शन के दौरान 6 ट्रीटमेंट रखे गए थे। डॉ. पांडे ने बताया कि गेहूं की प्रजाति डी बी डब्ल्यू-222 जिसमें टी1 कंट्रोल प्लांट है। गत 2 दिसंबर को गेहूं की बुवाई की गई थी इसके बाद इफ्को द्वारा फसल में नैनो यूरिया का छिड़काव कराया गया। इस अवसर पर डॉ. समीर, वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी सिंह, डॉ. रूपम रघुवंशी, इफ्को के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार सिंह, आलोक कुमार मिश्रा व फील्ड सुपरवाइजर कन्हैया मौर्य आदि मौजूद रहे।

बंजर जमीन से हटाया जाएगा अवैध कब्जा

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत बलछत में ग्राम समाज और बंजर की जमीनों से अवैध कब्जा हटेगा। तहसील नवाबगंज प्रशासन ने कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किया है। विकास खंड हरख के बलछत गांव निवासी संतोष कुमार, कृष्णावती, रामसजीवन, साधु शरन जय कुमार, योगेंद्र कुमार, दिनेश चंद्र, शिवकुमार, विपिन वर्मा सहित कई अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया था कि बंजर और ग्राम समाज की जमीन पर एक परिवार के कई लोगों ने कब्जा करके पक्का निर्माण करा लिया है। शिकायत के बाद लेखपाल जांच करने मौके पर पहुंचे। शिकायत सही मिली। लेखपाल आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि एक परिवार ने बंजर और ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर लिया है। नोटिस जारी की गई है। हर हाल में सरकारी जमीन को मुक्त कराया जाएगा।

खेत से मिट्टी खोदने से रोकने पर महिला को पीटा

रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली अंतर्गत एक गांव में जमीन से मिट्टी खोदने को मना करने पर दो महिलाओं सहित दो व्यक्तियों ने एक महिला को लाठी डंडे से पीटा। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत मालिनपुर गांव निवासी राजकुमारी सैनी पत्नी राजूसैनी के पुत्र ने लिखित शिकायत पुलिस को देते हुए बताया कि पड़ोस के रहने वाले कमलेश की पत्नी और इनकी मां ओर महेश ये चारों मेरे खेत से मिट्टी खोद रहे थे। जब उसकी मां राज कुमारी ने विरोध किया तो इन चारों ने लाठी डंडे ओर ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। गंभीर हालत में मां को सीएचसी बनीकोडर में भर्ती कराया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

209 युवक व युवतियों को मिला रोजगार

रोजगार मेला

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

अमृत विचार : कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक परिसर सिरौलीगौसपुर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 13 कम्पनियों ने भाग लिया । जिसमे 520 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया । 209 युवक व युवतियों का नौकरी के लिए चयन किया गया है।

मंगलवार को ब्लाक परिसर सिरौलीगौसपुर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन सेवायोजन

सिरौलीगौसपुर ब्लाक परिसर में आयोजित रोजगार मेले में मौजूद अभ्यर्थी।

तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले मे मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं सदस्य जिला पंचायत रामसिंह भुल्लन वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेला में आए युवक-युवतियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चों को नौकरी मुहैय्या करवा रही है। समय का सदुपयोग करें। नौकरी के साथ साथ आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए उच्च पदों तक पंहुचकर घर परिवार माता पिता की सेवा करें और उनका नाम रोशन करे। रोजगार मेले में एलजी इलेक्ट्रॉनिक, इन्टस बायोटेक हेल्थ केयर, टोरेन्स हर्बल लाइफ केयर, एसएस ग्रुप आफ मैनेजमेंट सहित 13 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मेले में 520 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 209 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इस मौके पर लवलेश पंडित, बेनी प्रसाद वर्मा प्रधान, ललित शुक्ला सहित जिला सेवायोजन अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

अतीक ट्रेडर्स के खाते में कहां से आई करोड़ों की रकम !

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: माफिया अतीक अहमद ने ग्रेटर नोएडा में शाहरुख खान के 'मन्नत' की तर्ज पर अपनी "मन्नत" कोठी बनाई थी। जिसकी कीमत चार करोड़ रुपये बताई गयी है। इतनी बड़ी रकम कहां से आई। इसकी जांच एलआईयू कर रही है। जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि ग्रेटर नोएडा में अतीक का एक खाता है, जिसमे अतीक ट्रेडर्स नाम के बैंक अकाउंट खोला गया था। उस खाते में चार करोड़ की रकम आई थी। इस रकम से उसने "मन्नत" कोठी खरीदी गयी थी। जांच में यह भी पता चला है कि सालों तक इस बैक में लाखों का लेन-देन किया गया है। सूत्रों के मुताबिक अतीक अहमद ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में अतीक ट्रेडर्स के नाम से खाता खुलवाया था। इस खाते में कई सालों तक लाखों रुपए की लेनदेन की गई। पुलिस की छानबीन में कुछ ऐसे खुलासे हुए हैं, जो चौंकाने वाले हैं। इस अतीक ट्रेडर्स के खाते में 4 करोड़ रुपए भेजे गये थे। जिस रकम से मन्नत कोठी खरीदी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने खाते की जांच शुरू कर दी है। इस खाते में पैसा कहां से आया और किसने भेजा है।

कार्यशाला

भाजपा का नारी शक्ति वंदन अभियान 10 फरवरी से, स्वयं सहायता समूह व एनजीओ से जुड़ी महिलाओं से संपर्क साधने की कवायद

महिलाओं को दें सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी : कमलेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी महिलाओं में पैठ बढ़ाने की कवायद में जुट गई है। इसके लिए नारी शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत 10 फरवरी को होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को यहां नारी शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए स्वयं सहायता समूह, एनजीओ आदि से जुड़ी महिलाओं से संपर्क साधने पर चर्चा की गई।

बतौर मुख्य अतिथि कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश

भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा तथा उपस्थित पदाधिकारी और सदस्य।

मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए देश की विधानसभाओं एवं संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के प्रति अपनी प्राथमिकता जता दी है। मोदी देश की नारी शक्ति के आत्मसम्मान के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ाने में जुटे हैं। मोदी सरकार की शौचालय निर्माण, उज्ज्वला, पीएम आवास, निःशुल्क बिजली कनेक्शन जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं देश की नारी शक्ति की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मातृ शक्ति के बीच जाकर उनसे संवाद स्थापित करके मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बताएं। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की इस अभियान में भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं की टोली के साथ चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित करने हैं, जिससे मातृ शक्ति के मध्य पार्टी की पैठ तो बढ़ेगी ही, साथ ही विपक्ष उन्हे बरगला भी नहीं पाएगा। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम 10 फरवरी, शक्ति सम्मान कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर 11 से 14 फरवरी के मध्य आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 12 से 21 फरवरी के मध्य स्वयं सहायता समूहों से संपर्क अभियान तथा 25 -26 फरवरी को जिला स्तर पर एनजीओ सम्मेलन आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 22 फरवरी को लाइव कार्यक्रम के जरिए मातृ शक्ति से जुड़ेंगे। कार्यशाला का संचालन महामंत्री संदीप गुप्ता ने किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

कार्यशाला के बाद पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥

जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

संपादकीय

राज्यों के लिए उदाहरण

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में एक अत्यधिक विवादित और राजनीतिक रूप से ज्वलंत मुद्दा रहा है। यूसीसी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्व का अंग है। इस दृष्टि से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, संप्रदायों से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में बहुप्रतीक्षित यूसीसी विधेयक पेश कर दिया गया। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी सफलतापूर्वक लागू हो गई तो वह दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी। यूसीसी का कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में समर्थन किया जाता है तो कुछ लोगों द्वारा इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिए खतरा बताकर विरोध किया जाता है।

इधर भाजपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। यूसीसी सभी नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकता एवं धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न पर्सनल लॉज के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और पंथ-संबंधी विवादों में भी कमी आएगी। यह सभी के लिए समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगी। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। चूंकि एकता एकरूपता से अधिक महत्वपूर्ण है।

गाजा युद्धः फिलहाल विश्व शांत पर समस्या विकट

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं।

इजराइल-हमास युद्ध का सौवां दिन भी कब का बीत चुका। खबरों की दुनिया ने तो एक नए विश्व युद्ध की आशंका जता दी थी। इस्लामिक देशों के संगठन ने भी खूब बंदर घुड़की दी। मगर अब लगता है सारा प्रतिरोध खत्म है। जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हवाई और जमीनी हमला किया था,उसके तत्काल बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ ऐसा युद्ध छेड़ा कि गाजा का एक हिस्सा मानो कब्रिस्तान बन गया। युद्ध में लंबे समय तक बंधकों पर संकट के साथ ही घटनाओं में विनाशकारी मोड़ आते गए हैं। दुनिया अपनी गति से चल रही है। इस भयावक युद्ध को विश्व ने जैसे अनदेखा कर दिया हो। इजराइल मानो आतंकवाद को निर्मूल करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अब नई और पुष्ट खबर है कि इजराइल की सेना ने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय' करने के अपने प्रयास में गाजा पट्टी के नीचे हमास द्वारा निर्मित सुरंगों में 'उच्च प्रवाह' के साथ समुद्री जल डालना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर के हालिया अंक के मुताबिक 30 जनवरी को, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी के नीचे सुरंगों में 'बाढ़ की योजना'-एक रणनीति जो वस्तुतः दिसंबर से अफवाहों का विषय रही है, कई अज्ञात स्थानों पर लागू की जा रही है। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि यह कदम एक 'महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और तकनीकी सफलता' है मगर ऐसी सुरंगों को ही चुना गया है जिससे क्षेत्र में पीने वाला भूजल संदूषित न हो।

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं,जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमलों में हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। बंधकों के स्थान अज्ञात बने हुए हैं,लेकिन एक शोधकर्ता की जब नेचर से बात हुई तो उनका कहना है कि उन्हें संदेह है कि बाढ़ का प्रभाव सीमित होगा, क्योंकि गाजा का भूजल पहले से

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है,बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है,जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी।

ही समुद्री जल से दूषित है। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि सुरंगों में बाढ़ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला समुद्री जल महत्वपूर्ण तटीय भूजल को दूषित कर देगा,जो गाजा,मिस्र और इजराइल के बीच स्थित है और गाजा को लगभग 80 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करता है।

जल इंजीनियर और स्विट्जरलैंड में जिनेवा वॉटर हब के महानिदेशक मार्क जिटौन का कहना है कि गाजा के पीने के पानी का मुख्य स्रोत दूषित हो रहा है। उनके अनुसार यदि आप पीने के पानी के स्रोत में खारा पानी डालते हैं तो यह प्रदूषणकारी है,जहरीला है। जिटौन आगे कहते हैं कि ऐसी संभावना है कि समुद्री जल,एक बार सुरंगों में डालने के बाद, आसानी से नियंत्रण के बाहर चला जाएगा। 'यदि आप सुरंगों को पानी से भरने का प्रयास करते हैं तो मैं मानता हूं कि उन्हें पानी रखने के लिए पर्याप्त रूप से सील नहीं किया गया है। पानी बहकर पीने के जलस्रोत में चला जाएगा,' वह कहते हैं। एन-नजाह नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोलवेत्ता अहमद रफत भी इस बात से सहमत हैं कि खारे पानी से पीने योग्य जलस्रोतों (एक्विफर) के अपूर्णीय रूप से दूषित होने की संभावना है। यदि वे इन सुरंगों में समुद्री जल से बाढ़ लाते हैं तो समुद्री जल भूवैज्ञानिक स्तर में एक्विफर की ओर प्रवेश करेगा। इस तरह की कार्रवाई से गाजा में जीवन के सभी पहलुओं पर गंभीर परिणाम होंगे - कृषि पर, मिट्टी पर, बुनियादी ढांचे पर आदि पर भी। समुद्री जल सिंकहोल बना सकता है,जो इमारतों की नींव को भी अस्थिर कर सकता है।

जलविज्ञानी नोम वीस्ब्रोड,जो इजराइल के नेगेव के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में जैकब ब्लास्टीन इंस्टीट्यूट फॉर डेजर्ट रिसर्च के डीन हैं, का कहना है कि जो लोग चिंतित हैं कि संपूर्ण तटीय एक्विफर अपूरणीय रूप से दूषित हो जाएगा,वे शायद बाढ़ के प्रभावों को कम आंक रहे हैं। वे कहते हैं, 'मुझे यकीन नहीं है कि पर्यावरणीय जोखिम उतना चरम है जितना लोग विश्वास करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रभावित सुरंगें कहां स्थित हैं। वाटर जर्नल में प्रकाशित 2020 के एक अध्ययन के अनुसार गाजा के तटीय एक्विफर का जल स्तर पूर्व में सतह से लगभग 60 मीटर नीचे से लेकर समुद्र तट के पास कुछ मीटर गहराई तक है। इनसे जितना पानी प्राकृतिक रूप से ताजे पानी द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, उससे अधिक निकाला जा रहा है और परिणामस्वरूप एक्विफर्स में पहले से ही समुद्री जल का प्रवेश करता रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम,उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है,क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है,बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरु यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है,जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी। गाजा में साफ पानी की पहले से ही कमी है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने अनुमान लगाया कि केवल 10 प्रतिशत आबादी के पास ही सुरक्षित पेयजल तक पहुंच थी। कुछ पानी इज़राइल और मिस्र द्वारा पहुंचाया जाता रहा है। यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित 10 मिलियन डालर का समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र 2017 में गाजा में खोला गया था,लेकिन संभवतः यह बिजली की आपूर्ति के बिना काम नहीं कर सकता है। युद्ध से पहले,गाजा की लगभग आधी बिजली इजराइल से आती थी, लेकिन अक्टूबर में, इजराइली सरकार ने आपूर्ति बंद कर दी। युद्ध के कारण लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं जिनमें से कई लोग दक्षिणी गजान शहर राफा में तंबू में या सड़कों पर रह रहे हैं। जनवरी में मूसलाधार बारिश के बाद कई लोग पीने का पानी बर्तनों और बाल्टियों में इकट्ठा कर रहे हैं। अन्य लोग टैंकर ट्रकों से पानी खरीदते हैं, क्योंकि एक्विफर से निम्न गुणवत्ता वाला पानी ही निजी कंपनियों द्वारा अलवणीकृत किया गया है। इजराइल के अरावा घाटी में अरावा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट स्टडीज में सेंटर फॉर एप्लाइड एनवायरनमेंट डिप्लोमेसी के निदेशक डेविड लेहरर कहते हैं कि जब युद्ध समाप्त हो जाएगा, तो इजराइल और गाजा को बेहतर जल भविष्य के लिए योजना बनाना शुरू करना होगा।

2023 में इजराइली कंपनी वॉटरजेन, सामुदायिक विकास के लिए फिलिस्तीनी गैर-सरकारी संगठन दामूर और इजराइली नागरिक प्रशासन के साथ साझेदारी के माध्यम से,अरावा इंस्टीट्यूट गाजा में नगर पालिका स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में पांच सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल जनरेटर स्थापित करेगा। अरावा इंस्टीट्यूट के अनुसार ये आर्द्रता को ग्रहण करके संघनित करके और फिल्टर करके प्रतिदिन लगभग 900 लीटर स्वच्छ पेयजल उत्पन्न कर सकते हैं। यह पहल और ऑफ-ग्रिड अपशिष्ट जल उपचार जैसे अन्य अंतरिम उपाय,'आशा की एक किरण प्रदान करेंगे कि अंततः स्थिति में सुधार होगा'। फिलहाल तो समस्या विकट है और विश्व शांत है।

प्रसंगवश

अवगुन कहूं शराब का

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े-बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था,नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया,इलायची दाना खाया,सौंफ खाया।

शराब ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं,कहने की जरूरत नहीं। न जाने कितने नामचीन हस्तियों को इसने बरबाद किया। नाम गिनाऊं तो अभी याद आ रहे हैं गायक और अभिनेता सहगल, गायिका गीता दत्त, नायिका मीना कुमारी, संगीतकार जयकिशन और मदनमोहन,गीतकार शैलेन्द्र, शायर मजाज, अंग्रेज कवि डायलन टामस, कहानीकार ओ हेनरी, उपन्यासकार स्कॉट फिजराल्ड जिन्हें शराब ने अल्पायु में ही दुनिया से विदा कर दिया। देश में हर साल इस शराबखोरी के चलते सैकड़ों मर रहे हैं।

मेरे एक परिचित बैंककर्मी थे। राम जाने कब और कैसे शराब की लत उनको लगी? रिटायरमेंट के बाद उनकी स्थिति यह थी कि शराब के चक्कर में अपने तमाम परिचितों से किसी न किसी बहाने पैसा ले चुके थे। शराबखोरी ने इस हद तक उनको बेशर्म बना दिया था कि किसी परिचित के घर अहले सुबह पहुंच जाते और पत्नी की बीमारी के नाम पर पैसा मांगते। बीमारी, वह भी पत्नी को,तो कोई इंकार कैसे करता? धीरे-धीरे लोगों को इसका पता चला तो उनको बाहर पैसा मिलना बंद हो गया। खुशकिस्मती से अब वे शराब छोड़ चुके हैं।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शराब की प्रशंसा में गीतों की भरमार है। साहित्य में ईश्वर, प्रेम, प्रकृति और शराब चिरकालीन विषय वस्तु रहे हैं। ऋग्वेद में सोमरस का गुणगान है। उर्दू शायर तो शराब के लिए खुदा और जन्नत से भी तौबा कर लें। उनकी कलम में शराब की स्याही रहती है। हिन्दी के हरिवंश राय बच्चन ने एक पूरी किताब "मधुशाला" शराब और शराबियों का गुणगान करते लिख डाली।

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था,नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया,इलायची दाना खाया,सौंफ खाया। घंटों बाद मन ठीक हुआ। बोतल नाली में फेंक आया। ऐसा नहीं है कि शराब के खिलाफ नहीं लिखा गया। बहुत कुछ लिखा गया है। कबीर ने पांच सौ साल पहले चेतायाः अवगुन कहूं शराब का, आपा अहमक साथ। मानुष से पशुआ करे, दाय गांठ से खात॥

शेक्सपियर के शब्द हैंः ओ शराब की अदृश्य आत्मा, अगर तेरा कोई ज्ञात नाम न हो तो तुझे हम 'शैतान' के नाम से पुकारें। हे ईश्वर! आदमी अपने मुंह में एक बैरी रख ले जो उसकी बुद्धि का ही अपहरण कर ले! कि हम हंसते,गाते,उत्सव मनाते,तालियां बजाते खुद ही अपने आपको जानवर में बदल डालें। (ऑथेलो)

टॉलस्टाय की एक कहानी है-द इंप एंड द पीजेंट्स क्रस्ट। कहानी का सार है कि शराब शैतान का आविष्कार है जिसे बनाने के लिए उसने पहले लोमड़ी का खून लिया, फिर उसमें भेंडिया का खून डाला और अंत में उसमें सूअर का खून मिलाया। सो इस प्रकार तीन निकृष्ट जानवरों के खून के मिश्रण से शराब बनी। इसलिए आदमी जब शराब का पहला पेग पीता है तो शुरू में लोमड़ी की तरह मीठी-मीठी बातें करता है,दूसरे पेग के साथ वह भेड़िया की तरह गुर्राना शुरू करता है, तीसरा पेग उसको सूअर में बदल देता है और वह कहीं नाले में पड़ा पाया जाता है।

सत्ताधारी भी चाहते हैं कि आम आदमी बेसुध होकर नाले में पड़ा रहे और वे चैन से राज करते रहें।

महाभारत काल से है प्रयाग की प्रतिष्ठा

भारतीय संस्कृति की विशिष्टता प्रकृति के साथ तादात्म्य है। भारतीय मानस में गंगा-यामुना जैसी नदियों के प्रति आस्था का स्वरूप भौतिक और आध्यात्मिक रहा है। इन नदियों के साथ हमारी देवी प्रगाढ़ता में कभी व्यवधान नहीं आया,हमारे साथ इनका जीवित संबंध रहा है। माघ मकरगत जब रवि होई,तीरथपतिहिं आब सब कोई,तीर्थराज प्रयाग के आस्थामय इस अमृत महोत्सव में ऋषियों,महर्षियों,पुरावेत्ताओं ,धर्माधिकारियों,दार्शनिकों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति की उपस्थिति का दर्ज होना किसी अंधश्रद्धा की परिणति मात्र नहीं कहा जा सकता।

यह सहस्त्रों वर्ष की वह निरंतरता है जिसके मूल में गंभीर शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक मंतव्य अंतर्निहित हैं। प्रयाग के संगम तट पर जुड़ने वाले इस मेले ने भारत की उस सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है,जिस धरोहर ने प्रकृति के प्रत्यक्ष स्वरूप से ज्ञान और चेतना में सामंजस्य स्थापित कर ऐसी संस्कृति विकसित की जिसमे ज्ञाता ज्ञान की विवेचना करके उसे परिष्कृत विचारों और भावनाओं के माध्यम से वास्तविक व्यवहारों में संप्रेषित करता रहा है। इस सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत अपने जिस गौरव की पराकाष्ठा के लिए विख्यात है,वह गौरव समृद्ध ज्ञान और समरसता का अमृतत्व है जिससे भारतीय मन और भारतीय आदर्श सदाशयता व आत्म बलिदान की भूमि पर पुष्पित पल्लवित हुआ।

परंपरागत भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं,जिन शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित हैं,वे किसी न किसी रूप में प्रकृति से जुड़ी हुई हैं।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

तुलसी बाबा ने 'को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी,माधव सरिस मितु हितकारी।

प्राणदायिनी विशाल नदियां,पर्वत और वन ऐसे पुण्यप्रद दिव्य स्थल रहे हैं,जो ऋषियों,महर्षियों और महापुरुषों के अपूर्व धैर्य,साहस,पुण्य और सौख्य के अनेक प्रसंगों के माध्यम से निरंतर चेतना का संचार करते रहे हैं। ये विशिष्ट स्थल अपनी पवित्रता के कारण तीर्थ कहलाए,तरति अनेन इति तीर्थं अर्थात जिसके द्वारा मनुष्य इस अपार संसार से तर जाए।

युगों से भारत की सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में तीर्थ स्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई राज्यों में विभाजित अनेक जातियों में बंटा हुआ,संकीर्णताओं में फंसा हुआ भारतवासी यदि कहीं आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करता है तो वे तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थस्थलों में धर्म और अध्यात्म के समागम ने क्षुद्र मानव में न केवल उच्चतर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संचरण किया,बल्कि उत्तर-दक्षिण,पूर्व-पश्चिम की सांस्कृतिक विविधताओं को एक स्थल पर बैठा दिया।

भारत के तीर्थों में प्रयाग की प्रतिष्ठा महाभारत काल से ही तीर्थराज के रूप में होती रही है। वन पर्व में उल्लेख है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया इसी से यज धातु से प्रयाग बना। स्कंद पुराण में प्रयाग का अर्थ यागेभ्यः प्रकृष्टह अर्थात् जो यज्ञों से बढ़कर है। अथवा प्रकृष्ट यागेभ्यः अर्थात् जहां उत्कृष्ट यज्ञ है के रूप में किया गया है। ब्रह्मपुराण में प्रयाग को प्रकृष्टता के कारण तीर्थराज कहा गया है। प्रयाग ब्रह्मा की वेदियों में बीच वाली वेदी है। अन्य वेदियों में कुरुक्षेत्र उत्तर वेदी है तथा गया पूर्व वेदी है। महाभारत में तीर्थराज प्रयाग को पवित्रतम और श्रेष्ठतम बताते हुए सोम,वरुण और प्रजापति का जन्मस्थान कहा गया है।

तुलसी बाबा ने को 'कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी,माधव सरिस मितु हितकारी। चारि पदारथ भरा भंडारु,पुन्य प्रदेश देसअति चारु।। अर्थात् तीर्थराज प्रयाग का मंत्री सत्य है,श्रद्धा उनकी प्यारी स्त्री है तथा माधव सरीखे हितैषी मित्र हैं। तीर्थराज का भंडार चार पदार्थ -अर्थ,धर्म,काम,मोक्ष से भरा हुआ है। यह पुण्य प्रदेश बहुत सुंदर है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रयाग क्षेत्र का विस्तार परिधि में पांच योजन है और ज्यों ही कोई इस क्षेत्र में प्रवेश करता है उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल मिलता है। प्रयाग की प्रधानता और इसका तीर्थराज होना इसलिए है कि यह एक साथ वैष्णव,शैव और शाक्त क्षेत्र है तथा ऋषि,नाग,बौद्ध,जैन,योग,सितासित क्षेत्र और त्रिवेणी क्षेत्र है।

अज्ञः सुविज्ञाः प्रभावोपिज्ञाह सप्त स्विपद्धाह सुकृतान भिज्ञा। विज्ञापयांतः सततं हि काले स तीर्थराजो जयति प्रयागः।। अर्थात् मुर्ख,पंडित,स्वामी यज्ञ ,ज्ञानी तथा समस्त वर्गों के पुण्यवान जिनके यश का निरंतर विज्ञापन करते रहते हैं ऐसे तीर्थराज प्रयाग की जय।

सोशल फोरम

कलियुग की संकल्पना

जिस युग में हम जी रहे हैं,वह कलियुग के नाम से जाना जाता है। लोगों में यह धारणा बद्धमूल है कि सृष्टि के आरंभ में सतयुग था। उसके बाद त्रेता,फिर द्वापर आया। उसके बाद कलियुग। इन चारों युगों को गलत ढंग से समझा गया है।

दरअसल ये चारों युग काल सूचक न होकर चार प्रकार के लोगों और चार प्रकार की मानसिक दशाओं के सूचक हैं। ठीक उसी तरह जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं। ये भी चार जातियां नहीं हैं। चार प्रकार की मनोवृत्तियां हैं। ज्ञानार्जन में रुचि रखने वाला ब्राह्मण, लड़ने-भिड़ने और राजनीति में रुचि रखने वाला क्षत्रिय,धनोपार्जन में तत्पर रहने वाला वैश्य और सेवा में लीन रहने वाला शूद्र है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चारों के मान बराबर हैं। इनमें कोई बड़ा-छोटा नहीं। जिस तरह उपर्युक्त चारों प्रकार के लोग हर युग में पाए जाते हैं,उसी तरह चारों युग हर समय विद्यमान रहते हैं। ऐसा नहीं कि आज कलियुग है और सृष्टि के आरंभ में कलियुग नहीं था। ऐसा भी नहीं कि आज सतयुग नहीं है। कलियुग एक प्रवृत्ति है। दूसरों के धन और दूसरों की स्त्रियों का अपहरण करने वाला, अकारण दूसरों को सताने वाला, झूठ-फरेब, नशा-सेवन, चोरी और हिंसा में संलग्न रहने वाला कलियुगी व्यक्ति कहलाता है। ऐसा व्यक्ति जिसे हम सतयुग कहते हैं,उसमें भी था। सत्य हरिश्चंद्र के साथ छल करने वाला सतयुग में ही था। राम त्रेता में हुए। रावण तो उन्हीं के समय में था। कंस तो द्वापर में ही था।

इसलिए इस धारणा पर पुनर्विचार करना चाहिए कि कलियुग का संबंध वर्तमान युग से है। मेरे इस चिंतन का समर्थन वाल्मीकि रामायण से भी होता है। बालकांड में एक श्लोक मिलता है-आसीत् पुरा कलियुगे कलिको नाम लुब्धकः। परदारपरद्रव्यहरणे सततं रतः।। अर्थात् प्राचीन कलियुग में एक कलिक नामवाला व्याध रहता था। वह सदा परायी स्त्री और पराये धन के अपहरण में ही लगा रहता था। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भी कलियुग था। कलियुग कोई आज की संकल्पना नहीं है। वह केवल आज का युग नहीं है। कलियुग सदा से रहा है। यही सत्य शेष तीन युगों के साथ भी है।

-फेसबुक वॉल से

भयावह नहीं, आनंददायी हों परीक्षा यात्राएं

प्रथम दृष्टया वह बच्चा एकदम संतुलित था। विद्यालय में नियमितता हो अथवा अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता,पर परीक्षा के दिनों में अनुपस्थित। मौजूदा विद्यालय में उसका नव प्रवेश था। अतः उसके व्यवहार से जुड़ा कोई पुराना रिकॉर्ड भी न था। माता-पिता से बात की गई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। शिक्षा के शुरुआती दिनों में किसी परीक्षा में फेल कर दिए जाने का असर उसके अवचेतन में परीक्षा का भय बनकर व्याप्त था। यही कारण था कि वह परीक्षा के दिनों में अक्सर बीमार हो जाता था और परीक्षा से अनुपस्थित। उस बच्चे के साथ हुए इस वाकये ने परीक्षा प्रक्रियाओं से संबंधित कई स्थापित मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार को बाध्य कर दिया। जैसे कि परीक्षा का स्वरूप क्या हो,मूल्यांकन का प्रारूप क्या हो तथा बच्चों से परिणाम साझा किए जाने के तरीके क्या हों?

परीक्षाएं आते ही बच्चों को परीक्षा से भय,तनाव जैसे मुद्दों पर नसीहतें और ज्ञान देने वालों की झड़ी लग जाती है। शिक्षाविद,काउंसलर, आहार-विहार विशेषज्ञ, योगाचार्य से लेकर तमाम प्रबुद्ध सलाहकार विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्ति का मार्ग सुझा रहे होते हैं। निश्चित ही उक्त सभी यह मान रहे होते हैं और इसी पक्ष में माहौल भी बना रहे होते हैं कि 'परीक्षा सचमुच एक भय है', परवास्तव में यह भय ही है या कुछ और कोई भी इसकी तह में नहीं जाना चाहता। विद्यालय स्तर पर

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है।

आयोजित परीक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में प्रथमतः वह प्रक्रियागत औपचारिक चरण होती है,जो उसे सफल या असफल साबित करती है। इस प्रक्रिया में कदाचित उन कारणों पर चर्चा नहीं की जाती कि कोई बच्चा किस वजह से सफल या असफल रहा। जबकि परीक्षा के परिणाम से कहीं ज्यादा जरूरी यह होता है कि बच्चे की मनःस्थिति और त्रुटियों के कारणों को समझकर उनमें सुधार का मौका तब तक दिया जाए जब तक कि वह स्वयं को सफल साबित न कर दे। बार-बार अपने द्वारा किए गए प्रयासों का आंकलन करते हुए आगे बढ़ने से बच्चे को जो संतुष्टि और प्रेरणा मिलती है वह उसके भविष्य का ठोस आधार और आकार बनती है। दुर्भाग्य से कुछ अपवादों को छोड़कर परीक्षा के बाद के इस जरूरी पक्ष पर ध्यान नहीं दिया जाता और असफल साबित किए गए बच्चे के मन में परीक्षा एक हौवा या भय का भूत बनती जाती है।

शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्राप्ति में सहायक होना ही नहीं,बल्कि बच्चों में यह विश्वास जगाना भी है कि उनमें अपार अंतर्निहित क्षमताएं हैं तथा उनमें न केवल विद्यालय,बल्कि जीवन की हर परीक्षा में सफल होने की काबिलियत है। किसी भी विद्यालय में बच्चों की शिक्षा तो सामूहिक होती है,लेकिन व्यक्तिगत तौर पर वे अपने ज्ञान की रचना स्वयं करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता उनका अधिकार है और इस बात की सगर्व अनुभूति भी कि वह इस पथ पर अपेक्षित उद्देश्यों को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है। परिमाणतः वह शिक्षण प्रक्रियाओं व परिवेश के प्रति उदासीन हो जाता है,अपनी शक्ति व योग्यता में विश्वास खो बैठता है तथा हताशा, निराशा और कुंठा के गहन अंधियारों की ओर मुड़ जाता हैं। जहां से लौटना असंभव तो नहीं,लेकिन मुश्किल जरूर होता है। अध्ययनकाल में सफलता का अनुभव बच्चे के मनोबल को बढ़ाने का सबसे महत्वूर्ण कारक है। इस मनोबल से उसे भविष्य में आगे बढ़ने और कठिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा तो सीधे-सीधे इसका जिम्मेदार वह प्रणाली और प्रक्रियाएं होती हैं,जो उसके माथे पर असफलता का ठप्पा लगा रही हैं। क्योंकि कोई भी बच्चा विद्यालय में असफल होने के लिए नहीं आता। ऐसा कभी नहीं होने देना चाहिए कि बच्चों के परीक्षा परिणाम उनके भावी जीवन की बेड़ियां बन जाएं। जरूरी यह है कि बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए उन्हें गर्व, आत्मसम्मान और सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोगी हुआ जाए।

परीक्षा को किन्हीं निर्धारित समयों पर आयोजित कार्यक्रम के बजाय दैनिक शिक्षण योजनाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए जिसमें बच्चे बिना किसी तनाव के स्वआंकलन करते हुए अपेक्षित अधिगम परिणामों को प्राप्त करें,जो बच्चा एक बार अपने मन और मस्तिष्क को पूर्णतः सक्रिय करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का सफर तय करता है। वह जीवन में वैध एवं नैतिक तरीकों से सफलता हासिल करने के सूत्र को भी जान लेता है। विद्यार्थियों में यह एहसास जगाना आवश्यक है कि सफलता निरंतर प्रयत्न करने,लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहने प्राप्त होती है। इस संबंध में विद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रम विशेष प्रभावी होंगे। बच्चे सीखने और सफल होने की जन्मजात शक्तियों के साथ विद्यालय आते हैं। इन शक्तियों को तलाशना और तराशना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता है। यह एक अनगढ़ शिलाखंड से तराशी हुई प्रतिमा हो जाने का सफर है। परीक्षाएं इस सफर में अहम पड़ाव हैं। इस सफर को सहज,सुगम और आनंददायी ही होना चाहिए,डरावना नहीं।

सुलतानपुर के शैलेश ने चांद पर खरीदी तीन एकड़ जमीन

तीन एकड़ जमीन के लिए देने पड़े मात्र 12 हजार रुपये

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे हेमसिंह (रामनगर द्वितीय) गांव निवासी व्यवसायी शैलेश सिंह ने चंद्रमा पर तीन एकड़ जमीन खरीदी है। उन्होंने लूना सोसाइटी से जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। उन्होंने तीन एकड़ जमीन मात्र 12 हजार रुपये में खरीदा है।

शैलेश सिंह।



चांद पर कराई गई ऑनलाइन रजिस्ट्री के दस्तावेज।

लूना इंटरनेशनल लाइसेंस प्राप्त भूमि दावा बिक्री एजेंसी है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय लूना सोसाइटी द्वारा प्रशासित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने में मदद करती है। जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल है, साथ ही प्रत्येक ग्रेड स्तर पर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए धन उपलब्ध कराना शामिल है। शैलेश के रजिस्ट्री दस्तावेज़ में वाष्प सागर में संपत्ति की एक विस्तृत तस्वीर भी दी गई है, जो संपत्ति पथ का सटीक स्थान दिखाती है। लूनर ऑर्बिटर डेटाबेस की इस डिजिटल तस्वीर में पथ के क्षेत्र में स्थित सभी विशेषताएं शामिल हैं और यह संपत्ति को इंगित करने में सहायक है। पंजीकृत दावे में संपत्ति का स्थान, अक्षांश और देशांतर, पथ संख्या, लॉट संख्या और इसमें दर्ज मात्रा संख्या, साथ ही पंजीकरण की तारीख भी शामिल है। संपत्ति का रिकॉर्ड इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री द्वारा अपने वार्षिक प्रकाशन में स्थायी रूप से दर्ज किया जाता है, जिसे कॉपीराइट किया जाता है।

चांद पर जमीन का मालिक बनना गौरव की बात

शैलेश ने बताया कि हम बिजनेसमैन है। काफी समय से कुछ असामान्य व मज़ेदार चीज खोज रहे थे। इससे बेहतर उपहार क्या हो सकता है। जब अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर गया तब लोगों की नजर वहां गई। हमको सपना आया कि क्यों न वहां जमीन खरीदी जाय, जो आने वाले भविष्य में कभी काम आए। इसी कारण हमने वहां तीन एकड़ जमीन खरीदी है।

लूना इंटरनेशनल के बारे में जानें

चांद पर जमीन बेचने के लिए लूना इंटरनेशनल सोसायटी खुद को लाइसेंस प्राप्त एजेंसी होने का दावा करती है। इसकी वेबसाइट पर इसका कार्यालय स्विट्जरलैंड और न्यूयार्क में बताया गया है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय को विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है, जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल होने का भी दावा है। हालांकि 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक चांद की जमीन पर किसी एक देश का एकाधिकार नहीं है और इस पर करीब 110 देशों के हस्ताक्षर हैं, लेकिन सालों से लूना सोसायटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री के जरिए चांद पर ऐसी जमीनें बेच रही है। जिसकी कानूनी मान्यता स्थापित नहीं है।

रुपये की नहीं, सोच की वैल्यू : शैलेश

37 वर्षीय शैलेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पूरी हुई। परास्नातक डिग्री कूरेभार से हासिल की। 2010 से ठेकेदारी कर रहे हैं। वर्तमान समय में श्री राम मंदिर अयोध्या में एलएनटी कंपनी के साथ मैन पावर सप्लाई का काम कर रहे है। आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक में भी इनका काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान जब गया तो खूब चर्चा हुई। गुजरात और लखीमपुर के लोग वहां पर जमीन खरीदे, इसका समाचार देखा। मन में आया कि हम भी खरीदे। नेट पर सर्च किया। मात्र तीन हजार रुपये एकड़ जमीन चांद पर मिल रही है। कोई भी आनलाइन खरीद सकता है। तीन एकड़ जमीन 12 हजार में खरीदा। रुपया नहीं सोच की वैल्यु है। करीब तीन माह में सारी प्रक्रिया पूरी होती है। मैंने अपनी तहसील बल्दीराय में चेक कराया तो वहां पर मेरी रजिस्ट्री का दस्तावेज फेयर मिला।

राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन

पुस्तक का विमोचन करतीं राज्यपाल व साथ में डॉ. डॉ. सौम्या शुक्ला।

लखनऊ, अमृत विचार : मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. सौम्या शुक्ला की पुस्तक 'वीमेन काउंसिलिंग प्रैक्टिकल प्रॉब्लम्स एंड सॉल्यूशंस' का विमोचन किया। राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक संकटग्रस्त महिलाओं की काफी मदद करेगी।

राममंदिर देश का गौरव, आ गया रामराज्य

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू बोले- अयोध्या में बनेगा अरुणाचल प्रदेश भवन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर का निर्माण संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद देश में रामराज्य आ गया है। ये बात आज मंगलवार को अयोध्या पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर कही। पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि अयोध्या में अरुणाचल प्रदेश भवन का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा गया है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रामनगरी में अरुणाचल प्रदेश का प्रतीक चिह्न भी स्थापित करेगी, इसका प्रयास किया जा रहा है। प्रतीक चिह्न का स्वरूप क्या होगा यह अभी तय नहीं लेकिन शीघ्र ही इसकी जानकारी सामने आएगी। इससे पहले चार्टड प्लेन से मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे यहां मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के सदस्यों का सांस्कृतिक अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।

रामलला के दर्शन-पूजन के बाद अरुणाचल प्रदेश का मंत्रिमंडल। अमृत विचार

सड़क मार्ग से आए उप मुख्यमंत्री

अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चोउना मान सड़क मार्ग से आए। वो सीधे महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम पहुंचे। जहां कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया। कुछ देर बाद मुख्यमंत्री और मंत्रीमंडल के सदस्य जहाज से पहुंचे। इसके बाद सभी रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए।

वृद्ध को मृत दर्शाकर रोक दी गई पेंशन

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : 'साहब मैं जिंदा हूं, मृतक दिखाकर पेंशन बंद कर दी गई है।' यह कहना है हैदरगढ़ विकासखंड के रक्सहा गांव निवासी संतपाल का। गांव निवासी संतपाल ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में उप जिलाधिकारी को बताया कि वृद्धावस्था पेंशन वार्षिक सत्यापन में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा उन्हें मृत दिखा दिया गया है जिसकी वजह से उनकी पेंशन बंद हो चुकी है। उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा उनकी पेंशन थी। संत पाल ने बताया कि अक्टूबर 2022 में आखिरी बार उनकी पेंशन आई थी। पेंशन न आने पर उन्होंने अप्रैल 2023 से लेकर अब तक कई बार अधिकारियों के चक्कर लगाए। ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई पर सुनवाई नहीं हुई।

बच्चे ने निगल ली खिलौने की चाबी, शौच के रास्ते निकली

अयोध्या, अमृत विचार : एक साल के बच्चे ने खेल-खेल में खिलौने की चाबी निगल ली। गले में चाबी फंसते ही चीखते-चिल्लाते बच्चे को देखकर हर कोई सहम गया। धीरे-धीरे चाबी गले से उतरकर पेट में चली गई। तीन दिन तक चाबी बच्चे के पेट में ही रही। चिकित्सकों की दवाओं और सलाह के असर के बाद चाबी शौच के रास्ते निकल गई।

आनव।

कोटसराय निवासी बिजली कर्मी वैभव सिंह का एक वर्षीय बेटा आनव गुरुवार को घर में खेल रहा था। इस दौरान वह अपने खिलौने की चाबी मुंह में डाल ली। उसके रोने की आवाज सुन मां ने उसे गोद में उठा लिया और गले के पास चाबी फंसी देख निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद वैभव व अन्य परिजनों को फोन कर बुलाया गया। शाम चार बजे आनव का एक्स-रे कराया गया तो पता चला कि चाबी पेट में चली गई है। एक निजी अस्पताल में चिकित्सक ने बच्चे का एक्स-रे देखा और कुछ दवाएं लिख दी। शौच के रास्ते सोमवार देर शाम चाबी निकलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका नाती आनव अब पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

सरकारी भूमि के अवैध कब्जे की नींव बने दशकों से जमे लेखपाल

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

अमृत विचार: सरकार की मंशा और जिला प्रशासन के कड़े रुख के बाद भी नवाबगंज तहसील की बेशकीमती जमीनें अवैध कब्जे से मुक्त नहीं हो सकीं क्योंकि दशकों से जमे लेखपाल इन अवैध कब्जों की मजबूत नींव बनकर खड़े हैं। प्रशासन सख्त होकर ऐसी जमीनों को चिह्नित कराने का प्रयास करता है तो एक-एक गाटे और रकबे का इतिहास-भूगोल जानने वाले लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पैमाइश में खेल करते हैं। नवाबगंज तहसील पर लेखपाल का कॉकस हावी है। इस कॉकस को करीब सात वर्ष पहले तत्कालीन डीएम योगेश्वर राम मिश्र ने लंबे समय से जमे लेखापालों का दूरस्थ तहसीलों में तबादला कर तोड़ा। मगर, उनके तबादले के बाद लेखपालों ने अपने पॉवर से पुनः अपनी वापसी कराई। प्रमोशन के बाद तबादला भी हुआ उसके बाद फिर आकर नबावगंज तहसील में ही जम गए।

अनुमति लेकर किया जाएगा तबादला

सदर तहसील में 10 वर्ष से अधिक समय से 8 से 10 लेखपालों के तैनात होने की जानकारी है। इनकी संख्या अधिक होने के कारण ट्रांसफर सत्र में ट्रांसफर करने का नियम है। फिर भी अनुमति लेकर उनका ट्रांसफर किया जाएगा। **-सतेन्द्र कुमार**, जिलाधिकारी

बाराबंकी जिले के नवाबगंज तहसील राजधानी लखनऊ से सटी है। वहीं लखनऊ- अयोध्या हाईवे और किसान पथ के साथ पूर्वांचल के लोगों का पनाह घर भी बनता जा रहा है। ऐसे में यहां की जमीनों के भाव काफी महंगे है। बड़ी- बड़ी टाउनशिप विकसित की जा रही हैं तो प्रापर्टी डीलरों ने भी अपनी प्लानिंग कर रखी है। एक-एक जमीन की कई बार रजिस्ट्री हुई तो कइयों के कागजों पर जमीन बेच कर दाखिल-खारिज भी करा दिया गया। ऐसे में दूसरे गाटों से सड़क व पार्क के नाम छूटी जमीन बेचकर भू माफिया ने स्थानीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक से मिलकर सरकारी भूमि पर कब्जा करा दिया।

सीतापुर जेल में आजम से मिले साढ़ू-साली

संवाददाता, सीतापुर

मुलाकात

▸▸ **मुरादाबाद के सपा नेता भी रहे मौजूद, राजनितिक हलचल पर हुई लंबी वार्ता**

अमृत विचार: जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से जेल में सपा नेता सहित तीन लोगों ने मुलाकात की। जेल में मुलाकात करने पहुंचे हरदोई से आजम खां के साढ़ू और साली सहित मुरादाबाद के सपा नेता शामिल थे। करीब डेढ़ घंटे तक चली मुलाकात के दौरान आजम ने हरदोई जेल में बंद बेटे का भी हाल जाना। मुलाकात के दौरान परिवार वालों ने दवाइयों सहित अन्य जरुरी सामान भी आजम को दिया।

बताते चले कि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को रामपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 की सजा सुनाई थी। सुरक्षा कारणों के चलते 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर जिला कारागार से सीतापुर जिला कारागार में आजम खान को शिफ्ट किया गया था। वही तंजीम फातिमा को रामपुर तो बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट किया गया था। मंगलवार को हरदोई जिले के निवासी और आजम खा के साढ़ू जियाउल रहमान और साली तनवीर फातिमा सहित मुरादाबाद से आये सपा नेता आरिज अख्तर ने जेल मैनुअल के अनुसार ऑनलाइन जेल काउंटर पर पंजीकरण कराया। दोपहर 12 बजे जरुरी सामान के साथ तीनों लोग अंदर दाखिल हुए और जेल में आजम खां से करीब डेढ़ घण्टे तक मुलाकात की। जेल सूत्रों की माने तो इस दौरान आजम से राजनितिक हलचल पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बेटे सहित पत्नी का भी हाल जाना। मुलाकात के बाद बाहर निकले सपा नेता सहित परिजनों ने मीडिया से कुछ भी बोलने से मना करते हुए वापस रवाना हो गए।

सार-संक्षेप

गलत ढंग से प्रवेश लेने वाले 11 छात्रों के खिलाफ एफआईआर

अयोध्या, अमृत विचार : मेडिकल कालेज दर्शन नगर में बीएससी नर्सिंग में गलत ढंग से प्रवेश लेने वाले 11 छात्रों के खिलाफ कालेज प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कराया है। प्रिंसिपल डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया की एफआईआर दर्ज करा दी गई है। जांच में बीएससी नर्सिंग के सत्र 2023-24 छात्रों के प्रवेश संदिग्ध मिले थे। नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा कल्पना बोरसे ने तहरीर में अमर सिंह, वीरेश मिश्रा, आंचल पटेल, अर्पित वर्मा, अश्वनी कुमार, आयुष कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुमार यादव, किशन कुमार सोनी, सत्य प्रकाश पांडेय, शिवम यादव व वेदान्त कुमार के प्रवेश को संदिग्ध बताया था। अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनउ में इनका रोल नंबर, नाम व फोटो मिलान करने पर संदिग्ध मिले थे। प्राचार्य कल्पना बोरसे की तहरीर पर सभी के खिलाफ धारा 419, 410 में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अयोध्या कोतवाली प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि 11 छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

श्रीरामकथा सुनने के लिए उमड़े श्रद्धालु

निन्दूरा बाराबंकी अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के सैदरा के बेहड गांव में। पांच दिवसीय श्री राम कथा के दूसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा व्यास द्वारिका नंद महाराज ने बताया कि शिव और सती का अद्भुत प्रेम शास्त्रों में वर्णित है। इसका प्रमाण है सती के यज्ञ कुंड में कूदकर आत्मदाह करना और सती के शव को उठाए क्रोधित शिव का तांडव करना। इस दौरान बिंद्रा प्रसाद यादव, राम सजीवन यादव, अजीत कुमार, मनीष, सुभाष, कुलदीप आदि रहे।

शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : शिक्षकों चार दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय के निर्देशन में एआरपी देवेंद्र सिंह की निगरानी पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामनगर में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में छात्रों को कला एवं दक्षता के अनुरूप निपुण बनाने के लिए अध्यापकों को तरीके सिखाए गए। इस मौके पर संदर्भ दाता लोकनाथ तिवारी, लक्ष्मी देवी, पुष्पेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, पवन कुमार सिंह आदि थे।

बहराइच की पूर्व सांसद रुवाब सईदा का निधन

बहराइच, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व विधान सभा स्पीकर डॉ. वकार अहमद शाह की पत्नी पूर्व सांसद रुवाब सईदा का अलीगढ़ में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से सपा पार्टी में शोक है। पूर्व सांसद का शव लेकर उनके पुत्र यासर शाह बहराइच पहुंचे। शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व सांसद रुवाब सईदा (75) पत्नी पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधान सभा स्पीकर डॉ. वकार अहमद शाह अपनी बेटी डॉ. अलवीरा शाह के यहां इस समय अलीगढ़ में रहती थीं। उनकी तबीयत कुछ दिन से खराब चल रही थी। मंगलवार सुबह 6.30 बजे के आसपास उनका हृदय गति रुकने से निधन हो गया। यह समाचार जिले में पहुंची तो परिवार के साथ सपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। सपा सोशल मीडिया के प्रभारी अर्जुन गुप्ता ने बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह रात में ही अलीगढ़ में बहन के घर पहुंचे और मां का शव लेकर बहराइच पहुंचे। मंगलवार शाम आजाद इंटर कॉलेज के पास स्थित छड़े शाह तकिया के निकट कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि रुवाब सईदा वर्ष 1995 में जिला पंचायत अध्यक्ष, वर्ष 2004 में सांसद रहीं।

फाइल फोटो।

महंगाई से लोगों का जीना दूभर: विश्वनाथ

बसपा की बैठक

बाराबंकी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के जैदपुर के सेक्टर बलछट, मानपुर के कार्यकर्ता कैडर कैंप का आयोजन डॉ. अंबेडकर पार्क गोछौरा में किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक परिस्थितियां दिन-प्रतिदिन बदलती जा रही हैं। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की वादाखिलाफी एवं जनविरोधी नीतियों से सर्व समाज के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। कमरतोड़ महंगाई के कारण गरीबों, मजदूरों के साथ-साथ आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। देश की जनता मायावती को अगला प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए संगठन को बूथ स्तर तक सर्वसमाज के लोगों में भाईचारा मजबूत बनाना है। इस मौके पर विजय कुमार, दिग्विजय गौतम, जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम, पीपी गौतम, राजेश गौतम एडवोकेट सदस्य जिला पंचायत, जसवंत सिंह विधानसभा क्षेत्र प्रभारी, नवमी लाल फौजी, सरोज गौतम विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, हरिराम गौतम, महादेव रावत, शाह आलम रिज़वी, वीरेंद्र कुमार, प्रताप सिंह, धर्मानंद रावत, राम सहारे रावत, सुंदरलाल बीडीसी, शिव प्रसाद, कौशल किशोर, राम लखन, पूर्व प्रधान राजेश आदि थे।

कार्यकर्ता कैडर कैंप को संबोधित करते बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल।

हमीरपुर में पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी ने सपा से दिया इस्तीफा

राठ (हमीरपुर), अमृत विचार : 24 साल से समाजवादी पार्टी की कर्मठ एवं जुझारू पूर्व विधायक व सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी डा.अम्बेश कुमारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि इस्तीफा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के व्हाट्सएप पर भेज दिया है।

अम्बेश कुमारी ने फोन पर अमृत विचार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की सोच दलितों एवं गरीबों के प्रति थी अब उस सोच से सपा पूरी तरह से भटक चुकी है। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और सपा का कोई लक्ष्य न होने के कारण वह पार्टी की नीतियों से असंतुष्ट हैं। सूत्र बताते हैं कि आगे आने वाले समय में पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी भाजपा की सदस्यता ले सकती हैं।

बेटे मृत्युंजय के साथ अम्बेश कुमारी।

आस्था की डगर रामलला के दर्शन की ललक जेनेवा से खींच लाई रामनगरी, आज सरयू में स्नान के बाद करेंगे दर्शन

स्विट्जरलैंड से 8 साल पैदल यात्रा कर अयोध्या पहुंचे बेन

मौजीराम यादव, नवाबगंज/गोंडा

अमृत विचार : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन की ललक ऐसी कि एक रामभक्त 8 साल की पैदल यात्रा कर स्विट्जरलैंड से अयोध्या पहुंच गया। रामभक्त बेन बुधवार को पुण्य सलिला मां सरयू के पवित्र जल में स्नान करने के बाद रामलला और हनुमानजी का दर्शन पूजन करेंगे। स्विट्जरलैंड के रहने वाले बेन (32) ने मंगलवार को अयोध्या की सीमा कटरा शिवदयालगंज पर श्रीराम के प्रति अपनी आस्था को अमृत विचार से साझा किया।

स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर के रहने वाले बेन वर्ष 2015 में स्विट्ज़रलैंड से पैदल ही भारत की यात्रा पर निकले थे। धार्मिक परिवार से जुड़े बेन का कहना है कि जब वह घर से निकले थे तब उनकी उम्र 24 वर्ष थी। सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं के प्रति गहरी आस्था रखने वाले बेन ने बताया कि उनके मन में था कि वह अयोध्या समेत भारत में स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन करेंगे। स्विट्जरलैंड से आस्ट्रिया होते हुए वह पाकिस्तान पहुंचे और फिर वाघा बॉर्डर से भारत में दाखिल हुए। जब उन्होंने सुना कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है तो उन्होंने काफी कोशिश की कि वह भी अयोध्या पहुंच जाएं लेकिन वह समय से अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाए। मंगलवार को वह पैदल चलते हुए कटरा शिवदयालगंज पहुंचे। जय श्री राम, जय जय हनुमान कहते हुए बेन अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

भारत के लोग बहुत अच्छे, मोदी-योगी की तारीफ

अमृत विचार से बातचीत करते हुए स्विस नागरिक बेन ने कहा कि भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इंडिया में मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई। प्रभु श्रीराम की कृपा से मुझे खाने-पीने और विश्राम में कोई दिक्कत नहीं हुई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर लिया तो मेरा जीवन सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा इंडिया के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी सराहना की जाए कम है। श्रीराम का मंदिर बनाने में इनका अहम योगदान है। बेन उर्फ अहिंसक बुधवार को सरयू नदी में स्नान करके प्रभु श्रीराम और हनुमान जी समेत अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना करेंगे।

भारत पहुंचकर अहिंसक रखा नाम, हिंदी भी सीखी

स्विस नागरिक बेन ने बताया कि उनके पिता सोमास स्विट्जरलैंड में फिजिक्स के टीचर हैं। मां सरस्वती गिरि योगा टीचर हैं। मां भारतीय मूल की हैं, इसलिए पूरा परिवार सनातन धर्म को मानता है। बड़े भाई जोनस भी योगाश्रम में रहते हैं। सभी लोग धार्मिक विचारधारा से जुड़े हुए हैं। भारत पहुंचने पर बेन ने अपना नाम बदल लिया है और नया नाम अहिंसक रख लिया है। इस नाम का अर्थ भी वह बताते हैं। वह कहते हैं कि सनातन धर्म अहिंसा का संदेश देता है इसलिए यह नाम उन्हे अच्छा लगा। बेन उर्फ अहिंसक हिंदी भी बोल लेते हैं।

संविधान बचाने को एकता जरूरी

बाराबंकी

अमृत विचार: पूर्व मंत्री व विधायक फरीद महफूज किदवई ने मंगलवार को कहा कि संविधान को बचाने के लिए लोहिया वादी व अंबेडकरवादी सोच के लोगों के एकजुट होने की जरूरत है। भाजपा लोकतंत्र का गला घोंटने पर उतारू है। पीडीए के महत्व को कार्यकर्ताओं को समझना होगा।

लखपेड़ाबाग में बाबा साहब वाहिनी जिला कमेटी द्वारा आयोजित समाजवादी पीडीए संविधान बचाओ पखवाड़ा में किदवाई ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म कर हिटलर शाही का राज चलाना चाहती है। वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की मूल प्रस्तावना से ही खिलवाड़ कर रही है। वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र सिंह आनंद के संचालन व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तरुण रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में राष्ट्रीय सचिव प्रभारी संतोष रावत, उत्कर्ष पटेल छात्र सभा जिला अध्यक्ष मोनू रावत महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश सचिव सुरेश गौतम, जिला अध्यक्ष मजदूर सभा चंद्र प्रकाश राजवंशी अनुसूचित अनुसूचित अध्यक्ष रूपेश प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण सेन, जिला अध्यक्ष संदीप आदि प्रमुख थे।

बैठक को संबोधित करते विधायक फरीद महफूज किदवाई। अमृत विचार

भाजपा के तीन बड़े मुद्दों में शामिल है यूसीसी, भाजपा आगामी आम चुनाव में समान नागरिक संहिता को बना सकती है चुनावी मुद्दा

छोटे उत्तराखंड ने दिया पूरे देश को बड़ा राजनीतिक संदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: यूसीसी विधेयक पारित होने के साथ ही उत्तराखंड पूरे देश में पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां यूसीसी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उत्तराखंड के यूसीसी को कानून बनने में अभी समय लगेगा लेकिन जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के यूसीसी का शोर हर जगह सुनाई देगा।

पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव से पहले ही वादा किया था कि वह उत्तराखंड में यूसीसी लाएंगे। धामी ने अपना वादा पूरा कर दिया। भाजपा ने राम मंदिर और धारा 370 को खत्म करके अपने वायदे पूरे कर दिए हैं। उत्तराखंड ने यूसीसी की शुरूआत कर दी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड के यूसीसी को अपने चुनाव का हथियार जरूर बनाएगी। इसकी चर्चा अन्य राज्यों में भी की जाएगी। भाजपा शुरू से ही कहते आई है कि देश में समान नागरिक संहिता होना जरूरी है। उत्तराखंड एक छोटा राज्य है लेकिन यहां का यूसीसी पूरे देश में चर्चा का विषय बन रहा है। यूसीसी को लेकर जो बात सामने आई है वह यह है कि इससे मुस्लिम पुरुषों को धर्म के नाम पर विवाह और संपत्ति के अधिकार में जो अधिकार प्राप्त थे वह खत्म हो जाएंगे। मुस्लिमों ने यूसीसी का विरोध करना भी शुरू कर दिया है। राजनीति के लिहाज से समझे तो भाजपा की चुनावी तैयारियों को देखते हुये यह काफी फायदेमंद होगा। हालांकि यूसीसी में ऐसे भी प्रावधान है जिससे हर धर्म के पुरुषों पर लगाम लगाने की कोशिश की गई है। राज्य की लोकसभा सीटों की बात करें तो भाजपा पिछले लगातार दो साल से राज्य में पांचों लोकसभा जीत रही है। कांग्रेस के लिए वापसी की राह में यूसीसी नाम की एक और चुनौती आकर खड़ी हो गई है।

- चुनावी तौर पर भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है यूसीसी
- कांग्रेस के सत्ता वापसी की राह में यूसीसी एक बड़ी चुनौती साबित होगा

जनजातियां बाहर तो कांग्रेस भी आई बैकफुट पर

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस ने उत्तराखंड में यूसीसी का विरोध इस बात पर किया है कि इससे जनजाति लोग प्रभावित होंगे। जनजाति समुदाय के अपने नियम होते हैं। वहां शादी, परिवार चलाने आदि में उनकी परंपराओं का बड़ा स्थान है। उत्तराखंड में जौनसारी, भोटिया और थारु प्रमुख जनजातियां रहती हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी यूसीसी को लेकर पूर्व में बयान दिए थे और कहा था कि भाजपा जो यूसीसी ला रही है, उससे जनजाति समुदाय की रीति रिवाजों पर प्रभाव पड़ेगा। जनजाति समुदाय यूसीसी को स्वीकार नहीं करेगी। यूसीसी विधेयक से जनजाति समुदाय बाहर है। राज्य में इनकी आबादी करीब 2.5 प्रतिशत है। अब कांग्रेस के लिये जनजाति वाला मुद्दा ही नहीं रह गया है। भाजपा यूसीसी से ही मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को मुस्लिम तुष्टीकरण का हिस्सा मानती है।

बोले नेता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू कर मिनी पाकिस्तान बनने से रोक दिया है। यह बिल पूरे देश के लिए नजीर बनेगा और एक-एक कर सभी राज्यों में लागू होगा। धर्म की आड़ में जो कानून जबरन थोपे जाते हैं, लोगों खासकर महिलाओं को उनका अधिकार मिलेगा।
-डॉ. प्रवीण तोगड़िया, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद

भाजपा की नीयत सही नहीं है, यूसीसी के जरिए राजनैतिक लाभ लेना चाहती है। यदि यूसीसी जरूरी था तो इसको केंद्र से लागू करना चाहिए था, यहां विधेयक बनाकर दिखाया जाएगा फिर राज्यों में लागू किया जा रहा है। यह पूरी तरह दिखावा है। यूसीसी क्या है कि यह भाजपा विधायकों को भी नहीं पता है। यूसीसी को पढ़ने व बहस के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। सरकार यही साफ मन से लागू करना चाहती है तो विधायकों को ड्राफ्ट पढ़ने का समय दे फिर अगली बार विशेष सत्र बुलाकर इस पर चर्चा कर पारित करना चाहिए।
-करन माहरा, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस

भाजपा ने वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के वादे समान नागरिक संहिता पर अधिनियम बनाने को पूरा किया है। कानून बनने के बाद उत्तराखंड आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा जो ऐतिहासिक है। देश भर में इसका सकारात्मक संदेश जाएगा। इसका कानून का सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम बहनों को मिलेगा।
-चंदन बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भाजपा

मुस्लिम महिलाओं की आवाज होगी मजबूत

संपत्ति में अधिकार, तलाक सहित अन्य पर समान कानून, विवाह का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया अनिवार्य

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार: यूसीसी सीधे तौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाला विधेयक है। जब यह कानून बनेगा तब राज्य में महिलाओं के अधिकार में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होगी। कुछ संप्रदाय ऐसे हैं जिनमें पुरुषों को धर्म के आधार पर मौजूदा कानून से हरकत छूट मिलती है। कानून बनने के बाद इस तरह के सभी अधिकार खत्म हो जाएंगे।

एक बात से यूसीसी का महिलाओं के जीवन में महत्व को समझा जा सकता है कि शादी किसी भी प्रथा और धर्म के आधार हुई हो लेकिन तलाक केवल न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा। सीधे तौर पर कहें तो यूसीसी के कानून बनने के बाद सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा। उन्हें तलाक का अधिकार देश की अन्य महिलाओं की तरह मिलेगा। साथ ही संपत्ति का अधिकार भी बराबर मिलेगा। यूसीसी में स्पष्ट तौर पर बहु विवाह पर रोक लगाई गई है। मुस्लिम समाज में पुरुषों को एक से अधिक विवाह करने की छूट है। यह भी देखने में आता है कि अन्य धर्म के कुछ लोगों ने एक से अधिक शादी करने के लिए अपना धर्म बदल लिया है।

यूसीसी कानून बनने के बाद मुस्लिम पुरुषों का यह अधिकार खत्म हो जाएगा। तीन तलाक तो पहले ही केंद्र ने ही रोक लगा दी है। साथ ही तलाक होने के बाद किसी मुस्लिम महिला को अगर दूसरी शादी करनी है तो कानून बनने के बाद वह भी अन्य महिलाओं को मिले प्रावधान के अनुसार करेगी। बेटियों की शादी के लिए उम्र का 18 साल का प्रावधान किया गया है और यह सब पर लागू किया गया है। हालांकि यूसीसी के दायरे से जनजाति समाज को बाहर रखा गया है। ऐसे में यूसीसी की वजह से मिलने वाले किसी भी अधिकार का लाभ जनजाति समाज की महिलाओं को नहीं मिलेगा।

संपत्ति में बेटियों को समान अधिकार

संपत्तियों में भी बेटियों को बेटों के बराबर समान अधिकार दिया गया है। कानून बनने के बाद संपत्ति का बंटवारा किसी भी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर नहीं होगा। चाहें बेटी किसी भी धर्म की हो, उसे संपत्ति में बेटों के बराबर हक मिलेगा।

- यूसीसी के दायरे से जनजाति समाज को रखा गया बाहर

भारत में विवाह की 'मान्यता' को बचाने का प्रयास

भारत में विवाह में एक स्त्री और पुरुष के साथ रहने का अधिकार ही नहीं होता है साथ ही यह जन्म-जन्मांतर का रिश्ता माना जाता है। आधुनिक हो रहे समाज में विवाहोत्तर अवैध संबंध होने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिससे विवाह शब्द की स्थापित मान्यता खतरे में पड़ रही है। यूसीसी के कानून बनने के बाद कोई भी स्त्री और पुरुष शादी के बाद अन्य किसी से संबंध बनाता हो तो यह तलाक तक का अधिकार होगा। साथ ही विवाह का रजिस्ट्रशन अनिवार्य करने का भी फायदा भविष्य में महिलाओं को ही ज्यादा मिलेगा।

लिव इन रिलेशन पर ईजा बौज्यू की इजाजत जरूरी

हल्द्वानी, अमृत विचार : समान नागरिक संहिता के कानून बनने के बाद लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले या रहने की प्लानिंग करने वाले लोगों को जिला अधिकारी के पास जाकर पंजीकरण कराना होगा। जरूरी ये भी है कि ऐसे लोगों को पंजीकरण से पहले ईजा-बौज्यू की न सिर्फ इजाजत लेनी होगी, बल्कि पंजीकरण के वक्त उम्र भी 21 वर्ष होनी चाहिए। ये उन पर भी लागू होगा जो उत्तराखंड राज्य के बाहर अन्य राज्यों में रहते हैं। बिल में यह भी प्रस्ताव है कि लिव-इन रिलेशनशिप उन मामलों में पंजीकृत नहीं किए जाएंगे, जो नैतिकता के विरुद्ध हैं। यदि एक साथी विवाहित है या किसी अन्य रिश्ते में है, एक साथी नाबालिग है या एक साथी की सहमति जबरदस्ती, धोखाधड़ी से ली गई हो, या गलत बयानी (पहचान के संबंध में) की गई है तो पंजीकरण नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार लिव-इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन के लिए एक वेबसाइट तैयार की जा रही है, जिसे जिला रजिस्ट्रार से सत्यापित किया जाएगा। जो रिश्ते की वैधता स्थापित करने के लिए जांच करेगा। लिव इन रिलेशन को शादी की तरह सुरक्षित बनाने के लिए महिला और संबंध से पैदा हुए बच्चे को पुरुष की संपत्ति में अधिकार दिया जाएगा। यदि किसी महिला को पुरुष पार्टनर छोड़ देता है तो वह भरण-पोषण की मांग के लिए कोर्ट में अपना दावा पेश कर सकती है। लिव इन से पैदा बच्चा वैध होगा। यानी शादी के बाद पैदा हुए बच्चे की तरह ही जैविक पिता को उसका भरण-पोषण करना होगा और संपत्ति में अधिकार देना होगा।

विविध

आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही : राहुल

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लगाए आरोप, भाजपा को लिया आड़े हाथ

- विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनकर कारोबारी घरानों को दे दी गई

गुमला/खूंटी, एजेंसी

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि देश में विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार सुबह झारखंड के खूंटी जिले से शुरू हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की पिछली भाजपा सरकार ने आदिवासियों की कई एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया था, लेकिन इस का कोई इस्तेमाल नहीं किया गया।

गुमला जिले के कामडारा चौक पर रोड शो के दौरान सभा में कांग्रेस सांसद ने कहा, मैंने यहां झारखंड में कई आदिवासी महिलाओं से बात की। उन्होंने मुझे बताया कि विकास के नाम पर उनकी जमीन छीनकर अंत में कारोबारी घरानों या एनजीओ को दे दी गई। उन्होंने झारखंड की पिछली भाजपा सरकार पर भूमि बैंक बनाने के लिए आदिवासियों की लाखों एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने और फिर उसका इसका कोई इस्तेमाल नहीं करने का भी आरोप लगाया।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

वायरल वीडियो पर कांग्रेस नेता ने दी सफाई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि कुत्ते द्वारा मेरे हाथ से बिस्कुट नहीं खाने पर मैने यह (बिस्कुट) खिलाने के लिए उसके मालिक को दे दिया था। कांग्रेस नेता की यह सफाई उस वीडियो जिसमें वह एक बिस्कुट कुत्ते के खाने से इनकार करने के बाद उसे (बिस्कुट को) एक व्यक्ति को देते हुए दिख रहे हैं, के वायरल होने के बाद आई है। वीडियो के बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि गांधी इस तरह से अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ व्यवहार करते हैं। इस बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा, कुत्ता घबराया हुआ था और जब मैंने उसे बिस्कुट दिया तो वह डर गया। फिर, मैंने (इसके) मालिक को बिस्कुट देते हुए कहा कि यह आपके हाथ से खाएगा। फिर, मालिक ने बिस्कुट दिया और कुत्ते ने खा लिया। इसमें क्या समस्या है। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि भाजपा क्यों कुत्ते के पीछे पड़ी है। पार्टी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह वीडियो चार फरवरी को झारखंड के धनबाद जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बनाया गया था। कुत्ते के मालिक ने खुशी जताते हुए कहा, कुत्ते ने राहुल गांधी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, उन्होंने उसे बिस्कुट भी दिए। हालांकि, इस घटना से विवाद पैदा हो गया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार रात को वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स' पर लिखा, न केवल राहुल गांधी बल्कि पूरा परिवार मुझे वह बिस्कुट नहीं खिला पाया। मुझे असमिया और भारतीय होने पर गर्व है।

राहुल गांधी की कथनी और राज्य सरकार की करनी में फर्क: महतो

रांची : झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कहा कि राहुल गांधी की कथनी और झारखंड सरकार की करनी में बहुत फर्क है। महतो ने मंगलवार को यहां कहा कि ऐसी कौन सी मजबूरी है कि राहुल गांधी को अपनी विचारधारा के विपरीत जाकर झारखंड में सरकार चलानी पड़ रही है। देश के बड़े नेताओं में शुमार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पिछले चार दिनों से झारखंड दौरे पर थे। इस दौरान झारखंड में चौक चौराहे पर खड़े झारखंडियों का उन्होंने हाथ हिलाकर अभिनंदन तक नहीं किया। क्या यह माना जाए कि वह यात्रा के दौरान थक चुके थे या उन्हें झारखंडियों से नफरत है। महतो ने कहा कि ओबीसी की इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद झारखंड सरकार में सिर्फ एक मंत्री पद और जिस दलित की दुहाई दे रहे हैं वहां से एक भी दलित मंत्री नहीं है।

रामलला जैसी प्राचीन विष्णु मूर्ति कृष्णा नदी में मिली

कृष्णा नदी से मिली भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति एवं शिवलिंग। ● एजेंसी

रायचूर, एजेंसी

कर्नाटक के रायचूर जिले के एक गांव में कृष्णा नदी से हाल में भगवान विष्णु की एक प्राचीन मूर्ति मिली है जिसके चारों ओर सभी दसावतार उकेरे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह मूर्ति इस तथ्य को देखते हुए उल्लेखनीय है कि इस मूर्ति की विशेषताएं अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में हाल ही में प्रतिष्ठित राम लला की मूर्ति से मिलती जुलती हैं। वहीं, मूर्ति के साथ एक प्राचीन शिवलिंग भी मिला है। रायचूर विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास और पुरातत्व के व्याख्याता डॉ. पद्मजा देसाई ने विष्णु की मूर्ति के बारे में बताया कि यह मूर्ति किसी मंदिर के गर्भगृह की शोभा रही होगी और संभावित रूप से मंदिर को नुकसान पहुंचाने के दौरान इसे नदी में फेंका गया होगा। पुरातत्वविदों का मानना है कि यह मूर्ति ईसा पश्चात 11वीं या 12वीं शताब्दी की है।

- एक प्राचीन शिवलिंग भी मिला पुरातत्वविदों के अनुसार मूर्ति 11वीं या 12वीं शताब्दी की

एक नजर

राज्यसभा की पूर्व सदस्य वीणा वर्मा का निधन

नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं दो बार राज्यसभा सदस्य रहीं वीणा वर्मा का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह 83 वर्ष की थीं। वह कुछ समय से उम्रजनित बीमारी से जूझ रही थीं। दिल्ली के मैक्स अस्पताल में मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया। वर्मा साहित्यकार एवं कवि श्रीकांत वर्मा की पत्नी थी, जो अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव भी रहे। मूलत: छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के निवासी रहा वर्मा परिवार लंबे समय से दिल्ली में रह रहा था। एक सितंबर 1941 को जन्मी वर्मा अविभाजित मप्र से 1986 से 2000 तक राज्यसभा सदस्य रहीं।

कांग्रेस सरकार बनी तो निरस्त करेंगे पीएमएलए

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा है कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 का दुरुपयोग किया जा रहा है। अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो इस कानून को निरस्त करेगी और बेहतर कानून बनाएगी। चिदंबरम ने राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल से उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की।



पुलिस अधिकारी, सिपाही से ऐंठे 96.5 लाख रुपये

अलवर, एजेंसी

राजस्थान के अलवर शहर में एक पुलिस अधिकारी और सिपाही को हनी ट्रैप के मामले में फंसाकर आरोपी द्वारा 96.5 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित पुलिस निरीक्षक और सिपाही ने अरावली विहार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्राथमिकी बताया कि वह अलवर की एक महिला के संपर्क में सोशल मीडिया के माध्यम से वर्ष 2022 में जुड़े और उस महिला के संपर्क में आने के बाद मिलना-जुलना हुआ और इस बीच महिला ने चतुराई से उनके आपत्तिजनक फोटो वीडियो बना लिए। उसके बाद में ब्लैकमेलिंग करने लगे। डर की वजह से निरीक्षक ने 90 लाख रुपए दिए। उधर आरोपियों ने सिपाही से भी 6.5 लाख रुपए ऐंठे थे। पीड़ितों ने इस मामल के फोन चौटिंग सहित अन्य सबूत पेश किये। अधिकारी ने बताया कि मामले में आठ आरोपी हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला के घर पर छापा मारा। जहां से आपत्तिजनक सामग्री सहित अन्य दस्तावेज बरामइ हुए। महिला, उसकी बहन और भाई को हिरासत में लिया गया।

हनी ट्रैप में फंसाया

- पुलिस ने आरोपी महिला, उसकी बहन और भाई को लिया हिरासत में

आखिर आराम भी जरूरी है...

सूरत के सरथाना नेचर पार्क में पेड़ पर आराम फरमाता तेंदुआ। ● एजेंसी

नफरती भाषण के लिए मौलाना अजहरी पर एक और प्राथमिकी

भुज। गुजरात में पुलिस ने मंगलवार को मुंबई के मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ कच्छ जिले के सामाखियारी में एक धार्मिक कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में एक और प्राथमिकी दर्ज की। अजहरी पर यह दूसरी प्राथमिकी है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। इससे पहले नफरती भाषण मामले में शनिवार को जूनागढ़ में दर्ज प्राथमिकी में अजहरी को रविवार को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। अहमदाबाद से अजहरी को जूनागढ़ ले जाया गया था। कच्छ (पूर्व) के पुलिस अधीक्षक सागर बाघमार ने कहा कि 31 जनवरी को सामाखियारी में आयोजित एक धार्मिक समारोह में भड़काऊ भाषण देने के लिए मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उच्चतम न्यायालय ने आनंद मोहन को पासपोर्ट जमा करने को कहा

बिहार का कृष्णैया हत्याकांड

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 1994 में बिहार के गोपालगंज के तत्कालीन जिला अधिकारी जी. कृष्णैया की निर्मम हत्या मामले में उम्रकैद के दोषी पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह को अपना पासपोर्ट स्थानीय पुलिस थाने में जमा कराने के और हर 15 दिन पर वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का मंगलवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कृष्णैया की विधवा तेलुगू उमादेवी कृष्णैया की रिट याचिका पर केंद्र सरकार को अपना जवाबी हलफनामा देने का आखिरी मौका देते हुए यह निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, प्रतिवादी (आनंद मोहन) को अपना पासपोर्ट तत्काल स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा कराने के साथ-साथ हर 15 दिन पर वहां अपनी उपस्थिति दर्ज करना चाहिए। याचिका में आनंद मोहन को उम्र कैद की पूर्व निर्धारित सजा पूरी होने से पहले रिहा करने के फैसले को चुनौती दी गई है। बिहार सरकार ने 10 अप्रैल 2023 को 10 दिसंबर 2002 के बिहार जेल नियमावली में संशोधन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बाहुबली नेता माने जाने वाले आनंद मोहन को 24 अप्रैल 2023 को जेल से रिहा करने का आदेश सहरसा जिला प्रशासन को दिया था।

दिल्ली में लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बताया कि यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है। आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उसकी पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से रविवार को जानकारी मिली थी कि रियाज अहमद राथर नाम का आतंकी उनके द्वारा हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों ने इस भंडाफोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से पांच एके राइफल (छोटी), पांच एके मैगजीन और छोटी एके राइफल के 16 कारतूस सहित अन्य सामग्री बरामद की थी।

उच्च स्तरीय समिति के सामने टीएमसी ने रखी अपनी बात

एक राष्ट्र-एक चुनाव तानाशाही लाने का एजेंडा

नई दिल्ली, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए गठित समिति से मंगलवार को कहा कि यह भारत में तानाशाही लाने का एक गुप्त एजेंडा है। टीएमसी के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय और कल्याण बनर्जी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की बैठक में शामिल हुए।

कल्याण बनर्जी ने बैठक के बाद कहा कि उन्होंने ममता बनर्जी के लिखे एक पत्र का जिक्र करते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का विरोध किया। उन्होंने कहा यह भविष्य में तानाशाही सरकार बनाने का एक गुप्त एजेंडा है।

संविधान के प्रावधानों में नहीं होना चाहिए हस्तक्षेप

कल्याण बनर्जी ने कहा कि पहले पूरे भारत में व्यावहारिक रूप से दो राष्ट्रीय राजनीतिक दल थे। अब अनेक क्षेत्रीय दल हैं। संविधान स्वयं कहता है कि जहां तक राज्य विधायिका का सवाल है, यह जनता की इच्छा है कि वह पांच साल के लिए अपनी सरकार चुने। इसी तरह लोग पांच साल के लिए केंद्र सरकार चुनेंगे। ये दो प्रावधान संविधान की मूल संरचना हैं। इन प्रावधानों में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

धर्म दर्शन

भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा

भारद्वाज मुनि के संबंध में बाबा तुलसी ने मानस में लिखा-भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा, तिन्हहि राम पद अति अनुरागा। तापस सम दम दया निधाना, परमारथ पथ परम सुजाना।। अर्थात भारद्वाज मुनि प्रयाग में रहते हैं, उनका श्रीरामचंद्र जी के चरणों में अधिक प्रेम है। वे तपस्वी, शांत स्वभाव, इन्द्रियजित, दयालु और परमार्थ के मार्ग में बड़े चतुर हैं। एक बार माघ मास में तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी तट पर भारद्वाज मुनि के आश्रम में बहुत सारे मुनियों के साथ भारद्वाज के गुरु महर्षि याज्ञवल्क्य पधारे। भारद्वाज मुनि ने याज्ञवल्क्य ऋषि के समक्ष अपना संशय प्रकट किया-रामु कवन प्रभु पूछऊं तोही।



याज्ञवल्क्य ऋषि ने जो रामकथा भारद्वाज मुनि को सुनाई वही कथा मानस में बाबा तुलसी ने गाया। वाल्मीकि रामायण और तुलसी के मानस दोनों में उल्लेख है कि राम वन जाते समय भारद्वाज आश्रम गए तथा भरत भीराम को वापस लाने के लिए जब चित्रकूट जा रहे थे तो प्रयाग में भारद्वाज मुनि के आश्रम में रुके थे। वाल्मीकि रामायण में क्रौंच युगल में से नर पक्षी की निषाद द्वारा हत्या किए जाने पर महर्षि वाल्मीकि को जो शोक हुआ और काव्य की जो धारा फूटी-मा निषाद प्रतिष्ठाम त्वमगमः शाश्वतीह समाः,यत क्रौन्च्मिथुनादेकमवाधिः काममोहितम। उसके साक्षी महर्षि वाल्मीकि के शिष्य भरद्वाज मुनि भी रहे। योगवशिष्ठ के अनुसार महर्षि वाल्मीकि ने सर्वप्रथम रामायण की कथा भारद्वाज मुनि की पत्नी पैठनसी को ही सुनाई थी। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या कांड सर्ग 89 श्लोक 23 में भारद्वाज मुनि को देव पुरोहित से संबोधित किया गया है।

श्रुति-स्मृति-पुराण में भारद्वाज मुनि का संदर्भ मिलता है। अंगिरस वंशीय वृहस्पति अंगिरस के पुत्र-भारद्वाज मुनि वैदिक सुक्त-दृष्टा थे जिन्हें ऋग्वेद के छठवें मंडल के अनेक सूक्तों के प्रणयन का श्रेय दिया जाता है। अथर्ववेद और ब्राह्मण ग्रंथों में भारद्वाज मुनि का उल्लेख मंत्र दृष्टा ऋषि के रूप में मिलता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारद्वाज मुनि के संबंध में बहुत सी कथाएं वायु पुराण, मत्स्य पुराण, विष्णु पुराण और ब्रह्मांड पुराण में मिलती हैं जिनके मंथन से स्पष्ट होता है कि अंगिरस पुत्र वृहस्पति वैशाली के मरुत राजा के पुरोहित थे। वैशाली में ही भारद्वाज का जन्म हुआ। इनका लालन-पालन मरुत राजा ने ही किया। आगे चलकर भारद्वाज मुनि काशिराज सुदेव पुत्र दिवोदास के पुरोहित बने। वायु पुराण और मत्स्य पुराण के अनुसार सुविख्यात पुरुवंशीय सम्राट राजा दुष्यंत और शकुंतला के यशस्वी पुत्र महाराज भरत जिससे भरत राजवंश की उत्पत्ति हुई और इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा,उनके कोई पुत्र नहीं था। वैशाली के मरुत ने पुत्र के रूप में भारद्वाज को भरत को प्रदान कर दिया।

भारद्वाज पहले ब्राह्मण थे,भरत के पुत्र होने के बाद क्षत्रिय कहलाए। दो पिताओं का पुत्र होने के कारण भारद्वाज को द्वयामुश्यायण भी कहा जाता है। मत्स्य पुराण और वायु पुराण में उल्लेख मिलता है कि भरत के मृत्योपरांत भारद्वाज ने राजपाट अपने पुत्र को सौंप कर वन चले गए। भरत वंश कई शाखा में बंटकर समस्त उत्तर भारत पर राज्य किया। भारद्वाज जन्मना कर्मणा ब्राह्मण और क्षत्रिय रहे। इसलिए भरत वंश में एक शाखा ब्राह्मण-क्षत्रिय मिश्रित रही जिसे उरुक्षय वंश कहा गया जिसमें महर्षि काप्य, महर्षि सांकृति, महर्षि गार्ग्य प्रसिद्ध हैं।

महाभारत में एक ऋषि भारद्वाज का उल्लेख मिलता है,जो उत्तर पांचाल के राजा पृषत के मित्र थे और कौरव पांडव के गुरु द्रोणाचार्य जिसके पुत्र थे। इन भारद्वाज को भी अन्गिराकुलोत्पन्न बताया जाता है,पर यह संशय है कि ये वही भारद्वाज हैं,जो त्रेतायुग में प्रयाग में बसते थे।

भारद्वाज के सूक्तों से विदित होता है कि महर्षि भारद्वाज का संबंध पायु, रजि, पेरुक जैसे मध्येशिया की जातियों से था। हिलेब्रांट ने अपनी पुस्तक वैदिक माइथोलॉजी में उल्लेख किया है कि सृंजयों के साथ भी भारद्वाज संबद्ध थे। विद्वानों का मत है कि महर्षि भारद्वाज ने प्रयाग त्रिवेणी तट पर गुरुकुल स्थापित कर इसे ज्ञान का केंद्र बनाया जहां भारत के बाहर से भी विद्याध्ययन के लिए जिज्ञासु आते रहे। मंत्रदृष्टा के साथ-साथ,महर्षि भारद्वाज,धर्मशास्त्रकार, व्याकरण,आयुर्वेद धनुर्वेद के मनीषी तथा राजनीतिशास्त्र कार तथा वैज्ञानिक के रूप में प्रसिद्ध रहे। वायु पुराण के अनुसार उन्होंने आयुर्वेद संहिता आठ भागों में लिखी। यंत्र सर्वस्व ग्रंथ में वैमानिकी का वर्णन बताया जाता है। मुंबई विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में श्रौतसूत्र की एक पांडुलिपि है,जो भारद्वाज द्वारा लिखी कही जाती है। भारद्वाज का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में सात बार आया है। राजनीतिशास्त्र विषयक ग्रंथ-यशस्तिलक ग्रंथ में भारद्वाज के राजनीति विषयक श्लोक उपलब्ध हैं। भारद्वाज ऋषि ही ऐसे गोत्रकार ऋषि हैं,जो सभी वर्णों-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र के विभिन्न आस्पद में गोत्र के रूप में मिलते हैं। भारद्वाज मुनि बसही प्रयागा जिन्हें रामपद अति अनुरागा।

विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य

आधुनिक दक्षिण भारत के तमिलनाडु प्रांत के श्रीपेरुम्बुदूरपुरम् (तत्कालीन भूतपुरी) के एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम 'कांतिमती' तथा पिता का नाम केशव भट्ट या सोमैय्या था। विशिष्टाद्वैत दर्शन के प्रवर्तक होने के अतिरिक्त उनको हिंदूधर्म के पुरातन वैष्णव संप्रदाय का धुरंधर परमाचार्य माना जाता है। बचपन में ही उनको वैदिक शिक्षा के अध्ययन के निमित्त आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन से प्रभावित गुरु यादव प्रकाश के संरक्षण में भेज दिया गया। वहीं पर वह 'वरदराज पेरुमल मंदिर' के आराध्य भक्त बन गए। उनकी विलक्षण प्रतिभा और श्रीहरि विष्णु के प्रति अनन्य भक्ति उनके गुरु से अलगाव का कारण बनी। उधर यही अलगाव रामानुज के घूम-घूमकर उपदेश प्रसार के स्वर्णिम अवसरों का कारण बनी। उन दिनों वैष्णव धर्म के सुख्यात आचार्य एवं श्रृंगमपुरम के सुप्रसिद्ध "श्रीरंगस्वामी मंदिर" के प्रधान पुजारी "यामुनाचार्य" दक्षिण भारत के तत्कालीन चोल राज्य के सबसे लोकप्रिय आचार्य थे। नए उपदेशक की सुख्याति ने उनका ध्यान आकर्षित किया। स्वयं आगेआ "इलैय्यावार" (रामानुज का मूल तमिल नामथा, जिसका अर्थस्वतः 'प्रकाशमान' होता है) से संपर्क किया तथा अपना पट्टशिष्य और उत्तराधिकारी घोषित किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

अपने गुरु की अंतिम इच्छा का पालन करने के लिए 'इल्लैय्यावर' से 'रामानुज' बने आचार्य ने तीन-तीन कठिन संकल्प लिया था। यामुनाचार्य की तीन इच्छाएं पूरी न हो सकीं थीं। उनके शिष्यों के अनुसार उनके गुरुदेव की तीन ये प्रतिज्ञाएं क्रमशः ब्रह्मसूत्र का भाष्य लिखना, (2) दिल्ली के सुल्तान के यहां से श्रीराम मूर्ति जी, वैष्णवाचार्य का उद्धार तथा (3) विशिष्टाद्वैत के चतुर्दिक प्रचार हेतु दिग्विजय हेतु भ्रमण। पारंपरिक अनुश्रुति के अनुसार ज्योंही मृतगुरु के शव के रामानुजाचार्य जी ने तीनों की पूर्ति का प्रण लिया, गुरु की टेढ़ी हुई तीनों अंगुलियां स्वतः सीधी हो गईं। गुरु यामुनाचार्य का अंतिम संस्कार संपन्न कर रामानुज जी कांचीपुरम लौट गए। वहां से लौटने के बाद अपने वैवाहिक जीवन से ऊबकर संन्यासी बन चुके रामानुजाचार्य ने कांची में ही महापूर्ण स्वामी से व्यासकृत वेदांत सूत्रों के अर्थ के साथ तीन हजार गाथाओं का उपदेश भी प्राप्त किया।

शक्ति संपन्न सोमदेव

हे यज्ञ साधनों। आप नेतृत्व की क्षमता से संपन्न हैं। हम आपके माध्यम से राक्षसी शक्तियों के मर्मस्थल पर प्रहार करते हैं। हम द्युलोक, अंतरिक्ष एवं पृथ्वी के हित की दृष्टि से आपको शुद्ध करते हैं। आप पिता की तरह पालक एवं प्रजाओं के आश्रय हैं। आप अपनी सद्भावनाओं से द्युलोक का स्पर्श करें,सद्विचारों से अंतरिक्ष को भर दें तथा सत्कर्मों से पृथ्वी को सुदृढ बनाएं। हे सर्वव्यापी यज्ञदेव। ज्ञानीजनों का समूह आपको सूर्य के दिव्य प्रकाश की भांति कण-कण में समाया हुआ अनुभव करता है। समस्त पृथ्वी, वन एवं पशुओं में आपका ही विस्तार है। आप याजकों को चारों ओर से भरपूर वैभव प्रदान करें।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे याजक! हम आपके प्राण, वाणी, दृष्टि, श्रोत्र नाभि आदि अंगों को शुद्ध करते हैं। इस प्रकार आपके चरित्र का शोधन करके उसे यज्ञानुकूल बनाते हैं। आपके मन,वाणी और प्राण उत्कर्ष को प्राप्त करें। आपके नेत्र एवं कर्ण कल्याणकारी शक्तियों से संयुक्त रहें। आपके समस्त आचरण सदैव सुखदायी हों। हे औषधे। इनकी रक्षा करें और इन्हें नष्ट होने से बचाएं। हे जलदेवता। आप जिस प्रकार शरीरस्थ मैलों को दूर करते हैं,उसी प्रकार याजक के जो भी ईर्ष्या, द्वेष, असत्य भाषण, मिथ्यादोषरोपण आदि निंदनीय कर्म हैं,आप उन सब दोषों को दूर करें। जल एवं वायु अपने प्रवाह से पवित्र करके हमें यज्ञीय प्रयोजन के अनुरूप बनाएं।

हे हवि! आप स्थूल,सूक्ष्म और कारण रूप में सिंधुपर्यंत पृथ्वी,अंतरिक्ष एवं द्युलोक तक अपना विस्तार करें। आप इस जगत के उत्पादक सविता देवता,मित्र,वरुण, सोम, वैश्वानर अग्नि, दिन, रात्रि, छंदों, यज्ञादि समस्त देव शक्तियों को तृप्ति प्रदान करें। अपने धूम्र अर्थात् वायु-भूत ऊर्जा से द्युलोक को प्रकाश से अंतरिक्ष को एवं भस्म से पृथ्वी को परिपूर्ण करें। हमारे अंतःकरण को सत्कर्म के लिए दिव्य प्रेरणाएं प्रदान करें। हे सोमरूपी अमृत का संरक्षण करने वाली देवशक्तियों। आप कल्याणकारी हैं, वृत्र रूप विकारों का नाश करके सोम का पोषण करने वाली तथा धन प्रदायक हैं। आप इस यज्ञ का नेतृत्व करें तथा सोमरस का पान करें। कभी नष्ट न होने वाले हे दिव्य सोम। आप हमारे आहार को मधुर रस आदि तत्वों से युक्त कर दें। आपके जागृत स्वरूप के लिए हम यह आहुति समर्पित करते हैं। यह आहुति अनंत अंतरिक्ष में विस्तार प्राप्त करे। अनंत शक्ति संपन्न हे सोमदेव! आपके अनुग्रह से हम याजकगण सदैव देवताओं के निमित्त हवि देने वाले हों। विश्व मानव द्वारा वरण करने योग्य यह पहली सर्वोत्कृष्ट संस्कृति है। संस्कारित सोमदेव,वरुण मित्र तथा अग्निदेवों में अग्रणी हैं।

बौद्धिक क्षमता का पर्व गुप्त नवरात्र

ऋषियों का 'यत पिंडे तत ब्रह्मांडे' कथन आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं,बल्कि वैज्ञानिक कसौटी पर भी हर पल शोध का विषय बना हुआ है। संपूर्ण ब्रह्मांड अद्भुत है तो मानव-शरीर भी रहस्यातीत है। ऋषियों ने कोटिसूर्य की बात कही तो मानव शरीर में भी अनंत सूर्य सदृश तेज है,जो सुषुप्त अवस्था में है,उसे ही जागृत करने के लिए योग, तप, साधना, व्रत, उपवास आदि के विधान किए गए। वैदिक काल में वर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के बजाय माघ शुक्ल की प्रतिपदा से होती रही है। इसी अवधि में वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना बौद्धिक धन की प्राप्ति के लिए की जाती रही है। माघ महीने में संगम स्नान के दौरान जुटे गुरुजन जनमानस में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करते रहे हैं। समाज संचालन में जैसे शासक एवं शासित होते हैं,उसी तरह ज्ञान के क्षेत्र में गुरु और शिष्य तथा लोकजीवन में पुरोहित एवं गृहस्थ की व्यवस्था बनी है। शक्ति-संचय का पर्व वर्ष में शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र विख्यात है। भगवान राम ने भी रावण से युद्ध के पूर्व मां दुर्गा से शक्ति पाने के लिए शरद-ऋतु में कठोर उपासना की थी। वैसे तो श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में एक सौर वर्ष में नौ नवरात्र के पर्व का उल्लेख है जिसमें शारदीय, वासंतिक के अलावा आषाढ़, श्रावण (सावन), भाद्रपद, कार्तिक, मार्गशीर्ष (अग्रहायण), माघ एवं फाल्गुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक व्रत-उपवास के साथ मां दुर्गा से उपासक शक्ति प्राप्त करता है। इसे नवाह यज्ञ बताया गया है। ब्रह्मांड में विद्यमान शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से अनंत ऊर्जा प्राप्त करने के अलावा नौ माह गर्भ में रखकर जन्म देने वाली मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी विधान परिलक्षित होता है। पुराणकारों का मानना है कि प्राचीनकाल में हमारे ऋषियों, मुनियों ने इस तरह के तप-बल से प्रकृति से संवाद किया और प्रकृति में व्याप्त रहस्यों को मानव कल्याण के लिए प्रकट किया। आज विज्ञान भी इन ऋषियों के ही ज्ञान को आधार बनाकर अनेकानेक खोज करने में सफल हुआ है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र जिसे प्रकट नवरात्र कहा जाता है, के अलावा आषाढ़ एवं माघ महीने में गुप्त नवरात्र का भी उल्लेख उक्त पुराण में है। इसी पुराण के 12 वें स्कंध के 21 वें श्लोक में भक्तों की चार श्रेणियां बतायी गईं। जिसे वैष्णव, शैव, सौर तथा गाणपत्य भक्त शामिल हैं। इन सभी लोगों को अपनी रुचि के अनुसार या समस्त नवरात्रों पर साधना करनी चाहिए। इस वर्ष माघ का यह गुप्त नवरात्र नौ दिवसीय है,जो 10 फरवरी से 18 फरवरी तक रहेगा।

प्रदेश

विचाराधीन मामलों में सार्वजनिक बयान देने से बचें : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद स्थित व्यास तहखाने में 'पूजा' से संबंधित मामले में पक्षकारों को निर्देश दिया है कि वह इस मामले को लेकर तब तक कोई सार्वजनिक बयान ना दें, जब तक मामला विचाराधीन है।

उक्त मामले की सुनवाई को बुधवार के लिए स्थगित करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि पक्षकार मीडियाबाजी करने से बचें, साथ ही जनता के बीच तब तक बयान मत दीजिए, जब तक मामले का फैसला कोर्ट द्वारा नहीं हो जाता है। इसके साथ ही पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को अपनी अपील में संशोधन करने के लिए 6 फरवरी तक का समय दिया था, जिसके अनुपालन में मंगलवार को उक्त पक्ष ने संशोधन की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद समिति द्वारा दाखिल याचिका में वाराणसी कोर्ट के 31 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी गई थी।



कोर्ट-कचहरी

- **ज्ञानवापी प्रकरण पर पक्षकारों को हाईकोर्ट ने दिए निर्देश**
- **मुस्लिम पक्ष की संशोधन अर्जी को कोर्ट ने किया स्वीकार**

समिति के अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने जिला न्यायाधीश, वाराणसी के आदेश को निष्पादित करने में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिखाई गई तत्परता पर सवाल उठाते हुए विवादित क्षेत्र की तेजी से सफाई करने और तहखाने के भीतर पूजा-अनुष्ठानों की व्यवस्था करने पर भी आपत्ति जताई। दूसरी ओर हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मस्जिद समिति ने वाराणसी कोर्ट के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती नहीं दी है, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को संपत्ति के रिसीवर के रूप में नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट को बताया कि सीपीसी की धारा 151 के तहत शक्तियों का प्रयोग करके पूजा की अनुमति देने वाला आदेश 31 जनवरी को पारित किया गया।

इसके तुरंत बाद जिला मजिस्ट्रेट ने अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ काशी कॉरिडोर के गेट नंबर 4 के माध्यम से मस्जिद परिसर में प्रवेश किया और तहखाने का ताला खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्र में नियमित पूजा शुरू हो गई।

मांगी गई राहत को दलीलों से समर्थित किया जाना चाहिए

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **याचिका का मसौदा तैयार करते वक्त बरतें सावधानी**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्रेच्युटी के मामले में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि मांगी गई राहत प्रदान करने के लिए एक रिट याचिका का मसौदा बहुत सावधानी से तैयार करना चाहिए। दलीलें किसी भी मुकदमे का अनिवार्य हिस्सा होती हैं।

मांगी गई राहत को दलीलों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। याचिकाओं का वर्तमान समूह इसका उदाहरण है, जहां मांगी गई प्रार्थनाएं न केवल अस्पष्ट हैं बल्कि भौतिक दलीलों द्वारा भी समर्थित नहीं हैं। याचियों ने संपूर्ण प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा न करके विशेष त्रुटि की है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने उषा वर्मा व अन्य दर्जनों याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया। कुछ परिस्थितियों में संदर्भित सरकारी आदेशों के अनुसार शिक्षकों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है, लेकिन उन आदेशों का विवरण वर्तमान याचिकाओं का हिस्सा नहीं है। यह अविश्वसनीय है कि याचियों को प्रासंगिक सरकारी आदेशों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसके तहत शिक्षकों को कुछ शर्तों के अधीन ग्रेच्युटी देय है, चाहे वह प्राथमिक विद्यालयों में हों या जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे हों। याचियों ने मुख्य रूप से ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के तहत बेसिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी की मांग की है, लेकिन उन्होंने उपरोक्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी का प्रावधान करने वाले सरकारी आदेशों का जिक्र नहीं किया है, न ही प्रासंगिक शासनादेश को रिकॉर्ड पर रखा। इस आधार पर कोर्ट ने पाया कि याची सेवानिवृत्त कर्मचारी या मृत कर्मचारियों के पिता, पति तथा माता हैं, जिन्होंने कई वर्षों से ग्रेच्युटी की कोई मांग नहीं उठाई है। अंत में कोर्ट ने मामले को निस्तारित करते हुए याचियों को ग्रेच्युटी का लाभ उठाने के लिए उपलब्ध कानूनी सहारा लेने की स्वतंत्रता दी है।

वर्ग पहेली-335

बाएं से दाएं

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी, वेग।

ऊपर से नीचे

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



वर्ग पहेली - 334 का हल



सुडोकू -52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2		3		4				
		8			7		5	
1					5			2
	2			5			3	
9			6		2			5
	1			8			4	
4			1			5		3
	6		5			9		
				2				8

सुडोकू - 51 का हल

3	1	9	6	7	4	8	5	2
2	6	7	5	1	8	4	3	9
5	4	8	9	2	3	6	7	1
4	5	1	2	3	6	7	9	8
7	3	2	8	4	9	5	1	6
9	8	6	7	5	1	2	4	3
8	9	4	3	6	5	1	2	7
1	7	3	4	8	2	9	6	5
6	2	5	1	9	7	3	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 14 .02 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 8 फरवरी 04 .37 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष – आज किसी को धन उधार न दें। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशन्सा होगी,किंतु इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

वृष – आज समय रहते समस्याओं को सुलझाना बेहद जरूरी है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। किडनी के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

मिथुन – आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

कर्क – आज आप काफी मेहनत करेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। बिना विचार करे कोई काम न करें।

सिंह – आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको दूसरों पर निर्भर होना पड़ सकता है। कमीशन संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

कन्या – आज अपनी महत्वकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। विवाह आदि को लेकर तात्कालिक निर्णय लेना उचित नहीं होगा। माता के साथ अपने मन की बातें साझा करने से आपको काफी अच्छा लगेगा। जीवनसाथी से आपकी अपेक्षायें बढ़ सकती हैं।

तुला – आज व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन से कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे। राजनीतिक संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद लेंगे।

वृश्चिक – आज दिखावे के लिए आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं। इससे आपकी बचत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

धनु – आज साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के प्रपोजल मिल सकते हैं। कला और गेम्स में आप काफी रुचि ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मकर – आज माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही न करें। आपको काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती है। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है।

कुंभ – आज शेयर मार्केट में धन निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

मीन – आज वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेंट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है। समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन – सुबह : 11.14
यस बॉस – रात : 07.14

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 09 .34
हेलबॉय – रात : 08 .45

SONY MAX
पागलपंती – सुबह : 10 .11
पति पत्नी और वो – रात : 07 .00

ZEE CINEMA
सिलसिला है प्यार का – सुबह : 10 .30
स्पाइडर – रात : 07 .30

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक – दोपहर : 01.27
द बॉडी – रात : 10 .03

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल-यार,मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

मिंटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पिंटू उसे खरीदने वाला था।
पिंटू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मिंटू- हां जी, मैं इसको दो बार पहले भी बेच चूका हू, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

देश जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

गोवा में नरेंद्र मोदी बोले-5-6 वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा निवेश

गोवा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी का दौरा किया। • एजेंसी

योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्यों में संतृप्ति तक पहुंचाना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। मोदी ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में विकसित भारत, विकसित गोवा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र सरकार की कई योजनाओं के कार्यान्वयन में, गोवा ने 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा-जब योजनाओं की संतृप्ति होती है, तो लोगों के बीच मतभेद समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक लाभार्थी को पूरा लाभ मिलता है।

उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा निफ्टी 21900 के पार**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक से अधिक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों... टीसीएस और इन्फोसिस में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही और यह 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के बाजारों में तेजी आने से भी धारणा

मजबूत हुई। सोमवार की भारी गिरावट के बाद चीनी बाजार चार प्रतिशत तक उछल गये। इसका कारण एक सरकारी निवेश कोष का बयान है जिसमें उसने कहा कि वह शेयर खरीद बढ़ाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बाजारों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-बाजार में धारणा सकारात्मक रही और यह बढ़त में बंद हुआ। निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले अपना निवेश कम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसी संभावना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर को लेकर रुख उदार होगा। इससे बॉन्ड बाजार में धारणा मजबूत हुई।

निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के बीच मंगलवार को निवेशकों की पूंजी में 4.21 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक उछल गया था। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत और मिडकैप में 1.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति नग)	47,850-48,050
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,700
चांदी तैयार	72,800
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,800।

कतर से एलएनजी आयात बढ़ाने के लिए समझौता करेगा भारत

बेतुल (गोवा)। भारत एलएनजी आयात को कतर से मौजूदा कीमतों से कम दरों पर 2048 तक बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर प्रति वर्ष 75 लाख टन के आयात को बढ़ाने के लिए कतरएनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। कतर के ऊर्जा मंत्री और कतरएनर्जी के शीर्ष अधिकारी यहां आईईडब्ल्यू में हिस्सा ले रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कीमतें मौजूदा कीमत से काफी कम होंगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों का भरोसा लौटा : नागेश्वरन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा लौटा है और यह बात निजी क्षेत्र में निवेश में आ रही तेजी से पता चलती है।

नागेश्वरन ने बातचीत में कहा-यह (भरोसा) वापस आ गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो कैसे भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करती। आप अगर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रो में खरीद प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजेर इंडेक्स) को देखें, विस्तार और गिरावट को देखें, शेयर बाजार के प्रदर्शन को देखें, यह पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़ों में भी दिख रहा है। नागेश्वरन ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियां अपने पूंजीगत व्यय और नई परियोजनाओं की घोषणा में तेजी ला रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपने अंतरिम बजट में कहा है कि निजी निवेश हो रहा है।

सरकार ने उतारा 29 रुपये किलो के भाव पर भारत चावल

नई दिल्ली। सरकार ने पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।

देश में रेपो दर के यथावत रखने की जताई गई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को शुरू हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने के बीच अल्पकालिक ऋण दरों पर यथास्थिति बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से अल्पकालिक ऋण दर यानी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा हुआ है। वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से बढ़ी महंगाई पर काबू पाने के लिए मानक ब्याज दर में आखिरी बार बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में हुई थी जब इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.69 प्रतिशत पर आ गई जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के भीतर ही है।

राष्ट्रीय

महंगाई नियंत्रण के लिए केंद्र ने उठाए कदम: सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के नेताओं को दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा समय-समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) सरकार के साथ मिल कर प्याज को गामा किरणों की मदद से नमी-रहित करने पर काम कर रहा है ताकि प्याज को लंबे समय तक रखा जा सके और यह खराब न होने पाए। उन्होंने कहा

''जल्द खराब होने वाली कुछ खाद्य सामग्री का भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि प्याज के दामों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसका बफर आकार 2023-24 में सात लाख मीट्रिक टन कर दिया है जो 2020-21 में एक लाख मीट्रिक टन था। सीतारमण ने बताया कि तीन फरवरी 2024 तक कुल 6.32 लाख मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ और खुदरा बिक्री, थोक बिक्री तथा ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेड ए का 3.96 लाख टन प्याज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी जल्द ही खराब होने वाली जिन्स को लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सके।

एससी, एसटी की सूची के लिए 2 विधेयक पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों में आंध्र प्रदेश के तीन और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति समूह में शामिल करने का प्रावधान है। विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के इतने लंबे कालखंड के बाद भी कई ऐसे जनजातीय समूह रह गए हैं।

ओबीसी को आरक्षण संबंधी विधेयक पारित

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के जवाब के बाद सदन ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

कांग्रेस नेता ने जातिगत जनगणना की उठाई मांग

राज्यसभा में मंगलवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने देश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को शिक्षा सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर जहां बल दिया, वहीं कांग्रेस नेता एल हनुमंतय्या ने जातिगत जनगणना की मांग उठाई, ताकि विभिन्न जातियों की सही संख्या पता लगने पर उनके कल्याण के लिए समुचित कदम उठाये जा सके। भाजपा सदस्यों ने कहा-ओडिशा सहित कई राज्यों में कांग्रेस के कई दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद आरक्षण का अधिकार नहीं दिया गया।

गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। शाह और नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को 'भारत रत्न' के लिए बधाई दी। • एजेंसी

एक नजर

पुणे विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत याचिका खारिज

मुंबई। मुंबई की स्थानीय अदालत ने पुणे के जंगली महाराज रोड़ पर अगस्त 2012 में हुए बम विस्फोटों के आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए अदालत से जमानत की गुहार लगायी है। उसने याचिका में कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दिया था और अदालत ने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मामला निपटाने का निर्देश दिया था।

संजय सिंह को शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अभी नहीं बुलाया गया है। सूत्रों ने श्री सिंह के आठ या नौ फरवरी को शपथ लेने संबंधी रिपोर्टों पर मंगलवार को कहा कि उन्हें अभी शपथ लेने के लिए राज्य सभा की ओर से समन नहीं भेजा गया है इसीलिए उनके शपथ लेने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह के राज्य सभा से निलंबन का मामला गत 11 अगस्त को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

संसद का बजट सत्र एक दिन के लिए बढ़ाया जाएगा: प्रह्लाद जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने दी जानकारी**

संसद के मौजूदा बजट सत्र को एक दिन बढ़ाकर शनिवार तक किया जा रहा है। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यहां दी। सूत्रों ने बताया कि सरकार 2014 से पहले और उसके बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की तुलना करते हुए एक 'श्वेत पत्र' पेश करने की योजना बना रही है। बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को हुई थी और इसे नौ फरवरी को समाप्त होना था।

जोशी ने एजेंडे के बारे में विस्तार से बताने से इनकार करते हुए कहा, ''संसद का सत्र एक दिन के लिए शनिवार तक बढ़ाया जाएगा।'' सूत्रों ने कहा कि चूंकि वित्त विधेयक, बजट चर्चा और अनुदान मांगों आदि पर अभी संसद में विचार होना बाकी है और श्वेत पत्र भी पेश किया जाना है, ऐसे में सत्र की अवधि एक दिन बढ़ाना जरूरी समझा गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा था कि केंद्र सरकार 2014 से पहले और उसके बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की तुलना करते हुए एक 'श्वेत पत्र' जारी करेगी। उन्होंने

कहा था कि उन दिनों के संकट को दूर कर लिया गया है और अर्थव्यवस्था को सर्वांगीण विकास के साथ उच्च सतत विकास पथ पर मजबूती से स्थापित किया गया है। वह इसे दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा में पेश करेंगी। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को अपने भाषण में कहा था कि केवल उन वर्षों के कुप्रबंधन से सबक लेने के उद्देश्य से अब यह देखना उचित है कि हम 2014 तक कहां थे और अब कहां हैं। सरकार सदन के पटल पर एक श्वेत पत्र रखेगी। संसद की कार्यवाही आमतौर पर सप्ताहांत में नहीं होती है, लेकिन हाल के वर्षों में ऐसे कई उदाहरण हैं, जब सदन की बैठक शनिवार को आहूत की गयी है। 'श्वेत पत्र' सत्तारूढ़ भाजपा को कांग्रेस पर अधिक हमलावर होने का एक मौका भी देगा।

कोर्ट ने कैग से डीजेबी के ऑडिट में तेजी लाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा-कैग को कानून के अनुसार डीजेबी के खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। यह याचिका दिल्ली के भाजपा नेता हरीश खुराना द्वारा दायर की गई थी।

अदालत ने सिद्धारमैया पर जुर्माना लगाया विशेष अदालत में पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 2022 में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और उन्हें छह मार्च को सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तत्कालीन पंचायत राज मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए प्रदर्शन मार्च निकालने के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: अब भारत का विकास विदेशी तकनीक से नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसी सोच पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम का निर्धारण किया है। ओके थीम की शुरुआत केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को करना था, लेकिन लोकसभा में संसदीय कार्यों की वजह से यह कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ। • अमृत विचार

▸▸ **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का नारा होगा "स्वदेशी प्रद्योगिकी"**

अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी एवं नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. गोखले ने कहा कि अब युवा महिला गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखते हुए घरेलू प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा, ताकि देश का समग्र कल्याण हो सके।

डॉ. करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की जमात को एक साथ काम करने का नया अवसर प्रदान करना है। इससे वर्ष 2047 तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकेगा। डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि 10 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व व्यापी तरक्की की है। वैज्ञानिक शोध ग्रंथों के प्रकाशन में शीर्ष पांच देशों में भारत अपना स्थान बना चुका है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में वर्ष 2015 में भारत की रैंक 81वीं थी, मगर नौ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए भारत 40वें स्थान पर हैं। यही नहीं, पेटेंट के क्षेत्र में भी भारत ने रिकॉर्ड काम किया है। भारत की पेटेंट फाइलिंग 90,000 को पार कर गई है जो दो दशकों में सबसे अधिक है। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी की वजह से भी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के नाम पर देशभर में आज से 4 मार्च तक उत्सव मनाए जाएंगे। दिल्ली में 28 फरवरी को विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

संघ की आपसी लड़ाई से दांव पर एथलेटिक्स खिलाड़ियों का भविष्य

जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों आयोजित कर रहे ट्रायल

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव के बाद से शुरू हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः राजधानी में एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ी परेशान है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह किस ट्रायल में शामिल हो। लखनऊ की टीम कहां से बनेगी? एथलेटिक्स संघ की आपसी लड़ाई में उनका खेल बिगड़ता नजर आ रहा है। एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव पिछले वर्ष नियमों को ताख कर किए गए। उसके बाद खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन और फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने भी इस चुनाव को अवैध घोषित करार कर नई कार्यकारिणी को गठित करने के निर्देश दिए। इसके उलट उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ को बर्खास्त कर एडहॉक कमेटी गठित कर दी। अब जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों ही राजधानी के खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुला रहे हैं। ऐसे में खिलाड़ी परेशान है कि वह किस ट्रायल में हिस्सा ले।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सदस्यों के अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया ने निर्देश दिए है कि राज्य संघ किसी भी जिला इकाई को बर्खास्त नहीं कर सकता। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने 23 जनवरी को चुनी गई जिला एथलेटिक्स संघ की नई कार्यकारिणी समेत पूरे संघ को बर्खास्त कर एडहाक कमेटी बना दी। यह तब है जब रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी ने उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को कालातीत घोषित कर दिया है। खेल विभाग और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को अमान्य करार कर दिया है।

चुनाव के चार दिन बाद ही बर्खास्त हुआ था संघ, बना दी गई थी एडहाक कमेटी

जिला एथलेटिक्स संघ ने 18 जनवरी को आईएएस अफसर और संघ के अध्यक्ष अनिल सागर की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए। चुनाव सेवानिवृत्त न्यायाधीश केके शर्मा की मौजूदगी में हुए। इसमें अनिल सागर अध्यक्ष और बीआर वरुण सचिव चुने गए। चार दिन बाद ही उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने इस संघ को बर्खास्त कर एक एडहाक कमेटी बना दी। संघ के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के समन्वयक जीएस राठी ने निर्देश जारी किया था कि संबद्ध राज्य संघों को अपने संबंधित राज्यों में जिला स्तर पर किसी तदर्थ ईकाई निलंबित करने का कोई अधिकार नहीं है।

"चुनाव नियमानुसार हुआ है। इसकी वीडियो रिकार्डिंग है। फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने जो फैसला लिया है, वह एकतरफा है। हम कोर्ट जाएंगे।
-देवेश दुबे, सचिव, उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ

खेल विभाग के अधिकारी को चुनाव में भेजा गया था। उसने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव नियमों के अनुसार नहीं हुए हैं।
-डॉ. आरपी सिंह, निदेशक, उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ मनमानी पर उतारू है। हमारे यहां से भी उसकी मान्यता निरस्त की जा चुकी है। नियमों की अनदेखी कर चुनाव हुए।"
-आनंदेश्वर पाण्डेय, सचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ

15 दिन में बनानी थी नई कार्यकारिणी

फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स के डिप्टी रजिस्ट्राल लोकेश श्रीवास्तव ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव को कालातीत बताया है। बीती नौ जनवरी को इसकी जानकारी भी खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को दे दी थी। साथ ही 15 दिन के अंदर नई कार्यकारणी गठित करने के आदेश भी दिए थे। लेकिन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने अब तक इस ओर कोई ध्यान नही दिया।

जुलाई में टी-20 के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी भारतीय टीम

आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद

हरारे, एजेंसी

भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की शृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इसका आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। इसमें हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना कम है। सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में 5 मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह शृंखला 6 से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इसकी पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।

खेल डायरी

उम्मीद है तोक्यो में खेल पाउंगाः मेस्सी

तोक्यो, एजेंसी। हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने से हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को तोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन मंगलवार को वह संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे।

इंग्लैंड ने दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में भारत को हराया

अहमदाबाद, एजेंसी। कैलम फ्लिन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की शृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद शृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फ्लिन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फ्लिन और लियाम ओ'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने 3 विकेट लिए। फ्लिन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

भारत में द.एशिया की महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में मंगलवार को दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया, जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबॉल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। एक कार्यक्रम में लीग के लोगों का अनावरण भी किया गया। इसका आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ और एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है।

बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेंगी देश की 16 टीमें

महोबा, एजेंसी। यूपी के महोबा जिले मे 12 फरवरी से शुरू होने वाले 75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट में देश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी फेडरेशन से सम्बद्ध आयोजन समिति के चेयरमैन कुलदीप भटनागर ने मंगलवार को बताया कि चरखारी के डाक बंगला ग्राउंड मे आयोजित टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर .गाजीपुर, विवेक अकाडमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सीलेंसी इंफ़ाल . मणिपुर, एएलबीएम झांसी, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल की टीमों के अलावा नागपुर, जयपुर और सागर की टीमे प्रतिभाग करेंगी। इनका स्वीकारोक्ति पत्र प्राप्त हो गया है। इन टीमों की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर नजर आयेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फ़रवरी को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन की तिथियां दो से आठ फ़रवरी तक निर्धारित की गयी थी जिन्हे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

सचिन-उदय ने दिलाया फाइनल का टिकट

द. अफ्रीका ने दिया 245 रन का लक्ष्य, धास-सहारन की 171 रन की साझेदारी से मिली जीत

अंडर-19 विश्व कप

बेनोनी (द. अफ्रीका), एजेंसी

सचिन धास और कप्तान उदय सहारन के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गत चैंपियन भारत ने मंगलवार को विषम परिस्थितियों से उबरते हुए द. अफ्रीका को दो विकेट से हराकर पांचवीं बार फाइनल में जगह बनाई।

द. अफ्रीका के 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए धास (96 रन, 95 गेंद, 11 चौके, 1 छक्का) और सहारन (81 रन, 124 गेंद, 6 चौके) के बीच पांचवें विकेट की 171 रन की साझेदारी से भारत ने 48.5 ओवर में 8 विकेट पर 248 रन बनाकर जीत दर्ज की। ये दोनों उस समय बल्लेबाजी के लिए आए जब भारत 12वें ओवर में 32 रन पर 4 विकेट गंवा चुका था। अंत में राज लिम्बानी (4 गेंद में नाबाद 13) ने चौका जड़कर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। द. अफ्रीका ने 23 वाइड सहित 27 अतिरिक्त रन देकर भारत की राह कुछ आसान की। द. अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाजों क्वेना मफाका (32 रन पर 3 विकेट) और ट्रिस्टन लूस (37 रन पर 3 विकेट) ने 3-3 विकेट लिए, लेकिन मेजबान टीम को फाइनल में जगह नहीं दिला सके। द. अफ्रीका ने इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हुआन-ड्रे प्रिटोरियस (102 गेंद में 76 रन) और रिचर्ड सेलेट्सवेन (100 गेंद में 64 रन) के अर्धशतक से 7 विकेट पर 244 रन बनाए। भारत से लिम्बानी ने 60 रन देकर 3 जबकि मुशीर खान ने 43 रन देकर 2 विकेट लिए।

भारत फाइनल में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12वें ओवर में 32 रन तक ही 4 विकेट गंवा दिए। गेंदबाज मफाका ने पारी की पहली की गेंद पर आदर्श सिंह को विकेटकीपर प्रिटोरियस के हाथों कैच कराया। टूर्नामेंट में दो शतक जड़ने वाले मुशीर (4) चौथे ओवर में लूस की गेंद पर दूसरी स्लिप में द. अफ्रीका के कप्तान युआन जेम्स को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (12) ने मफाका पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन 10वें ओवर में लूस की गेंद पर स्लिप में जेम्स को कैच दे बैठे। लूस ने अगले ओवर में प्रियांशु मोलिया (5) को भी विकेट के पीछे कैच कराके भारत को चौथा झटका दिया। कप्तान सहारन और धास ने इसके बाद पारी को संभाला। सहारन ने धीमी बल्लेबाजी की, लेकिन धास अच्छी लय में रहे। धास ने तेज गेंदबाज रिली नोर्टन की गेंद पर 5 चौके मारे। भारत के रनों का अर्धशतक 17वें ओवर में पूरा हुआ। धास ने स्टीव स्टॉक पर भी दो चौके मारे और सहारन के साथ मिलकर 25वें ओवर में स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। धास ने ओलिवर वाइटहेड पर दो चौकों के साथ 47 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सहारन ने 68 गेंद में सिर्फ 29 रन बनाए। उन्होंने जेम्स पर चौके से धास के साथ शतकीय साझेदारी पूरी कर 88 गेंद में अर्धशतक बनाया। धास ने 40वें ओवर में जेम्स पर छक्का जड़ा। भारत को अंतिम 10 ओवर में जीत के लिए 53 रन की जरूरत थी। सहारन ने नकोबानी मोकोएना पर चौके के साथ 41वें ओवर में भारत के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। मफाका ने धास को एक्सट्रा कवर पर डेविड टीगर के हाथों कैच करा दिया। अरावेली अवनीश (10) मफाका के अगले शिकार बने। मुरुगन अभिषेक (0) रन आउट हुए लेकिन लिम्बानी ने छक्का जड़ मैच का रुख मोड़ा। सहारन ने चौके के साथ टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया लेकिन जब जीत के लिए एक रन चाहिए था तो रन आउट हो गए। लिम्बानी ने हालांकि मोकोएना पर चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी।

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका	244/10 (50 ओवर)		
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
गिलबर्ट कैच अभिषेक बोल्ड मुशीर	76	102	6/3
स्टीव कैच अवनीश बोल्ड लिंबानी	14	17	2/1
डेविड टीगर बोल्ड लिंबानी	00	2	0/0
रिचर्ड कैच मोलिया बोल्ड तिवारी	64	100	4/2
ओलिवर कैच ढास बोल्ड मुशीर	22	34	4/0
डेवन मराय कैच अभिषेक बोल्ड सौमी	3	7	0/0
जेम्स कैच अवनीश बोल्ड लिंबानी	24	19	1/1
राइली नॉर्टन नाबाद	7	7	1/0
ट्रिस्टन लुस नाबाद	23	12	1/2

अतिरिक्त : 11 रन कुल 50 ओवर में सात विकेट पर 244 रन **विकेट पतन** : 1-23, 2-46, 3-118, 4-163, 5-174, 6-214, 7-220, **गेंदबाजी :** राज लिंबानी-9-0-60-3,नमन तिवारी-8-0-52-1, मुरुगन अभिषेक-4-0-14-0, अर्शीन कुलकर्णी-2-0-10-0, सौमी पांडे-10-0-38-1, मुशीर खान-10-1-43-2, प्रियांशु मोलिया-7-1-25-0

भारत	248/8 (48.5 ओवर)		
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
आदर्श कैच प्रीटोरियन बोल्ड मफाका	00	1	0/0
अर्शीन कैच जेम्स बोल्ड लुस	12	30	0/1
मुशीर खान कैच जेम्स बोल्ड लुस	4	12	0/0
उदय रन आउट व्हाइटहेड/मोकोएना	81	124	6/0
प्रियांशु कैच प्रीटोरियन बोल्ड लुस	5	10	1/0
सचिन ढास कैच टीगर बोल्ड मफाका	96	95	11/1
अवनीश कैच नॉर्टन बोल्ड मफाका	10	18	1/0
मुरुगन अभिषेक रन आउट मराय	00	1	0/0
राज लिंबानी नाबाद	13	4	1/1
नमन तिवारी नाबाद	0	0	0/0

अतिरिक्त : 27 रन कुल 48 .5 ओवर में आठ विकेट पर 248 रन, विकेट पतन : 1-0 , 2-8 , 3-25, 4-32, 5-203, 6-226, 7-227, 8-244, गेंदबाजी : वेना मफाका 10-0-32-3, ट्रिस्टन लुस 10-1-37-3, राइली नॉर्टन 9-0-53-0, कोबानी मोकोएना-7 .5-0-45-0, स्टीव स्टॉक-2-0-18-0, जुआन जेम्स-8-0-44-0 , ओलिवर व्हाइटहेड-2-0-17-0

जायसवाल और गिल के प्रदर्शन से टीम जीतने में सफल रही : जहीर

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में भारत की लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही। जायसवाल और गिल ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया वहीं बुमराह ने मैच में 9 विकेट लिए, जिससे भारत ने 106 रन से मैच जीतकर पांच मैचों की शृंखला में 1-1 की बराबर की। जहीर ने कहा कि जब आप टीम को देखते हैं तो कुछ चिंताएं होती हैं - बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत में इन परिस्थितियों में, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंची। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते हैं। हमने इस मैच में भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है लेकिन बल्लेबाजी में अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

न्यूजीलैंड ने ली द. अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी

पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की शृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था।

डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।

बॉलीवुड हलचल

शास्त्रीय संगीत सीख रहे आमिर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं , वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा,मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा ।अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं। एक फरवरी से मेरी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। आरपीएसजी समूह की कंपनी, भारत का प्रमुख म्यूज़िक लेबल, सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लांच किया। माही ने सॉरी गाना को न केवल लिखा है बल्कि अपनी भावपूर्ण आवाज भी दी है। यह गाना एक युवा लड़के द्वारा अपनी प्रेमिका से किए गए वादे को परिभाषित करता है जिसे उसने पूरा नहीं किया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने के लिए वह अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करता है। माही का पहला सिंगल 'सॉरी' अब सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ

'मलाईकोट्टई वालिबन' में अपने काम के लिए सराहना पाने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने मलयालम मेगास्टार की उदारता के बारे में एक घटना सुनाई। उसी पर विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मोहनलाल सर के साथ सहयोग करना सिनेमाई दुनिया का बेहतर अनुभव था। जैसलमेर में सेट पर पहली मुलाकात से ही उनके गर्मजोशी भरे स्वागत ने मेरे लिए एक असाधारण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर दी थी। अभिनेत्री ने कहा कि ठंडी रेगिस्तानी हवाओं के बीच अपने एक्शन सीक्वेंस शूट के दौरान उन्होंने मेरे आराम के प्रति चिंता जाहिर की, जो उनके उदारता और सौहार्द का प्रतीक थी। इस शूटिंग के दौरान मैंने प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रतिबद्धता देखी, हर एक्शन सीक्वेंस उनके स्थायी जुनून का प्रमाण था। उन्होंने न केवल मेरे काम को पहचाना बल्कि मेरे हालिया लोकप्रिय गीतों की बारीकियों के बारे में भीबात की। अभिनेत्री ने निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लिजो सिनेमाई ब्रह्मांड में अप्रत्याशित आदर्श बन गए हैं। उनके साथ काम करना एक उत्साहजनक अनुभव है, जो सहजता और आश्चर्य से भरा है। लिजो की दुनिया में मेरी यात्रा उसकी कहानियों में आए मोड़ों की तरह अप्रत्याशित रूप से शुरू हुई। मैंने कभी उनके निर्देशन में मलयालम फिल्म में काम करने की कल्पना नहीं की थी। यहां मैं एक ऐसा सपना जी रही हूं, जिसे मैंने कभी पूरा होते नहीं देखा था।

फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर संग काम करना शानदार: भक्ति

मुंबई, एजेंसी । अभिनेत्री भक्ति राठौड़ का कहना है कि फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। अनिल शर्मा निर्देशित -निर्मित, जर्नी में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, अश्विनी कालसेकर, राजपाल यादव जैसे कई कलाकार हैं ।इस फिल्म में भक्ति राठौड़ ने नाना पाटेकर की सबसे बड़ी बहू मंजरी का किरदार निभाया है। फिल्म का पहला शेड्यूल बनारस के हर में शूट किया गया था, और अब, टीम दूसरा शेड्यूल हिमाचल प्रदेश में कर रही है। नाना पाटेकर के साथ काम करने को लेकर भक्ति राठौड़ ने कहा,नाना सर के साथ काम करना बहुत स्वाभाविक लगता है। उनके साथ दृश्य करना बहुत आसान है। वास्तव में, शूटिंग के पहले दिन के भीतर ही हम एक परिवार बन गए। हम ऑफ-स्क्रीन एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कैमरे पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री बनती है।

राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज हो गया है। हवेली पा गाना एसआर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। यह गाना राकेश मिश्रा और शिल्पी राज ने गाया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना धांसू है। इस गाने को हमने बड़े लेवल से बनाया है। शिल्पी राज के साथ कोई भी प्रोजेक्ट करने में बेहद मजा आता है . गाने में मजेदार डांस भी है। उम्मीद करते हैं कि यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाली है। हम भोजपुरी दर्शकों से अपील कर रहे हैं कि आप सभी इस गाने को खूब बड़ा बनाये। गाना हवेली पा के म्यूजिक वीडियो में पूजा ठाकुर के साथ राकेश मिश्रा हैं। इस गाने के गीतकार दीपक ब्याहुत और खबरी लाल गुप्ता हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय और डीआई हमिंग बर्ड वीएफएक्स है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

बेहद नाजुक है अभी चंद्रमा की धरती

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: चंद्रमा की भूगर्भीय स्थिति बेहद नाजुक है। भूकंप से इसकी धरती कांपती रहती है और इसका सिकुड़ना भी जारी है। दक्षिणी ध्रुव कहीं उथला है और कुछ हिस्सा फिसलनभरा है। नासा के आर्टेमिस मैन मून मिशन अभियान को लेकर किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आगामी वर्षों में इंसान के एक दल को चन्द्रमा पर भेजने जा रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। जिस स्थान पर दल को उतारा जाना है, नासा उस जगह का चयन भी कर चुका है। लैंडिंग स्थलों की अधिक जानकारी को लेकर हाल में किए शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं। शोध में दावा किया है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है। इसके दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा के भूकंप उत्पन्न हो रहे हैं। चंद्रमा के इसी स्थान पर नासा अपने मानव दल को भेजने की योजना बना रहा था। अध्ययन में कहा गया है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण सिकुड़ रहा है। भूगर्भीय हलचल के कारण भूकंप आ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ दोष उस हिस्से में पाए गए हैं, जहां आर्टेमिस का मानव यान लैंड करने जा रहा है। इस शोध के बाद नासा ने लैंडिंग का स्थान बदलना पड़ सकता है। बहरहाल इस संदर्भ में नासा ने अभी कोई टिप्पणी नही की है। मगर इतना तो तय है कि शोध के अनुसार इस जमीन पर इंसानो को उतारना सुरक्षित नही हो सकता।

चंद्रमा के सिकुड़ती सतह की तस्वीर।

चंद्रमा के गर्भ में झांकने की क्षमता रखता है चंद्र टोही ऑर्बिटर

नैनीताल: नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) के जरिये चंद्रमा की धरती की तमाम जानकारी मिल पाई है। यह ऑर्बिटर चाँद के थ्रस्ट दोष, भू-आकृतियों, संकुचन बल परत, भ्रंश आदि को देख सकता है। नया शोध वाशिंगटन, डी.सी. में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के टॉम वॉटर्स, पीयर-रिव्यूड प्लेनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

पासपोर्ट धोखाधड़ी के लिए भारतीय अमेरिकी को ठहराया दोषी

वाशिंगटन। अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज दाखिल करने और झूठ बोलने के लिए एक भारतीय अमेरिकी को दोषी पाया गया है। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन ने इस बात की जानकारी दी।

होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टीगेशन्स (एचएसआई) द्वारा जांच के बाद फ्लोरिडा में रह रहे जयप्रकाश गुलवाडी (51) को गैर कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने, नागरिकता के सबूतों का दुरुपयोग करने, पासपोर्ट के आवेदन में झूठा बयान देने और झूठा बयान देकर बनवाए गये पासपोर्ट का इस्तेमाल करने का दोषी पाया गया है। गुलवाडी को अधिकतम 10 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है।

50 दिनों में श्रीलंका पुलिस ने 56,000 संदिग्ध किए गिरफ्तार

कोलम्बो। श्रीलंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़ रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।

सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के अधिकारी का सम्मान

सिंगापुर। सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है।

हरेश चंद्रन को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह में 2023 के लिए 'सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया।

एक नजर

कजाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने ओल्जास बेक्टेनोव

अस्ताना। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम–जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को कजाकिस्तान गणराज्य में ओल्जास बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, जो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में कार्य करते थे। टोकायेव ने कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन माजलिस के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की। टोकायेव ने बाद में बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। गौरतलब है कि कजाकिस्तान की सरकार ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

चिली: जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 122 हुई

सैंटियागो। चिली के मध्य क्षेत्र वालपराइसो के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। चिली सरकार ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश की फोरेंसिक एजेंसी लीगल मेडिकल सर्विस के अनुसार 122 मृतकों में से केवल 32 की ही पहचान हो पाई है और 40 शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। वालपराइसो क्षेत्र में लगी आग से 11 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई है और छह हजार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, जंगल में लगी आग के कारणों की जांच जारी है।

श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री ने इस्तीफा दिया

कोलंबो। श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री केहेलिया रामबुकवेला ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। रामबुकवेला को स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विवादास्पद मानव इम्युनोग्लोबुलिन खरीद घोटाले को लेकर कुछ ही दिन पहले गिरफ्तारी किया गया था। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा 10 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद 2 जनवरी को रामबुकवेला को गिरफ्तार किया गया था। रामबुकवेला ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा पत्र भेजा था। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि इस्तीफा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार कर लिया गया था और इसे सरकारी गजट के माध्यम से प्रकाशन के लिए निर्देशित किया गया है। उसने कहा कि हिरासत में लिये जाने के बाद मंत्री को बीमार होने के कारण जेल अस्पताल में ले जाया गया था।

ईरान में बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन ठहर सकें गे भारतीय

नई दिल्ली। ईरान ने मंगलवार को पर्यटन के लिए हवाई मार्ग से देश में प्रवेश करने वाले भारतीयों के लिए अधिकतम 15 दिन के वीजा मुक्त प्रवास कार्यक्रम की घोषणा की। ईरानी दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए चार फरवरी से चार शर्तों के तहत वीजा–मुक्त प्रवेश सुविधा शुरू कर दी गई है। दिसंबर में ईरान ने भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और मलेशिया समेत 32 अन्य देशों के लिए एक नए वीजा–मुक्त कार्यक्रम को मंजूरी दी। ईरान की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि साधारण पासपोर्ट धारक व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन के लिए देश में ठहरने की अनुमति दी जाएगी। बयान में कहा गया है यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 15 दिन की अवधि को बढ़ाया नहीं जा सकता।

दक्षिण अफ्रीका में हैजा के 46 मामले

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में एक जनवरी से एक फरवरी के बीच हैजा के 46 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने मंगलवार को बताया कि पांच मामले प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए हैं और इनमें से तीन मामले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे से आए हैं, जो वर्तमान में डायरिया बीमारी के प्रकोप से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पुष्टि किए गए मामलों में से चार लिम्पोपो प्रांत में पाए गए, और दूसरे की पुष्टि गौतेंग प्रांत में हुई। हैजा संक्रमण के प्रसारण को रोकने के लिए नियंत्रण उपायों को स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रकोप प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय किया गया है।

इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए ब्लिंकन ने की मिस्र के नेताओं से मुलाकात

बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

काहिरा, एजेंसी

मिस्र के नेताओं और अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा में मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियों से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इजराइल ने संकेत दिए हैं कि गाजा में जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद में विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर में शरण ले रखी है और वे दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र में दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे हैं कि कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नहीं हैं

फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

बर्लिन। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि फिलिस्तीनियों के साथ दो–राज्य समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। स्कोल्ज ने कहा कि सरकार केवल बातचीत के जरिए दो–राज्य समाधान से ही मध्य पूर्व संघर्ष के स्थायी समाधान की संभावना खुलेगी। यह गाजा और वेस्ट बैंक दोनों पर लागू होना चाहिए। रूस की ओर से बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बात की।

द. लेबनान में हवाई हमला, तीन की मौत, दो घायल

बेरूत। इजराइली युद्धक विमान ने सोमवार को अपराह्न में दक्षिणी लेबनान के एक गांव में एक घर पर बमबारी की, जिसमें लेबनान के शिया अमल आंदोलन के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी चिकित्सा एवं सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सिविल डिफेंस एवं मुस्लिम स्काउट एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले ने बेयट लिफ गांव को निशाना बनाया। हमले के बाद राहत एवं बचावकर्मी और एम्बुलेंस मलबे को हटाने और हताहतों को नजदीकी अस्पताल में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि अल–जिबिन के एक अन्य गांव को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में छर्रे लगने से दो एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर 14 हवाई हमले किए और क्षेत्र के 18 कस्बों और गांवों पर लगभग 100 गोले दागे। उल्लेखनीय है कि लेबनान–इजराइल सीमा पर गत आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ गया है।

अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हमला

सना। अमेरिका–ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल–मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर–चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती–नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं।

पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमला, तीन बच्चे घायल

क्वेटा, एजेंसी

बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए।

डॉन समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ। रक्सान डिवीजन के खारन इलाके में तीन विस्फोट हुए जहां अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्कूल भवनों को निशाना बनाया। ग्रेनेड हमलों में स्कूल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

खैबर पख्तूनख्वा में मार गिराए दो आतंकवादी

उत्तरी वजीरिस्तान। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान अयूबुल्लाह मंसूर के रूप में की गई है। पाकिस्तानी सेना ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। आतंकवादियों और सेना के बीच यह मुठभेड़ डेरा इस्माइल खान के एक पुलिस थाने पर आतंकवादी हमले में 10 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने और अन्य छह के घायल होने के एक दिन बाद हुई।

पाकिस्तानी ने अरब सागर में फंसे भारतीय नागरिकों को दी मदद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचाई। पाकिस्तानी सेना द्वारा हा गया कि भारतीय जहाज सैस फाइव से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

लाहौर, एजेंसी

पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह 'बल्ला' वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था,

पुलिस की निगरानी में आगामी आम चुनाव के लिए मतपेटियों को तैयार करते लोग। ● एजेंसी

जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।

यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री को किया बर्खास्त

सना। यमन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया है सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है।

परिषद ने एक आदेश में विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले बिन मुबारक ने मईन अब्दुलमलिक सईद का स्थान लिया है जो 2018 से यमन के प्रधानमंत्री थे। परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बताई है।

किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित

लंदन। ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के ने कहा कि किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा।

रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने का कामना करते हुए रेत की मूर्ति बनाई (ऊपर)। वहीं मुंबई में एक कलाकार ने किंग चार्ल्स की पेंटिंग में यही दुआ मांगी।

ट्रंप को चुनाव हस्तक्षेप मामले में अभियोजन से छूट नहीं: अदालत

वाशिंगटन। अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोपों में मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है और पूर्व राष्ट्रपति का यह दावा स्वीकार करने योग्य नहीं है कि उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है।

यह निर्णय कुछ महीनों में दूसरी बार है जब न्यायाधीशों ने ट्रंप की छूट संबंधी दलीलों को खारिज कर दिया है। लेकिन अभी पूर्व राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त अपील का अवसर खुला है जो अमेरिकी उच्चतम न्यायालय तक पहुंच सकते हैं। मुकदमा मूल रूप से मार्च के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे पिछले सप्ताह स्थगित कर दिया गया और न्यायाधीश ने तुरंत कोई नई तारीख निर्धारित नहीं की।

...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा

ये तो आपने सुना ही होगा कि कई लोगों ने चांद पर जमीन खरीद रखी है। लेकिन क्या आपको पता है चांद पर जमीन के क्या रेट हैं। अगर हम आपको चांद पर जमीन के रेट बता देंगे तो शायद आपको यकीन नहीं होगा। बता दें कि चांद पर 1 एकड़ जमीन का रेट मात्र 3000 रुपये है। अब आप सोच रहे होंगे ये जमीन आखिर इतनी सस्ती क्यों है। चलिए हम आपको इसके बारे में डिटेल में बताते हैं। अक्सर इस बात को सुनने को मिलता है कि अमुक आदमी ने चांद पर जमीन खरीदी है। कभी सुपरस्टार अभिनेता शाहरूख खान का नाम, तो कभी सुशांत सिंह राजपूत का नाम चांद पर जमीन खरीदने वालों की लिस्ट में सुनने को मिलता है। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2018 में चांद पर जमीन खरीदी थी। वहीं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को उनके एक फैन ने चांद पर जमीन तोहफे में दी थी।

कैसे खरीदें चांद पर जमीन

रिपोर्ट के मुताबिक लूना सोसाइटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनार लैंड्स रजिस्ट्री ऐसी कंपनी है जो चांद पर जमीन बेचने का दावा करती है। इन कंपनियों के द्वारा 2002 में ही हैदराबाद के राजीव बागड़ी और 2006 बेंगलुरू के ललित मोहता ने भी चांद पर प्लॉट खरीदा था। इन लोगों का मानना है की चांद पर आज नहीं तो कल जीवन तो बसना ही है। सुशांत ने चांद पर जमीन इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनकी यह जमीन चांद के 'सी ऑफ मसकोवी' में है।



कितनी है कीमत

लूनर रजिस्ट्री डॉट कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37 ।50 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3112 ।52 रुपये है। कम कीमत होने के कारण लोग भावनाओं में बहकर रजिस्ट्री कराने के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। जब जमीन की कीमत तय है तो सवाल ये भी उठता है कि आखिर चांद का मालिक कौन है? आउटर स्पेस ट्रीटी 1967 के मुताबिक, अंतरिक्ष के किसी भी ग्रह या फिर चांद पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। चांद पर बेशक किसी भी देश का झंडा लगा हो, लेकिन चांद का मालिक कोई नहीं।

चांद पर जमीन की बिक्री कानूनी या गैरकानूनी?

इस बारे में इंटरनेशनल संगठनों का मानना है कि चांद की जमीन पर कानूनी तौर पर किसी का मालिकाना हक नहीं माना जा सकता, क्योंकि पृथ्वी से बाहर की दुनिया पूरी मानव जाति की धरोहर है। इस पर किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक स्पेस में किसी भी ग्रह या उनके उपग्रहों पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। भारत समेत 110 देशों ने इस पर साइन किए हैं। बिना किसी अधिकार के लिए कंपनियां चांद पर जमीन की रजिस्ट्री करने का दावा करती हैं। यह एक तरह से गोरखधंधा है।

सूडान के पास सांप्रदायिक झड़प में 23 लोगों की मौत

जुबा। दक्षिण सूडान के पास विवादित अबयेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और न्गोक दिन्का के बीच नए सिरे से हुई सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सप्ताहांत में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के क्षेत्रों पर हमला किया। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सशस्त्र हमलावरों ने तीन और चार फरवरी को मालुअल अलेउ, बैंटन, अबाथोक, मजबोंग, अवल और रूमामियर के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों पर हमला किया और इस दौरान रॉकेट, हथगोले और मोर्टार जैसे भारी हथियारों का उपयोग किया गया।